WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/ बिजनेस

बिलासपुर, गुरुवार, 11 दिसंबर 2025 शुक्ल पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 231 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए बिलासपुर, रायपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

साय कैबिनेट: सरेंडर नक्सलियों का केस वापस लेगी छत्तीसगढ़ सरकार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार सरेंडर नक्सलियों का केस वापस लेगी। साय कैबिनेट की मीटिंग में बुधवार को मंजूरी मिली है। इसके लिए कैबिनेट सब कमेटी और जिला स्तरीय कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया है। अच्छे व्यवहार और नक्सल हिंसा छोड़ने वाले लोगों को राहत दी जाएगी। इसके साथ ही कानूनों को और सरल बनाने के लिए जन विश्वास विधेयक-2025 के दूसरे संस्करण को भी मंजूरी मिली। इसके तहत 11 विभागों के 14 अधिनियमों के 116 प्रावधानों में बदलाव करके छोटे उल्लंघनों पर प्रशासनिक सजा और तेज निपटारे की व्यवस्था की जाएगी।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने के लिए इसे सरलीकरण किया जाएगा। साथ ही प्रथम अनुपूरक अनुमान 2025-26 के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक को भी स्वीकृति दी गई।छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां जन विश्वास विधेयक का द्वितीय संस्करण लाया जा रहा है।

कैसे काम करेगी जिला-स्तरीय समिति

साय कैबिनेट की बैठक में मंजूरी मिली

सरेंडर करने वाले नक्सलियों के खिलाफ केस वापस लेने की प्रक्रिया की देखरेख के लिए एक जिला-स्तरीय समिति बनाई जाएगी। यह समिति सरेंडर करने वाले नक्सली के खिलाफ आपराधिक मामलों को वापस लेने के संबंध में पुलिस मुख्यालय को एक रिपोर्ट सौंपेगी। पुलिस मुख्यालय अपनी सिफारिशों के साथ प्रस्ताव आगे बढ़ाएगा। कानून विभाग की राय लेने के बाद, सरकार मामलों को कैबिनेट उप-समिति के सामने पेश करेगी। उप-समिति के सुझाए गए मामलों को अंतिम मंजूरी के लिए कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। केंद्रीय कानूनों या केंद्र सरकार से संबंधित मामलों के लिए भारत सरकार से जरूरी अनुमति ली जाएगी। अन्य मामलों को अदालत में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

साय कैबिनेट के बड़े फैसले

1. आत्मसमर्पित नक्सली केस

- केस वापसी प्रक्रिया मंजूर
- जिला स्तर पर कमेटी बनेगी
- समीक्षा के बाद कैबिनेट अनुमोदन
- अच्छे आचरण पर केस हटेंगे

2. कानूनों में संशोधन

- 14 अधिनियमों में बदलाव का प्रस्ताव
- कानूनों को सरल और नागरिक-फ्रेंडली बनाना
- एक्ट्स में जुर्माना/सजा की जगह प्रशासनिक दंड
- कानूनों में संशोधन से न्यायालयों पर बोझ कम होगा
- छोटे उल्लंघन का तुरंत निपटारा
- ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा

3. बजट संबंधित निर्णय

- विनियोग विधेयक 2025 पास
- 2025-26 अनुपूरक अनुमान पेश होगा

आज बेबाक

जो हमको हो पसंद वहीं बात करेंगे। एसआईआर पर संसद में चुनाव सुधार के नाम पर चर्चा होना ठीक है जिसमें जवाब देने चुनाव आयोग उपस्थित नहीं हो सकता। वंदे मातरम् पर चर्चा हो तो यह सदन के समय की बर्बादी है। गजब का विपक्ष है जो खुद हंगामा कर संसद का बेशकीमती समय नष्ट करता है और उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत को चरितार्थ करता है। बहरहाल सरकार को चाहिए कि वह राष्ट्रगान की तरह राष्ट्रगीत वंदेमातरम् को संसद से लेकर शिक्षण संस्थाओं तक सभी जगह अनिवार्य करें। तभी संसद में इस पर चर्चा सार्थक सिद्ध होगी।

राज्य की 2 महिलाओं को कांग्रेस में राष्ट्रीय-नेतृत्व का मौका

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय कांग्रेस ने ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर्स की लिस्ट जारी की है, जिसमें छत्तीसगढ़ के दो चेहरों को मौका मिला है। 26 कोऑर्डिनेटर्स की लिस्ट में छत्तीसगढ़ से दो आदिवासी महिला नेताओं को भी जगह मिली है, जिसमें जशपुर की अशिका कुजूर और मरवाही की अर्चना पोर्ते शामिल हैं। कुछ ही दिन पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पूर्व प्रभारी महामंत्री गिरीश देवांगन को एआईसीसी के ओबीसी विभाग का राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया था। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के दो और नेताओं त्रिलोक चंद्र श्रीवास और लेखराम साहू को भी ओबीसी विभाग में नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया गया था।

अमेरिका ने जनवरी से अब तक 85,000 वीज़ा रद्द किये

वाशिंगटन, (वार्ता)। अमेरिकी विदेश विभाग ने घोषणा की है कि जनवरी से अब तक 85,000 वीज़ा रद्द किए गए हैं, जो आव्रजन और सीमा सुरक्षा पर ट्रम्प प्रशासन के रुख एवं रवैये को रेखांकित करता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, जनवरी से अब तक 85,000 वीज़ा रद्द किए गए हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प और विदेश मंत्री मार्को रूबियो एक साधारण जनादेश का पालन कर रहे हैं और वे इस प्रक्रिया को जल्द रोकने वाले नहीं हैं। इस पोस्ट के साथ ही 'मेक अमेरिका सेफ़अगेन' नारे वाले पोस्टर लगाये गये।

भारत का न्यूक्लियर एनर्जी उत्पादन ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत के न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक के सबसे अधिक 56,681 मिलियन यूनिट्स इलेक्ट्रिसिटी का उत्पादन किया है। इससे 49 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिली है। यह जानकारी परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा साल के अंत में जारी किए जाने वाले रिव्यू में दी गई। सरकार ने कहा कि अब तक एक वर्ष से अधिक समय तक निरंतर संचालन का रिकॉर्ड 53 बार दर्ज किया गया है, जिसमें तारापुर परमाणु ऊर्जा स्टेशन (टीएपीएस) ने अपने पिछले रिकॉर्ड 521 दिनों को पार कर लिया है और कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र एक वर्ष से अधिक समय से संचालित हो रहा है।

शीतकालीन सत्र में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान वार पर पलटवार

लोकसभा में एसआईआर पर घमासान

शाह- कांग्रेस ने एसआईआर पर झूठ फैलाया, सभी सवालों का दूंगा जवाब

■ **घुसपैठिए तय नहीं करेंगे कौन सीएम-पीएम बनेगा**

नई दिल्ली। शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई। सरकार की ओर से गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चा में भाग लिया। अमित शाह ने कहा कि एसआईआर पर चर्चा नहीं हो सकती है, क्योंकि चुनाव आयोग सरकार के अधीन काम नहीं करता, वह एक स्वतंत्र संस्था है। कांग्रेस एसआईआर को लेकर झूठ फैला रही है। कांग्रेस की ओर से जो झूठ फैलाया गया है, मैं उसका जवाब दूंगा।

वोटर लिस्ट गलत तो चुनाव कैसे सही होंगे: अमित शाह ने कहा, 2004 के बाद अब 2025 में एसआईआर हो रहा है। इस बार हम हैं। अब तक 2004 तक किसी भी दल ने विरोध नहीं किया था। अगर लोकतंत्र में चुनाव जिस आधार पर होते हैं, अब वो वोटर लिस्ट ही गलत है तो चुनाव कैसे सही हो सकते हैं। समय-समय पर इसका एसआईआर जरूरी है। इसलिए चुनाव आयोग ने यह तय किया कि एसआईआर हो। अमित शाह ने कहा कि 1995 में एक जजमेंट आया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जहां मतदाता का नाम दर्ज किया जाना है। वहां रिटर्निंग ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल ने शाह को भाषण के बीच दिया एसआईआर पर चर्चा का चैलेंज

शाह और राहुल के बीच तीखी बहस

अमित शाह: विपक्ष के नेता (राहुल गांधी) की तीनों प्रेस कॉन्फ्रेंस का जवाब दूंगा। एक सादी वाली, एक एटम बम वाली और एक हाइड्रोजन बम वाली। हर सवाल का जवाब दूंगा। राहुल गांधी ने उन्हें बीच में टोका।

राहुल बोले: शाह जी मैं आपको चैलेंज करता हूं। आप मेरी वोट चोरी की तीनों प्रेस कॉन्फ्रेंस पर चर्चा करें।

अमित शाह: 30 साल से संसद या विधानसभा में चुनकर आ रहा हूं। ऐसा कभी नहीं हुआ। मेरे बोलने का क्रम मैं तय करूंगा। आप नहीं।

राहुल ने कहा: शाह जी का रिस्पांस पूरी तरह से घबराया हुआ है। डरा हुआ रिस्पांस है।

इस पर शाह बोले: मैं उनके उकसावे पर नहीं आऊंगा। विषय पर बोलूंगा। मेरे भाषण में पहले-बाद में जो बोलना है मैं तय करूंगा। हमने तो नहीं कहा कि नेता विपक्ष झूठा बोल रहे हैं।

गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को चुनाव सुधार पर कहा कि भाजपा के लोग चर्चा से नहीं भागते। विपक्ष एसआईआर पर विपक्ष झूठ फैला रहा है। देश की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। शाह ने कहा कि विपक्ष का काम हमको करना पड़ रहा है। चुनाव सुधार की जगह विपक्ष ने ज्यादातार बातें एसआईआर पर कीं। जैसी चर्चा की, अब मैं उस पर जवाब दे रहा हूं। एसआईआर पर विपक्ष ने 4 महीने से एक तरफा झूठ फैलाया। उन्होंने कहा कि एसआईआर 3 बार नेहरू, 1-1 बार इंदिरा-अटल के कार्यकाल में हुआ। तब किसी दल ने विरोध नहीं किया।

मुख्य न्यायाधीश को चुनाव आयोग चयन समिति से हटाने की वजह बताएं: कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार बताये कि उसने चुनाव आयोग के चयन समिति से किस कारण मुख्य न्यायाधीश को हटाने का निर्णय लिया है। श्री गांधी कहा कि चुनाव आयोग के चयन निष्पक्ष चयन के लिए गठित समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा मुख्य न्यायाधीश होते हैं लेकिन सरकार ने समिति से मुख्य न्यायाधीश को हटाकर एक कैबिनेट मंत्री को रखने का फैसला ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हमारे संविधान की दृष्टि में निहित हैं मानवाधिकार: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को यहां कहा कि मानवाधिकार हमारे संविधान की दृष्टि में निहित हैं और भारत ने मानवाधिकारों के वैश्विक ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्रीमति मुर्मू ने यह बात राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) द्वारा आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह को संबोधित करते हुये कही।

उन्होंने कहा कि मानवाधिकार दिवस हमें यह याद दिलाने का अवसर है कि सार्वभौमिक मानवाधिकार अविभाज्य हैं और वह एक न्यायपूर्ण, समान और दयालु समाज की नींव तैयार करते हैं। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने मानव गरिमा, समानता और न्याय पर आधारित दुनिया की कल्पना की थी। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार सामाजिक लोकतंत्र को बढ़ावा देने के साथ बिना किसी डर के जीने का अधिकार, बिना किसी बाधा के सीखने का अधिकार, बिना किसी शोषण के काम करने का अधिकार और गरिमा के साथ वृद्धावस्था बिताने का अधिकार प्रदान करता है। श्रीमती मुर्मू ने कहा, 'हमने दुनिया को याद दिलाया है कि मानवाधिकारों को विकास से अलग नहीं किया जा सकता। साथ ही, भारत ने हमेशा इस शाश्वत सत्य का पालन किया है: न्याय के बिना शांति नहीं है और शांति के बिना न्याय नहीं है।'

भारत में स्टार्टअप्स 2.01 लाख के पार, 21 लाख से ज्यादा रोजगार

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत में स्टार्टअप्स की संख्या लगातार बढ़ रही है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के अनुसार, स्टार्टअप इंडिया स्कीम के तहत अब देश में 2,01,335 स्टार्टअप्स रजिस्टर्ड हो चुके हैं। इन स्टार्टअप्स ने देश भर में 21 लाख से ज्यादा नौकरियां पैदा की हैं, जिससे लाखों युवाओं को रोजगार मिला है। ये जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी एक वार्षिक रिपोर्ट से सामने आई है। मंत्रालय ने रिपोर्ट में बताया कि भारत के स्टार्टअप जगत में महिलाओं की बड़ी भूमिका रही है। भारत के तकरीबन आधे (48 प्रतिशत से अधिक) स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला डायरेक्टर है।

इससे स्पष्ट है कि महिलाएं भी बिजनेस में आगे बढ़ रही हैं और देश के स्टार्टअप जगत को मजबूत बना रही हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले दस वर्षों में भारतीय लोगों द्वारा किए गए पेटेंट आवेदन में 425 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही दुनिया में इनोवेशन के आधार पर बनने वाली रैंकिंग, ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत की रैंक बढ़कर 38 हो गई है, जो अपनेआप में एक बड़ी उपलब्धि है।

3.26 करोड़ से ज्यादा ऑर्डर

रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ओएनडीसी भी तेजी से बढ़ रहा है। इसका उद्देश्य है कि ऑनलाइन खरीदारी (ई-कॉमर्स) हर किसी के लिए आसान और सुलभ बने। अक्टूबर 2025 तक ओएनडीसी पर 3.26 करोड़ से ज्यादा ऑर्डर पूरे किए जा चुके हैं।

दिवाली को यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया

नई दिल्ली। यूनेस्को ने दिवाली को अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया। यूनेस्को ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन की इंटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज यानी अमूर्त विश्व धरोहर की सूची जारी की। इसमें घाना, जॉर्जिया, कांगो, इथियोपिया और मिस्त्र सहित कई देशों के सांस्कृतिक प्रतीक भी शामिल हैं। इस पर पीएम मोदी ने कहा, 'दिवाली हमारी सभ्यता की आत्मा है।' भारत की 15 अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में शामिल हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छाऊ नृत्य भी शामिल हैं। ये फैसला उस समय आया है, जब दिल्ली में यूनेस्को की इंटर-गवर्नमेंटल कमेटी फॉर इंटैन्जिबल हेरिटेज की 20वीं बैठक की मेजबानी कर रही है। यह 8 से 13 दिसंबर तक चलेगी।

बड़ी सफलता: गढ़चिरौली में 11 नक्सलियों ने किया समर्पण

■ **इन पर था 82 लाख रुपये का ईनाम**

पखांजूर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान चलाए जाने के बाद नक्सलियों का आत्मसमर्पण जारी है। बुधवार को गढ़चिरौली मे ग्यारह नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों पर कुल 82 लाख रूपये का ईनाम था। इन सभी ने डीजी रश्मि शुक्ला के समक्ष आत्मसमर्पण किया। समर्पण के दौरान चार हथियार भी साथ लाये और गढ़चिरौली पुलिस के समक्ष समर्पण किया। ये सभी लंबे समय से छत्तीसगढ़ - महाराष्ट्र सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय रहे।

कांकेर में चार नक्सलियों ने किया सरेंडर: वहीं कांकेर जिले में नक्सल मोर्चे पर पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। मदनवाड़ा हमले में शामिल रही महिला नक्सली समेत 4 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है। वर्ष 2009 में हुए मदनवाड़ा हमले ने पूरे देश को हिला दिया था। जिसमें राजनांदगांव जिले के एसपी विनोद चौबे समेत 29 जवान शहीद हो गए थे।

माइक्रोसॉफ्ट के साथ केंद्र की बड़ी पहल

नई दिल्ली (आईएएनएस)। ग्लोबल सॉफ्टवेयर दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने भारत सरकार के साथ मिलकर एक बड़ी पहल की है। माइक्रोसॉफ्ट ने बुधवार को बताया कि वह श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के साथ मिलकर सरकारी रोजगार प्लेटफॉर्म्स पर एआई-संचालित चैटबॉट्स शुरू करेगा, जो कामगारों को जरूरी जानकारी प्रदान करेगा और प्रक्रियाओं को आसानी बनाएगा। इसके साथ ही सॉफ्टवेयर दिग्गज अपनी 15,000 से ज्यादा कंपनियों और पार्टनर्स को भारत के नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) प्लेटफॉर्म से जोड़ने में भी मदद करेगा। इससे देश के लोगों को ज्यादा नौकरी के अवसर मिल सकेंगे। यह सहयोग रोजगार के अवसरों को बढ़ाने, एआई आधारित स्किलिंग ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

फटकार

4 हजार का टिकट 30 हजार तक कैसे पहुंचा, आपने ही ऐसे हालात बनने दिए

हाईकोर्ट बोला-इंडिगो फेल हुई तो सरकार ने क्या किया?

■ **नागरिक उड्डयन मंत्री ने मंगलवार को दिल्ली में इंडिगो मैनेजमेंट के साथ बैठक**

नई दिल्ली। इंडिगो संकट पर दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को फटकार लगाई। अदालत ने पूछा कि जब एयरलाइन फेल हो गई थी, तब सरकार ने क्या किया। कैसे फ्लाइट्स की टिकट की कीमतें 4-5 हजार रुपए से बढ़कर 30,000 रुपए तक कैसे पहुंच गईं।

अन्य एयरलाइंस ने इसका फायदा कैसे उठाया। आपने क्या कार्रवाई की? आपने ही स्थिति को इस हाल तक पहुंचने दिया। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेदेला की डिविजन बेंच जनहित याचिका की सुनवाई कर रही थी। इसमें मांग की गई थी कि इंडिगो संकट की स्वतंत्र न्यायिक जांच की जाए और जिन लोगों की फ्लाइट रद्द हुई या जो एयरपोर्ट पर फंसे उन्हें मुआवजा दिया जाए। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ व्यक्तिगत यात्रियों का मामला नहीं है, बल्कि इससे आर्थिक नुकसान भी हुआ है। सरकार को सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा न पैदा हो।

सरकारी बोली- डीजीसीए की भी जांच होगी

इंडिगो संकट को लेकर अब डीजीसीए (नागरिक उड्डयन नियामक) भी केंद्र सरकार की जांच के रडार पर है। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने एक इंटरव्यू में कहा कि इंडिगो की गड़बड़ी पर सिर्फ एयरलाइन ही नहीं, बल्कि डीजीसीए के कामकाज की भी जांच होगी। मंत्री ने यात्रियों को हुई परेशानी के लिए माफी मांगी और कहा कि जिम्मेदार लोगों पर कड़ी और उचित कार्रवाई की जाएगी।

'ऑपरेशन सिंदूर' संतुलित और सटीक प्रतिक्रिया का प्रभावशाली उदाहरण

नई दिल्ली (आईएएनएस)। थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता की सराहना की है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' को भारत की संतुलित, सटीक और दृढ़ प्रतिक्रिया प्रणाली का एक प्रभावशाली उदाहरण बताया, जिसने देश की सैन्य तत्परता और संकल्प को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया।

जनरल द्विवेदी ने यह भी स्पष्ट किया कि इंफॉरमेशन युद्ध, साइबर और अंतरिक्ष जैसे नए डोमेन आधुनिक युद्धक्षेत्र को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना तेजी से भविष्य के लिए तैयार (फ्यूचर रेडी) बल में परिवर्तित हो रही है। उन्होंने जोर दिया कि तकनीक के माध्यम से मानव संसाधन का सशक्तिकरण, सुव्यवस्थित क्षमता संवर्धन और संगठनात्मक पुनर्संरचना की जा रही है। इससे सेना को फ्यूचर रेडी बनने में सहायता मिलती है। सेना प्रमुख ने बुधवार को इन्फैंट्री स्कूल में यह जानकारी दी। दरअसल मध्य प्रदेश के महू स्थित इन्फैंट्री स्कूल में 38वां इन्फैंट्री कमांडर्स' कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया।

नव प्रदेश
छत्तीसगढ़

दूषित जल नियंत्रण के लिए जिला स्तर हुआ मैजिक पिट

एमसीबी/नवप्रदेश। जिले में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्रे वाटर प्रबंधन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय तकनीकी कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत संसाधन केंद्र अमृतधारा लाई में किया गया। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के दिशा-निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में ग्राम पंचायत और सामुदायिक स्तर पर घरेलू गंदे पानी के वैज्ञानिक प्रबंधन को लेकर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

ग्रे वाटर, ब्लैक वाटर और येलो वाटर की दी गई विस्तृत जानकारी

सिल्ट चेंबर और लीच पिट पर दी गई विस्तृत जानकारी

राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के राज्य सलाहकार रूपेश राठौर ने कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को दूषित जल के प्रकारों को ग्रे वाटर, ब्लैक वाटर, येलो वाटर और कमर्शियल वेस्ट वॉटर की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति द्वारा रोजाना उपयोग किए जाने वाले पानी में से लगभग 70 से 80 प्रतिशत पानी दूषित जल के रूप में बेकार बहाया जा रहा है, जिसे उचित तकनीकों से पुनरू उपयोग में लाया जा सकता है।

डीएसपी कल्पना वर्मा पर 'लव ट्रैप' का आरोप

■ कारोबारी ने 'आशिकी' में लुटाये डायमंड रिंग समेत दो करोड़ रुपये

रायपुर/नवप्रदेश। एक कारोबारी ने छत्तीसगढ़ पुलिस की डीएसपी कल्पना वर्मा पर 'लव ट्रैप' का गंभीर आरोप लगाया है। कारोबारी का आरोप है कि महिला डीएसपी को उसने करीब दो करोड़ रुपए दिए हैं। इसके अलावा डायमंड रिंग, सोने की चेन और एक गाड़ी भी दिए हैं। उनका आरोप है कि उसने एक होटल की रजिस्ट्री भी कल्पना वर्मा के भाई के नाम पर किया है। व्यापारी दीपक टंडन और उनकी पत्नी ने इस संबंध में रायपुर के खम्हारडीह थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इधर, डीएसपी के भाई ने भी व्यापारी के खिलाफ खम्हारडीह थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस दोनों तरफ से की गई इस शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, इस मामले के सामने आने के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मचा हुआ है।

व्यापारी टंडन ने प्यार का जाल बुनकर ब्लैकमेलिंग, रिश्वत और धमकी के आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी मुलाकात साल 2021 में डीएसपी से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों एक दूसरे के करीब आते गये। दंपत्ति का आरोप है कि इस रिश्ते के दौरान डीएसपी लगातार पैसों की मांग करती रहीं। उन्होंने दो करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम डीएसपी को दी। इतना ही नहीं कारोबारी ने डीएसपी के भाई के नाम पर वीआईपी रोड स्थित एटमॉस्फेरिया होटल को डीएसपी के भाई के नाम पर रजिस्टर करवा दिया। उनका

आरोप है कि पैसों का दबाव इतना बढ़ गया कि इसके लिए उन्होंने काफी मोटी रकम भी चुकाई। बाद में डीएसपी वर्मा ने 30 लाख रुपए लगाकर उस होटल को अपने नाम करवा लिया।

कारोबारी दंपत्ति का आरोप है कि रिश्ते के दौरान उन्होंने दो करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम डीएसपी को दी। यह रकम अलग-अलग समय पर और अलग-अलग माध्यम से दी गई। कारोबारी की पत्नी बरखा टंडन का आरोप है कि उन्होंने दबाव में आकर 45 लाख रुपये का एक चेक भी छत्तीसगढ़ पुलिस की डीएसपी को दिया था, जिसे बाद में डीएसपी के पक्ष में आहरित कर लिया गया।

कार भी हड़पने का आरोप

बरखा के नाम पर 22 लाख रुपए की कार थी, जिसे डीएपी वर्मा ने हड़प लिया। जब दंपत्ति ने अपने पैसे को वापस मांगने लगे तो विवाद गहराने लगा। बता दें कि महिला डीएसपी कल्पना वर्मा वर्ष 2016-17 बैच की अधिकारी हैं। वर्तमान में वो दंतेवाड़ा में पदस्थ हैं।

डीएसपी ने आरोपों को किया खारिज

मामले में डीएसपी कल्पना वर्मा ने सभी आरोपों को बेबुनियाद और निराधार बताया है। उनका कहना है कि यह सब मामला उन्हें बदनाम करने के लिए रचा गया है। मेरी छवि को खराब करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने किसी भी तरह के गलत संबंध या पैसों के लेन-देन से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि वो इस मामले में हर तरह की जांच के लिये पूरी तरह से तैयार हैं

नगरीय प्रशासन विभाग ने एमसीबी जिले को विकास कार्यों के लिए दी 19 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति

एमसीबी/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा एमसीबी जिले में विभिन्न अधोसंरचना विकास कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 19 करोड़ रुपए से अधिक राशि की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत राशि में नगर पालिक निगम चिरमिरी को 9 करोड़ 72 लाख रुपए, नगर पालिका मनेंद्रगढ़ को 6 करोड़ 48 लाख रुपए तथा नगर पंचायत झगराखंड को 3 करोड़ रुपए शामिल हैं। यह राशि क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल, रोशनी तथा अन्य बुनियादी ढांचा विकास कार्यों में उपयोग की जाएगी। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेंद्रगढ़ के स्थानीय विधायक श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने क्षेत्र के विकास के लिए मिली स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि यह राशि मनेंद्रगढ़ क्षेत्र की अधोसंरचना को और सुदृढ़ करेगी तथा स्थानीय जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेंड्रा में शराब पार्टी का वीडियो वायरल

गौरेला पेंड्रा मरवाही/नवप्रदेश। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेंड्रा से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें स्वास्थ्य केंद्र का पूरा स्टाफदोपहर में पार्टी करते हुए दिखाई दे रहा है। इस वीडियो में शराब की बोतलें भी स्पष्ट रूप से नजर आ रही हैं, और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) ए. आई. मिंज सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे। सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की इस तरह की गतिविधि सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह पार्टी शनिवार को सेकेंड शिफ्ट शुरू होने से पहले की बताई जा रही है। हालांकि, इस मामले में अधिकारी इस मामले में स्टाफका पक्ष लेते नजर आए, उन्होंने स्टाफका पक्ष लेते हुए दावा किया कि सभी कर्मचारियों ने छुट्टी लेकर निजी तौर पर यह पार्टी की थी। वीडियो वायरल होने के बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (छ्त्स्राह्र) डॉ. रामेश्वर शर्मा ने बीएमओ सहित संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सीएमएचओ ने स्पष्ट किया है कि सरकारी सेवा में रहते हुए इस तरह के कृत्य कदापि बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया तो आगे कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, नोटिस जारी होने के बावजूद अब तक किसी भी कर्मचारी ने अपना जवाब प्रस्तुत नहीं किया है। इस मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग के भीतर भी हलचल मची हुई है।

केल्हारी में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को मिली राहत

एमसीबी/नवप्रदेश। केल्हारी तहसील क्षेत्र में हाल ही में आई अत्यधिक वर्षा, तेज हवा, आंधी-तूफान, सर्पदंश और गाज मारने जैसी प्राकृतिक आपदाओं ने ग्रामीण जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। इन आपदाओं के कारण कई परिवारों के कच्चे-पक्के और सीमेंट निर्मित मकान क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे लोगों को भारी आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वहीं पालतू पशुओं की मृत्यु से ग्रामीणों की आजीविका पर भी गहरा असर पड़ा है, क्योंकि पशु ही उनकी आर्थिक रीढ़ माने जाते हैं।

180 नए गांव जुड़े बस सुविधा से

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया योजना के द्वितीय चरण का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर और सरगुजा अंचल के सुदूर वनांचलों में ग्रामीण परिवहन को नई दिशा देने वाली मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना ने आज एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से योजना के द्वितीय चरण का औपचारिक शुभारंभ किया तथा वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। दूसरे चरण में बस्तर और सरगुजा संभाग के 10 जिलों के 23 मार्गों पर 24 नई बसों का संचालन प्रारंभ हुआ है, जिससे 180 गांव सीधे बस सुविधा से जुड़ गए हैं। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में शामिल अनेक ग्रामीण उसी बस में सवार होकर पहुंचे, जिसे योजना के प्रथम चरण में प्रारंभ किया गया था. ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से आत्मीय चर्चा करते हुए बताया कि अब दूरस्थ इलाकों से ब्लॉक मुख्यालयों तक पहुंचना पहले की तुलना में काफी सहज और सुगम हो गया है।

सुकमा-दोरनापाल-कोंटा मार्ग से पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि वे लगभग 110 किलोमीटर की यात्रा बस से कर कार्यक्रम तक पहुंचे, जबकि पूर्व में यह यात्रा बेहद कठिन और समयसाध्य थी।

कोई भी गांव विकास की मुख्यधारा से अलग न रहे

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि छत्तीसगढ़ का कोई भी गांव विकास की मुख्यधारा से अलग न रहे. यह योजना न केवल परिवहन सुविधा बढ़ा रही है, बल्कि ग्रामीणों को शहरों और सेवा संस्थानों से जोड़ते हुए सामाजिक एवं आर्थिक समानता को भी मजबूती प्रदान कर रही है. उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में यह योजना एक मील का पत्थर सिद्ध हो रही है, जिससे लोगों को सुरक्षित, समयबद्ध और सुविधाजनक यात्रा का अवसर मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के प्रथम चरण की शुरुआत 04 अक्टूबर 2025 को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गई थी, जिसके अंतर्गत 250 गांवों को बस सेवाओं से जोड़ा गया था. अब द्वितीय चरण की शुरुआत के साथ इस संख्या में और वृद्धि हुई है तथा 180 गांव और जुड़ गए हैंइस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री अरुण साव सहित मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

योजना से लाभान्वित होने वाले सभी ग्रामीणों को दिए शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री साय ने योजना से लाभान्वित होने वाले 180 गांवों के सभी ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेहतर यातायात सुविधाएँ अब उनके जीवन को पहले से अधिक सुगम बनाएंगी और तरक्की के नए मार्ग खोलेंगी।

परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि जिन दुर्गम और वनांचल क्षेत्रों तक कभी यातायात की सुविधा नहीं पहुंची थी, वहाँ भी अब बस सेवाएँ प्रारंभ हो रही हैं. यह योजना विशेष रूप से बस्तर और सरगुजा के जनजातीय बहुल इलाकों के लिए एक वरदान के रूप में उभर रही है

नायब तहसीलदार पर धान तस्करी का आरोप, ग्रामीणों ने किया हंगामा, जांच शुरू



कबीरधाम /नवप्रदेश। बीरधाम जिले में धान खरीदी का सीजन जारी है। वहीं अवैध धान के परिवहन और खपाने को रोकने के लिए जिला प्रशासन विशेष निगरानी रख रहा है। इसी बीच रेंगाखार जंगल क्षेत्र (एमपी-सीजी बॉर्डर) से एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां नायब तहसीलदार पर धान तस्करी में शामिल होने के आरोप लगे हैं। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने ही धान परिवहन के दौरान दो वाहन समेत नायब तहसीलदार को पकड़ा है। इस दौरान नायब तहसीलदार के साथ ग्रामीणों के बीच विवाद भी हुआ है।

मामला रेंगाखार जंगल तहसील क्षेत्र का है, ये एरिया एमपी-सीजी बॉर्डर पर है। इस मामले वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होते ही मंगलवार देर रात 11.45 बजे जिला प्रशासन प्रेस रिलीज भी जारी की है। इसमें बताया गया कि रेंगाखार क्षेत्र में रात्रि गश्ती के दौरान धान के अवैध परिवहन पर कार्रवाई के लिए पहुंची तहसील की टीम और स्थानीय लोगों के बीच भ्रम की स्थिति निर्मित हुई। जिसके कारण मौके पर उचित कार्रवाई नहीं हो पाई।

एसडीएम बोड़ला ने बताया कि उक्त घटना के दौरान पहुंचे दोनों वाहनों पर कार्रवाई की गई है। इन्हें जब्त कर झलमला थाना के सौंप दिया गया है। जांच में एक वाहन में धान व एक वाहन में कोदो होना पाया गया। इसके बाद मंडी सचिव द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

कूप कटिंग को लेकर ग्रामीण और वन अमला आमने-सामने

■ ग्रामीणों ने बंद कराया काम, उल्टे पांव लौटे मजदूर

कोरबा /नवप्रदेश। कोरबा वनमंडल के वन परिक्षेत्र पसरखेत का है। दरअसल विवाद की शुरूआत साल 2024 में ही हो गई थी। वन विभाग द्वारा 21 नवंबर को सलेक्शन कम इम्प्रुवमेंट (एसीआई) कूप कटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसके लिए पसरखेत रेंज के तराईमार जंगल के कक्ष क्रमांक 1128 को चुना गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने तत्कालिन मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) प्रभात मिश्रा कोरबा पहुंचे थे। उनकी मौजूदगी में वन कर्मियों को कूप कटिंग के संबंध में जानकारी दी जा रही थी।

इसी दौरान कोलगा के ग्रामीण भारी संख्या में जा पहुंचे। उन्होंने जंगल को अपने गांव का बताते हुए प्रशिक्षण की सूचना नही देने पर विरोध जताना शुरू कर दिया। इसके अलावा कई अन्य आरोप भी लगाया। नौबत यहां तक आ गई कि वन अफसरों को पुलिस की मदद लेनी पड़ी। पुलिस व अफसरों ने त्रिपक्षीय वार्ता कर मामले का निराकरण करने आश्वासन दिया, तब कहीं जाकर ग्रामीण शांत हुए थे, लेकिन ग्रामीणों के लगातार विरोध के कारण कूप कटिंग पर रोक लगा दी गई थी। करीब एक साल बाद वन विभाग ने पुनः कूप कटिंग शुरू किया है। बुधवार सुबह भी करीब 40 मजदूर गुफा एरिया, बांधा पतरा, ढोंड़टिकरा व मोहनपुर के जंगल में कूप कटिंग के लिए लगाए गए थे। कोलगा के ग्रामीण भारी संख्या में जंगल के भीतर पहुंचे, जिनमें अधिकांश महिलाएं थी। उन्होंने कूप कटिंग का विरोध शुरू कर दिया।

मेडिकल पीजी में एडमिशन के नए नियम को दी चुनौती

■ पांच डॉक्टरों ने लगाई याचिका, हाईकोर्ट ने दो दिनों में राज्य सरकार से मांगा जवाब

बिलासपुर /नवप्रदेश। मेडिकल पीजी में एडमिशन के लिए राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नए नियम को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। पांच चिकित्सकों ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। डिवीजन बेंच ने नए नियमों के तहत पीजी में प्रवेश को हाईकोर्ट के फैसले से बाधित रखा है। याने इस याचिका पर हाईकोर्ट का जो फैसला आएगा उसे नए एडमिशन प्रक्रिया में लागू किया जाएगा। मामले में 2 दिनों में राज्य सरकार से जवाब मांगा गया है। मेडिकल पीजी में प्रवेश के लिए राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नए नियमों को चुनौती देते हुए प्रभाकर चंद्रवंशी व पांच अन्य चिकित्सकों ने अधिवक्ता के जरिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता चिकित्सकों ने अपनी याचिका में कहा है कि राज्य सरकार ने मेडिकल पीजी में एडमिशन के लिए पूर्व में जारी नियमों में बदलाव कर छत्तीसगढ़ में अध्ययनरत मेडिकल छात्रों का अहित किया है।

पूर्व के नियमों का हवाला देते हुए याचिका में कहा गया है कि पूर्व में स्टेट और ऑल इंडिया कोटे में बराबर सीटें थी। 50-50 प्रतिशत सीटें ऑल इंडिया और स्टेट कोटे के लिए तय की गई थी। इसमें बदलाव करते हुए राज्य सरकार ने ऑल इंडिया कोटे की सीटें 50 फीसदी से बढ़ाकर 75 फीसदी कर दिया है। स्टेट कोटे की सीटें घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया है। इससे छत्तीसगढ़ के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की पढ़ाई के बाद पीजी में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स को नुकसान होगा। याचिकाकर्ता चिकित्सकों ने राज्य शासन की शर्तों का जिक्र करते हुए कहा कि एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने के बाद दो वर्ष तक दूरस्थ इलाकों में सेवा देने की अनिवार्यता है

आदिवासी नेता जीवन ठाकुर की मौत का मामला

कांकेर जेल पहुंची कांग्रेस की जांच टीम, जेल प्रशासन और डॉक्टरों पर लगाए गंभीर आरोप

कांकेर /नवप्रदेश। आदिवासी समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर की संदिग्ध मौत के मामले में कांग्रेस की सात सदस्यीय जांच टीम आज कांकेर जिला जेल पहुंची। टीम ने जेल में पदस्थ जेलर से मुलाकात कर पूरी स्थिति की जानकारी ली। टीम की संयोजक पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया ने बताया कि जेलर हाल ही में पदस्थ हुए हैं इसलिए उन्हें मामले की पर्याप्त जानकारी नहीं थी।

जांच दल जिला अस्पताल भी पहुंचा और उन डॉक्टरों से मिलने का प्रयास किया, जिन्होंने ठाकुर का उपचार किया था। भेड़िया ने आरोप

लगाया कि डॉक्टरों ने मुलाकात से इनकार कर दिया और किसी भी प्रकार की जानकारी साझा नहीं की। उनके अनुसार 15 दिनों के भीतर दो बार अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद जीवन ठाकुर की बीमारी को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। ऐसा लग रहा है कि ऊपर से दबाव है, चाहे जेलर हो या डॉक्टर, सभी किसी न किसी दबाव में हैं।

जांच टीम ने यह भी आरोप लगाया कि मिलने का निर्धारित समय होने के बावजूद जीवन ठाकुर के बेटे को उनसे मिलने नहीं दिया गया। पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया ने कहा कि उनके व्यवहार से ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो शासन ने जीवन ठाकुर को किसी बड़े अपराधी की तरह ट्रीट किया हो।

जानिए क्या है मामला

बता दें कि जमीन विवाद के मामले में 12 अक्टूबर 2025 को कांग्रेस नेता और चारामा के पूर्व जनपद अध्यक्ष जीवन ठाकुर को गिरफ्तार कर कांकेर जेल में रखा गया था। उन्हें 2 दिसंबर को बिना सूचना के रायपुर सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया था। जेल प्रशासन के अनुसार, इसी बीच उनकी तबीयत खराब होने से तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 4 दिसंबर को उनकी मौत हो गई। वहीं अब मामले में परिजनों ने जेल प्रशासन पर लापरवाही करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उन्हें कोई बीमारी नहीं थी। सही समय पर इलाज होता तो उनकी जान बच जाती।

मामले की होगी न्यायिक जांच

परिजनों का कहना है कि बिना सूचना के कांकेर से रायपुर जेल भेजा गया, जिसके कारण उनकी मौत हुई है। वहीं जेल प्रशासन का कहना है कि तबीयत बिगड़ने से कैदी की मौत हुई है। बता दें कि कांग्रेस नेता और चारामा के पूर्व जनपद अध्यक्ष जीवन ठाकुर वन अधिकार पट्टा घोटाले में जेल में थे। वहीं अब इस मामले की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रायपुर ने जांच का आदेश जारी किया था।

अनिला ने सरकार की लापरवाही को बताया मौत का जिम्मेदार

अनिला भेड़िया ने जेल प्रशासन और राज्य सरकार की गंभीर लापरवाही को ठाकुर की मौत का जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा समय पर न खाना दिया गया, न दवाई। ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की समस्या होने के बावजूद उचित उपचार नहीं मिला। यह स्पष्ट तौर पर प्रशासनिक लापरवाही का मामला है।

प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिसों को 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

एमसीबी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिजनों को सहायता उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है। इसी क्रम में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6 (क) (1) के अंतर्गत तहसील केल्हारी के ग्राम हंसपुर निवासी रूपेश की नाला में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिश श्री बिरझू एवं श्रीमती अमृतिया को क्रमशः 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

साथ ही ग्राम पेण्ड्री निवासी सुखलाल की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके वारिश श्रीमती अशोक कुमारी को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। यह सहायता राशि पीड़ित परिवारों को आपदा की कठिन घड़ी में संबल प्रदान करने हेतु शासन द्वारा प्रदत्त राहत उपायों के अंतर्गत दी गई है।

स्वीकृत राशि का व्यय मांग संख्या-58 के मुख्य शीर्ष 2245 - प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में विकलनीय होगा।

जिले में सालों से चल रहे प्राइवेट स्कूलों के सेंटर बंद करने का निर्णय

शिक्षा मंडल ने डीईओ से मंगाया प्रस्ताव, जल्द होगा निर्णय, माध्यामिक शिक्षा मण्डल की दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। माध्यामिक शिक्षा मण्डल की दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी शुरू हो गई है। जिले में 131 सेंटरों में बोर्ड की परीक्षा हो रही है। इसमें प्राइवेट स्कूलों का परीक्षा केन्द्र को बंद करने की तैयारी की जा रही है। उसके स्थान पर करीब के सरकारी स्कूलों को सेंटर बनाया जाएगा। इसके लिए डीईओ से आवश्यक जानकारी मंगाई गई है। माशिमं ने 10/12वीं बोर्ड की मुख्य परीक्षा की समय-सारिणी की घोषणा कर दी है। इसके अनुसार बारहवीं बोर्ड की परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होकर 18 मार्च तक चलेगी।

इसी तरह दसवीं बोर्ड की परीक्षा 21 फरवरी से 13 मार्च तक होगी। इस परीक्षा के लिए आवश्यक तैयारी शुरू हो गई है। बिलासपुर जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए 131 सेंटर बनाए 10-12वीं बोर्ड परीक्षा; निजी स्कूलों का सेंटर होगा बंद जिला शिक्षा अधिकारी जाते है। जहां परीक्षार्थी परीक्षा देते है। फरवरी से शुरू हो रहे बोर्ड परीक्षा के पहले सेंटरों को लेकर विचार-विमर्श शुरू कर दिया गया है। इस साल बोर्ड के नए सेंटर नहीं बनेंगे, बल्कि प्राइवेट स्कूलों के बोर्ड परीक्षा केन्द्र को बंद किया जाएगा। सालों से चले विवादित सेंटरों पर गिरेगी गाज माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा सालों पहले जिले के प्राइवेट स्कूलों को बोर्ड का सेंटर बनाया गया था। इसमें से कुछ स्कूलों में नकल की भी शिकायत मिली थी। वहीं कुछ सेंटर विवादित भी रहे। इसको ध्यान रखते हुए माशिमं ने प्राइवेट स्कूलों में बोर्ड का सेंटर बंद करने का निर्णय लिया है। इसकी घोषणा शीघ्र करने की बात कहीं जा रही है। इसके लिए प्रारंभिक तैयारी शुरू हो गई है। जिला शिक्षा अधिकारी विजय टाण्डे ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 दिसंबर से 10वीं और 12वीं की अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुरु हो रही हैं। परीक्षा समाप्त होने के बाद विशेष रुप से डाउट क्लासेस लगाए जाएंगे, ताकि वार्षिक परीक्षा के पहले विद्यार्थियों को किसी भी तरह की विषय संबंधित शंका न हो। हालांकि इस बार स्कूल खुलने के साथ ही परिणाम को बेहतर करने के उद्देश्य से सभी स्कूलों के प्राचार्यों के सतत निगरानी में विशेष कक्षाओं का आयोजन बीच-बीच में भी किया गया है, जिससे इस साल परीक्षाफल पिछले साल की तुलना में बेहतर रहे और विद्यार्थी भी वार्षिक परीक्षा के पहले पढ़ाई को लेकर किसी तरह की मानसिक दबाव महसूस न करे। स्कूलों में निर्देश दिए गए हैं कि विद्यार्थियों को जरुरत पड़ने पर शिक्षक-शिक्षिकाएं अतिरिक्त समय देकर शंका का समाधान करें। सभी स्कूलों में इस निर्देश का पालन किया जा रहा है।

जिले के तीन निजी स्कूलों के नाम

माशिमं ने बैठक में जिले के अधिकारियों को प्राइवेट स्कूलों के सेंटर को बंद करने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा गया है। इसमें जिले के तीन निजी स्कूलों के नाम सामने आ रहे बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। 37194 परीक्षार्थी फरवरी माह से शुरू होने वाली माशिमं को 10/12वीं बोर्ड की मुख्य परीक्षा में जिले के 37194 परीक्षार्थी शामिल होंगे। दसवीं बोर्ड की परीक्षा में जिले के 431 स्कूलों के 22272 छात्र और छात्राएं शामिल होंगे। इसी तरह हायर सेकेण्डरी बारहवीं बोर्ड की बारहवीं बोर्ड की परीक्षा 285 स्कूलों में अध्यनरत 14922 परीक्षार्थी शामिल होंगे। है। जिनका सेंटर बंद होना तय है। उनके स्थान पर माशिमं द्वारा उनके करीब के तीन सरकारी हाई या हायर सेकेण्डरी स्कूल को बोर्ड का नया परीक्षा केन्द्र बनाएगा। जहां परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसकी घोषणा शीघ्र करने की बात कहीं जा रही है।

न्यूज गैलरी

हाईकोर्ट बार चुनाव: 19 जनवरी नामांकन व 5 फरवरी को मतदान

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट बार एसोसियेशन चुनाव के लिये आज शेड्यूल जारी कर दिया गया है। आगामी 5 फरवरी को मतदान होगा और मतों की गिनती अगले ही दिन 6 फरवरी को कराई जायेगी। 15 दिसंबर को बकाया शुल्क जमा करने के बाद 17 दिसंबर को अनंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। प्रशासक ने आज दोपहर बाद अधिसूचना जारी कर निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। सदस्यों के लिए दावा आपत्ति दो जनवरी से 5 जनवरी तक की जा सकेगी। 9 जनवरी को अंतिम मतदाता सूची आएगी। नामंकन पत्रों का वितरण 12 से 16 जनवरी तक किया जाएगा। अंतिम बार 19 जनवरी को नामांकन जमा किये जा सकेंगे। जांच के बाद उमीदवारों की प्रारम्भिक सूची 21 जनवरी को प्रकाशित होगी , इसके बाद 23 जनवरी शाम तक अपने नाम वापस लिए जा सकेंगे। उमीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन 27 जनवरी को होगा। पांच फरवरी का दिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान के लिए निर्धारित किया गया है । मतों की गिनती 6 फरवरी को की जाएगी विजयी उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र 10 फरवरी को शाम 4 बजे मिलेंगे।

सीजीएमसी ने कहा-नई मशीनों के लिए जारी किया टेंडर, हाईकोर्ट बोला-स्थाई सुधार के लिए मानिटरिंग जरूरी

सिम्स में अव्यवस्था पर प्रबंधन ने सुधार करने का दिया जवाब

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर संभाग के सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पताल सिम्स की अव्यवस्था पर प्रबंधन ने किए गए सुधारों का शपथपत्र के साथ जवाब पेश किया। साथ ही नई मशीनों की खरीदी की जानकारी भी दी।

इस पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने कहा कि अब तक किए गए प्रयास सकारात्मक हैं, लेकिन स्थायी सुधार सुनिश्चित करने के लिए मॉनिटरिंग जारी रहेगी। वहीं सीजीएमसी ने बताया कि नई मशीनों के लिए टेंडर जारी किया गया है, जिसमें पांच बिड आई है, मूल्यांकन की प्रक्रिया चार- पांच दिनों मे पूरी हो जाएगी। मंगलवार को हुई सुनवाई में सिम्स के डीन ने शपथपत्र के साथ कोर्ट को बताया कि मरीजों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए ड्रग डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर का विस्तार किया गया है। नए काउंटर शुरू किए गए हैं, जिससे लाइन का दबाव कम हुआ है। लैब की गुणवत्ता सुधारने के लिए एनएबीएल की कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें टेक्नीशियनों को सैंपल कलेक्शन और रिपोर्टिंग स्टैंडर्ड्स की ट्रेनिंग दी गई। नवजात शिशु सप्ताह के दौरान नवजात देखभाल, साफ-सफाई, संक्रमण रोकथाम और स्तनपान के विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अलावा, वर्ल्ड एड्स डे पर जागरूकता अभियान भी चलाया गया। मामले की अगली सुनवाई 17 दिसंबर को होगी। बढ़ती ठंड को देखते हुए मरीजों को 1600 कंबलों का वितरण किया गया है। अस्पताल में 96 एयर स्टेरलाइजर और एचईपीए फिल्टर मशीनें लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

मंजूरी मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। मशीनें लग जाने के बाद मरीजों को इसका फायदा मिलेगा। सीजीएमसी के एमडी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मेडिकल उपकरणों की खरीदी के लिए टेंडर जारी किया गया है, जिसमें पांच बिडर आए हैं। मशीनों को 5 कैटेगरी में बांटा गया है। हर श्रेणी में कम से कम तीन बिडर होने पर ही टेंडर फाइनल होगा, नहीं तो री-टेंडर किया जाएगा। तकनीकी मूल्यांकन 4-5 दिन में पूरा हो जाएगा और इस महीने के भीतर आगे की प्रक्रिया शुरू करने का लक्ष्य है।

मोबाइल पर सफाई और सुरक्षा की मॉनिटरिंग

अस्पताल में साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था पर निगरानी के लिए एक वॉट्सऐप ग्रुप बनाया गया है, जिसे सीधे डीन और मेडिकल सुपरिंटेंडेंट देख रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि रात और छुट्टियों में भी सीनियर डॉक्टर राउंड ले रहे हैं। अव्यवस्थाओं पर लगातार सुधार जारी है।

पीजी सीटों में बदलाव के खिलाफ सिम्स के छात्रों ने किया विरोध

मंगलवार देर रात सिम्स के यूजी और पीजी छात्रों ने कॉलेज परिसर में एकत्र होकर राज्य सरकार द्वारा की गई नई पीजी सीट नीति में बदलाव का विरोध जताया। छात्रों का कहना है कि पहले 50% सीटें ऑल इंडिया कोटा और 50% सीटें संस्थान में पढ़ने वाले एमबीबीएस छात्रों के लिए आरक्षित थीं, लेकिन अब राज्य सरकार ने संस्थागत कोटा घटाकर 25% कर दिया है। छात्रों ने इसे अनुचित बताते हुए कहा कि जो एमबीबीएस छात्र यहां पढ़े हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में दो वर्ष की सेवा कर चुके हैं, उनके साथ यह निर्णय अन्यायपूर्ण है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि नियम वापस नहीं लिए गए तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

बीईओ की पहल से स्पेशल एजुकेटर मिले दिव्यांग बच्चों की शिक्षा को मिली नई उड़ान

सीपत/नवप्रदेश। शिक्षा सबकी पहुँच में हो और शिक्षा से कोई भी वंचित न रहे की सोच को धरातल पर उतारते हुए स्कूल शिक्षा विभाग विकास खंड मस्तूरी ने एक अहम पहल की है। विकास खंड मस्तूरी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिस्दा एवं शासकीय प्राथमिक शाला लावर में दिव्यांग विद्यार्थियों के शैक्षिक सहयोग हेतु स्पेशल एजुकेटर की नियुक्ति की गई है। इस क्रम में पूजा कौशिक एवं डेनियल जान को स्पेशल एजुकेटर के रूप में पदस्थ किया गया। नियुक्ति उपरांत कार्यालय विकास खंड शिक्षा अधिकारी मस्तूरी में बीईओ शिवराम टंडन द्वारा दोनों शिक्षकों को विधिवत कार्यभार ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर बीईओ शिवराम टंडन ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना विभाग की प्राथमिकता है।

स्पेशल एजुकेटर की नियुक्ति से न केवल बच्चों को नियमित शिक्षा में सहयोग मिलेगा, बल्कि उनके आत्मविश्वास, सीखने की क्षमता और सर्वांगीण विकास को भी नई दिशा मिलेगी। कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी रुद्रेश्वर प्रसाद एक्का, योगेश कुमार कौशिक, विकास खंड स्रोत समन्वयक सूरज क्षत्री, बीआरपी समावेशी शिक्षा कमलेश खोबरागढ़े, विनीता सिंह सहित कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने स्पेशल एजुकेटर को उनके नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएँ दीं और दिव्यांग विद्यार्थियों की शिक्षा को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर सहयोग का भरोसा दिलाया। यह पहल मस्तूरी विकास खंड में समावेशी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कदम मानी जा रही है।

कोई भी दिव्यांग बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे: टंडन

मस्तूरी बीईओ शिवराम टंडन ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है। स्पेशल एजुकेटर की नियुक्ति से मस्तूरी विकास खंड में समावेशी शिक्षा को मजबूती मिलेगी और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। इस सराहनीय कार्य के लिए मैं विभागीय अधिकारियों को हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।

---

8 निरीक्षक व उपनिरीक्षकों के किए गए तबादले

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में लगातार प्रशासनिक बदलाव जारी है। इसी क्रम में बिलासपुर जिले में निरीक्षक और उपनिरीक्षक स्तर पर तबादलों की नई सूची जारी की गई है। जिले के कई थानों के थाना प्रभारी बदले गए हैं। कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की जारी अधिसूचना के अनुसार कुल 8 पुलिस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। सभी अधिकारियों को नवीन पदस्थापना स्थल पर तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

- **बहला- फुसलाकर भगाया था आरोपी**
- **कोटा पुलिस ने की कार्रवाई**

बिलासपुर /नवप्रदेश। नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा कर बलात्कार करने वाले आरोपी को कोटा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपहृता को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है। वहीं आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार 26 नवंबर को प्रार्थी द्वारा थाना कोटा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। रिपोर्ट पर तत्काल अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी नूपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन में आरोपी की पतातलाश हेतु टीम लगायी गई। आरोपी द्वारा अपहृता को बहला फुसलाकर भागकर तुरकाडीह ले गया था। सूचना पर कोटा पुलिस टीम को तत्काल रवाना किया गया। पुलिस द्वारा अपहृता को सुरक्षित बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया तथा आरोपी बसंत रात्रे को 10 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोटा तोप सिंह नवरंग उपनिरीक्षक मीना ठाकुर, सउनि नहरू राम साहू, महिला आरक्षक दीपिका लोनिया,आरक्षक ओंकार नेताम, आरक्षक प्रफुल्ल यादव का सराहनी योगदान है। कोटा पुलिस आमजन की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है और ऐसे मामलों में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई जारी रखेगी।

कांग्रेस नेता विजय केशरवानी का नाम भिलाई में दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान पर एक बार फिर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष और 2023 विधानसभा चुनाव में बेलतरा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे विजय केसरवानी का नाम इस बार बिलासपुर की मतदाता सूची में जुड़ने के बजाय गलत तरीके से भिलाई में मैप कर दिया गया है। यह लापरवाही तब सामने आई है जब वे कई दशकों से बिलासपुर में निवासरत हैं और राजनीतिक, सामाजिक व संगठनात्मक जीवन की पूरी यात्रा इसी शहर में रही है। विजय केसरवानी का नाम 2003 की मतदाता सूची में भी बिलासपुर में ही दर्ज रहा है। नर्मदा नगर वार्ड क्रमांक 17 में आज भी उनके परिवार के सात से आठ सदस्य स्थानीय वोटर लिस्ट में शामिल हैं, लेकिन स्वयं उनका नाम विशेष पुनरीक्षण के दौरान बिलासपुर की बजाय भिलाई में दर्ज दिखाया जा रहा है। यह विसंगति न केवल प्रशासनिक चूक को उजागर करती है, बल्कि पुनरीक्षण प्रक्रिया की गंभीरता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। विजय केसरवानी ने बताया कि उन्होंने अपने दस्तावेज, फॉर्म और सत्यापन संबंधी सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन किया था। जिला निर्वाचन कार्यालय से लगातार संपर्क में रहने के बाद उन्हें यह जानकारी मिली कि उनकी प्रविष्टि भिलाई में चली गई है। उनका कहना है कि बिलासपुर से उनका न केवल पारिवारिक बल्कि राजनीतिक जीवन भी गहराई से जुड़ा है-वे छात्र राजनीति से लेकर पार्षद, मेयर-इन-काउंसिल सदस्य और युवा संगठन के प्रमुख पदों तक सभी जिम्मेदारियां इसी जिले में निभा चुके हैं। भिलाई से तो मेरा कोई संबंध ही नहीं। फिर मेरा नाम वहां कैसे दर्ज हो गया, यह मेरे लिए भी सवाल है,' उन्होंने कहा। विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान कांग्रेस ने पहले ही जिला निर्वाचन कार्यालय को कई समस्याएं और शिकायतें बताई थीं।

पुनरीक्षण अभियान पर गंभीर सवाल

मार्कफेड एमडी शुक्ला ने खरीदी और संग्रहण केन्द्र का किया निरीक्षण

बिलासपुर /नवप्रदेश। प्रबंध संचालक, मार्कफेड जितेन्द्र शुक्ला ने जिला बिलासपुर के धान खरीदी केंद्र छतोना एवं धान संग्रहण केंद्र बिल्हा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छतोंना में किसान फेकू लाल ने बताया कि आज उनके द्वारा 113 क्विंटल धान बेचा गया। समिति में धान बेचने में कोई परेशानी नहीं हुई। किसान के उपज के संबंध चर्चा की। मिलर्स से धान उठाव तेजी से करवाने खाद्य नियंत्रक को निर्देशित किया। संग्रहण केंद्र बिल्हा का निरीक्षण किया और तैयारी देखी। उन्होंने जिले की सभी चारों संग्रहण केन्द्रों को तैयार करने डीएमओ को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर, डीएमओ अमित चंद्राकर भी उपस्थित थे।

गुणवत्ता | अधोसंरचना, स्मार्ट क्लास, खेल-योग, व्यावसायिक शिक्षा और आधुनिक सुविधाओं का हुआ व्यापक विस्तार

पीएमश्री योजना से बदली शिक्षा की तस्वीर, जिले के 13 विद्यालय बने आधुनिक आदर्श शिक्षण संस्थान

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में पीएमश्री (प्रधानमंत्री स्कूल फ़ॉर राइजिंग इंडिया) योजना के अंतर्गत शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार देखा जा रहा है। वर्तमान में जिले में 8 पीएमश्री शासकीय प्राथमिक विद्यालय एवं 5 पीएमश्री सेजेस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, इस प्रकार कुल 13 पीएमश्री विद्यालय सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं।

इन विद्यालयों को आदर्श शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित करने का कार्य तीव्र गति से जारी है। केन्द्र व राज्य सरकार के संयुक्त सहयोग से इन विद्यालयों में अधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है तथा विद्यार्थियों के लिए आधुनिक और सुविधा-युक्त शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जा रहा है। योजना अंतर्गत विद्यालयों में सोलर लाइट, शुद्ध पेयजल हेतु वाटर कूलर व फिल्टर, म्यूजिक बैंड, अभ्यास पुस्तिकाएं एवं कैरियर गाइडलाइन मार्गदर्शिकाएं उपलब्ध कराई गई हैं। सत्र 2023-24 एवं 2024-25 के दौरान अधोसंरचना विकास के तहत कुल 5 अतिरिक्त कक्ष स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 2 कक्ष पूर्ण हो चुके हैं तथा 3 कक्ष प्रगतिरत हैं। इसके अतिरिक्त बालवाड़ी के लिए 8 अतिरिक्त कक्ष स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 4 पूर्ण हो चुके हैं एवं 4 का निर्माण कार्य जारी है।

विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक व रचनात्मक विकास को मिली दिशा

सत्र 2025-26 में समस्त पीएमश्री विद्यालयों में संगीत प्रशिक्षक तथा खेल/योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है, जिससे विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं रचनात्मक विकास को नई दिशा मिली है। विद्यार्थियों को राज्य के भीतर शैक्षणिक भ्रमण पर भी ले जाया जा रहा है ताकि वे व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकें। पीएमश्री विद्यालयों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। साथ ही स्मार्ट क्लास एवं कंप्यूटर लैब के माध्यम से तकनीक आधारित आधुनिक शिक्षण व्यवस्था लागू की गई है, जिससे डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा मिल रहा है। शिक्षकों एवं प्राचार्यों की शैक्षणिक दक्षता बढ़ाने हेतु राज्य शासन द्वारा देश के प्रतिष्ठित संस्थानों आईआईएसईआर पुणे, आईआईटी जम्मू-कश्मीर एवं आईआईएम रायपुर में प्रशिक्षण हेतु उन्मुखीकरण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है।

सुविचार

जिंदगी में एक वकील से भी दोस्ती होना निहायत जरूरी है क्योंकि जब कोई आपकी बात नहीं सुनता तब वह शांति से आपकी बात सुनता है। - अज्ञात

वोट चोरी को लेकर संसद में तकरार

संसद के शीतकालीन सत्र में तथाकथित वोट चोरी को लेकर संसद में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच आखिरकार तकरार की स्थिति पैदा हो ही गई। कांग्रेस के वार पर भाजपा ने तीखा पलटवार करके कांग्रेस को ही कटघरे में खड़ा कर दिया। गौरतलब है कि संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होते ही कांग्रेस सहित आईएनडीआईए के सभी दलों ने संसद में एसआईआर को लेकर चर्चा कराने की पूरजोर मांग उठाई थी और इसे लेकर लगातार दो दिनों तक संसद के भीतर और बाहर हंगामा किया था। जिसके चलते दो दिनों तक संसद की कार्यवाई बाधित हुई थी। विपक्ष की मांग पर सरकार इस मुद्दे पर चर्चा कराने के लिए तैयार हो गई। चूंकि एसआईआर चुनाव आयोग ने कराया है जो एक स्वतंत्र संस्था है इसलिए उसके किसी निर्णय पर सदन में चर्चा नहीं कराई जा सकती है। क्योंकि उसका जवाब देने के लिए चुनाव आयोग सदन में उपस्थित नहीं हो सकता। इसलिए सरकार ने बीच का रास्ता निकालते हुए चुनाव सुधार पर संसद में चर्चा कराने की घोषणा की थी। इस पर चर्चा की शुरूआत करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने फिर वहीं पुराना राग अलापा और सरकार पर वोट चोरी करने का आरोप लगाया। उन्होंने ईवीएम में गड़बड़ी और वोटर लिस्ट में कथित हेरा फेरी करने का आरोप लगाते हुए सरकार पर तीखा हमला किया। ये वहीं मुद्दे है जो राहुल गांधी बिहार विधानसभा चुनाव के पूर्व वहां कराए जा रहे एसआईआर के खिलाफ उठाते रहे हैं और उन्होंने बाकयदा वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा लगाते हुए बिहार में एक यात्रा भी निकाली थी। किन्तु वोट चोरी का उनका यह मुद्दा टॉय-टॉय फिस हो गया था। बिहार विधानसभा चुनाव में इस मुद्दे का कोई असर नहीं हुआ और वहां रिकार्ड तोड़ मतदान हुआ तथा एनडीए ने 202 सीटें जीत कर नया इतिहास रच दिया। जबकि वोट चोरी का आरोप लगाने वाले महागठबंधन को सिर्फ 35 सीटें मिल पाई। इसके बाद भी राहुल गांधी लगातार एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग और केन्द्र सरकार के खिलाफ हमलावार रूख अख्तियार किए हुए है। उन्होंने संसद में भी अपने वहीं दोहराए और सवाल उठाया कि चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से सीजेआई को क्यों हटाया गया और इसके पीछे सरकार का क्या मकसद है। इसी तरह उन्होंने चुनाव आयुक्तों को सजा से छूट के प्रावधान पर भी सवालियां निशान लगाए सीसीटीवी में मौजूद डेटा से संबंधित कानून को बदले जाने पर भी आपत्ति दर्ज कराई। यहीं नहीं कांग्रेस नेताओं ने तो बारह राज्यों में एसआईआर कराने के फैसले को ही गैरकानूनी करार दे दिया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सभी संस्थाओं पर कब्जा करके वोट चोरी करा रहा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोरी को देशद्रोह करार दिया। इस तरह उन्होंने मौजूदा एनडीए सरकार को ही देशद्रोही ठहरा दिया। जब उन्होंने इतने गंभीर आरोप लगाए तो इसका सत्तापक्ष की ओर से करारा जवाब भी मिला। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी के वार पर पलटवार करते हुए कहा कि वोट चोरी तो कांग्रेस की तात्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कराई थी। जिसके लिए उनके खिलाफ कार्रवाई हुई थी। नतीजतन उन्होंने देश पर आपातकाल थोप दिया था और राष्ट्रपति को रबर स्टैम्प बना कर रख दिया था। जिस ईवीएम पर कांग्रेस आपत्ति उठा रही है उसका उपयोग कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही शुरू हुआ था और ईवीएम की विश्वसनीयता पर तो अब सुप्रीम कोर्ट ने भी अपनी मुहर लगा दी है। इसके लिए बावजूद कांग्रेस पार्टी और अन्य विपक्षी दल चुनाव दर चुनाव हारने का ठीकरा कभी ईवीएम पर तो कभी चुनाव आयोग पर फोड़ रहे हैं जो उचित नहीं है। कुल मिलाकर चुनाव सुधार के नाम पर संसद में हुई चर्चा में विपक्ष ने सिर्फ अपने पराजय की भड़ास ही निकाली है। चुनाव प्रक्रिया में सुधार के नाम पर कोई सार्थक चर्चा नहीं हुई है। जबकि चुनाव प्रक्रिया में निरंतर सुधार की गुजांइश बनी हुई है ताकि चुनाव और पारदर्शी तरीके से हो सके और उसकी स्वतंत्रता व निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करने का मौका ना मिले। किन्तु इस मुद्दे पर सार्थक चर्चा करने की जगह संसद में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच सिर्फ आरोप प्रत्यारोप ही लगे और इससे संसद का कीमती समय व्यर्थ नष्ट हुआ।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ स्वस्थिति से परिचय हो गया है अब परस्थिति की चिंता क्यों करें?

◆ प्रकृति तुम्हें अधिकार नहीं दी दुखी होने का और तुम दुखी हो गए? मौज करिए, मौज में रहिए और मस्त रहिए और परिस्थिति के लिए बस यही सोचिए आई है तो जायेगी भी।

◆ तो हर फिक्र को मुस्कुराहटों में उड़ा दो, जो होगा सर्वोत्कृष्ट होगा क्योंकि सद्गुरू जो करते हैं सर्वोत्कृष्ट ही करते हैं।

◆ तुम जिस तरह भगवान को भजोगे, भगवान भी तुम्हें उसी तरह भजेगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 11 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ निम्न प्रकार है। 1687: ईस्ट इंडिया कंपनी ने मद्रास में नगर निगम बनाया था। 1845 : पहला आंग्ल सिख युद्ध भड़का। 1882: तमिल कवि और पत्रकार सुब्रह्मण्यम भारती का जन्म हुआ । 1911 : मिस्र के उपन्यासकार नजीब महफूज का जन्म। वह साहित्य का नोबेल पुरस्कार जीतने वाले पहले अरबी लेखक बने। 1922 : हिंदी सिनेमा के हरदिल अजीज अभिनेता और राज्यसभा के पूर्व सदस्य दिलीप कुमार का जन्म। उनका वास्तविक नाम 'मोहम्मद युसूफ़ ख़ान' है। 1931 : आध्यात्मिक गुरु रजनीश (जो अपने अनुयाइयों में आचार्य रजनीश और ओशो के नाम से प्रसिद्ध थे) का जन्म हुआ। हालांकि उनका वास्तविक नाम चंद्र मोहन जैन था। 1935 : पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी का जन्म। 1936 : अमेरिका की एक तलाकशुदा महिला से विवाह की इच्छा पूरी नहीं होने पर ब्रिटेन के किंग एडवर्ड अष्टम ने स्वेच्छा से तख्तो-ताज छोड़ दिया। 1941 : जर्मनी और इटली ने अमेरिका के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी।

श्री पबित्रा मार्गेरिटा

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान(निफ्ट) ने भारत भर में अपने 19 परिसरों के माध्यम से, शिल्पकारों और समकालीन डिजाइनरों के बीच सेतु का निर्माण किया है ताकि आधुनिक डिजाइनों में हमारी परम्परा की झलक भी मिल सके। भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री ने 366 से अधिक हस्तशिल्पों को संरक्षित किया है। इससे सामुदायिक प्रतिभा की सुरक्षा सुनिश्चित होती है और उन्हें सही में मान्यता मिलती है। मैं असम राज्य से हूँ, वहां के कई पारंपरिक हस्तशिल्पों जैसे कि सर्थेबारी मेटल क्राफ्ट, माजुली मास्क, बिहू ढोल, जापी, पानी मेतेका, आशारिकांदी टेराकोटा और बोडो समुदाय के कई अन्य हस्तशिल्पों को हाल ही में भौगोलिक संकेत (जीआई टैग) पंजीकरणों की मान्यता मिली है जो कि बहुत लंबे समय से अपेक्षित थी। प्रत्येक पंजीकरण यह दर्शाता है कि कैसे असम या पूरे भारत के हर कोने में विविधता की झलक मिलती है जो दशकों तक उपेक्षित रहने के बाद, आज राष्ट्रीय मंच पर एक नया स्थान पा रही है।

परिवर्तन से गुजरती परंपरा: भारतीय हस्तशिल्प गढ़ रहे हैं आधुनिक डिजाइन की पहचान

परिवर्तन को दर्ज करने वाला क्षण

ग्रामीण असम में शिल्पकारों की एक बस्ती की हाल की यात्रा के दौरान एक सामान्य से दृश्य में भारत के हस्तशिल्प तंत्र में आ रहे गहरे बदलाव की झलक दिखाई दी। अनेक शिल्पकार सूखी हुई जलकुंभी को बुन रहे थे। लेकिन ये शिल्पकार वे परंपरागत टोकरियां नहीं बना रहे थे जिन्हें उनका समुदाय सदियों से बुनता आ रहा है। इसके बजाय वे कॉरपोरेट बैठकों के लिए खूबसूरत ऑफिस फोल्डर बना रहे थे। उनके हाथ पीढ़ियों से जारी कला को आगे बढ़ाते हुए चिरपरिचित लय में चल रहे थे। लेकिन उनके उत्पाद और उद्देश्य, दोनों ही पूरी तरह से बदल चुके हैं। हम 08 से 14 दिसंबर, 2025 तक राष्ट्रीय हस्तशिल्प दिवस मना रहे हैं। ऐसे में, यह दृश्य भारत के हस्तशिल्प परिदृश्य में एक मूक क्रांति का प्रतीक है। हमारी जीवंत हस्तशिल्प परंपराओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव आ रहा है। उनका नई जगहों, नए बाजारों और नूतन भविष्य में विस्तार हो रहा है। मूल विशेषताओं की शुद्धता बरकरार रहने के बावजूद माध्यमों और स्वरूपों में जो विकास हो रहा है उसकी कल्पना एक दशक पहले शायद ही की जा सकती थी।

जीवंत ज्ञान प्रणाली के रूप में हस्तशिल्प

इस विकास को समझने के लिए यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि भारतीय हस्तशिल्प सिर्फसुंदरता की वस्तु नहीं रहे हैं। वे सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक परंपराओं में गहराई से रची-बसी जीवंत ज्ञान प्रणालियां हैं। मधुबनी में महिलाएं परंपरागत तौर पर त्यौहारों, शादियों और जीवन संस्कारों के दौरान ताजा लेपी गई दीवारों पर चावल के पेस्ट से पेंटिंग बनाती थीं। इन चित्रों में मछली को जनन क्षमता और मोर को प्रेम का प्रतीक माना जाता था। चित्रण अपने मूल में व्यक्तिगत के बजाय सामूहिक हुआ करता था। गोंड समुदाय के लिए पेंटिंग उसके जीव संबंधी विश्वासों तथा जंगलवासी प्राकृतिक शक्तियों और रक्षा करने वाली आत्माओं से जुड़ी है। उनकी कला सिर्फसुंदर ही नहीं, बल्कि वाचक परंपरा में जड़ों वाला अनुष्ठानिक ब्रह्मांड विज्ञान भी है। स्वरूपों को हमेशा उपयोग ने गढ़ा है। असम में जलकुंभी को सुखाने के बाद बुन कर घर में काम आने वाली टोकरियां बनाई जाती हैं। कर्नाटक में लाख के लेप वाले चन्नपटना काष्ठ खिलौने बच्चों के खेलने के काम आते हैं। उन्हें पीढ़ियों से खराद पर बनाया जाता रहा है। माध्यम, स्वरूप और आकृति को एकदूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। वे विशिष्ट अनुष्ठानिक और कार्यात्मक संदर्भों से आबद्ध हैं।

परंपरा का आधुनिक अभिव्यक्ति में विस्तार

आज जो हो रहा है, वह परंपरा से अलग नहीं, बल्कि उसका विस्तार है। मूलभाव, पैटर्न और तकनीकें अभी भी

पहचानी जा सकती हैं, लेकिन उनके प्रयोग आश्चर्यजनक रूप से समकालीन हो गए हैं। यह बदलाव केवल एक आयामी नहीं, बल्कि बहु-आयामी है। मधुबनी की मछली, जो कभी एक बड़ी प्रजनन कथा का हिस्सा हुआ करती थी, अब तकिए, टोट बैग और फोन कवर पर दिखाई देती है, जिसे आज के समय के अनुसार इस्तेमाल के लिए नया रूप दिया गया है। गोंड के गहरे रंगों वाले जानवर और पौधे और ज्यामिति डिज़ाइन आज अपने पौराणिक संदर्भ से बाहर भी सराहे जाते हैं। हालांकि, सबसे बड़ा परिवर्तन माध्यम में आया है। जलकुंभी आज कॉर्पोरेट फोल्डर और डिज़ाइनर हैंडबैग का रूप ले रही है। मधुबनी कला मिट्टी की दीवारों से हटकर लकड़ी के फर्नीचर, वस्त्रों और चमड़े के सहायक उपकरणों पर की जाने लगी है। चन्नपटना शिल्प, जो कभी केवल खिलौनों में ही दिखता था, अब सजावटी नक्शों, झूमरों, गृह सज्जा और डिज़ाइनर फर्नीचर में दिखाई देता है। पारंपरिक लाख का अभी भी इस्तेमाल हो रहा है लेकिन उसका रूप पूरी तरह आधुनिक हो गया है। यह बदलाव आज के अनुकूल है, न कि उसका कमजोर पड़ना।

भारतीय शिल्प पर आधारित फैशन की वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख पहचान बन गयी है, जिसमें पारंपरिक कढ़ाई को 'पेरिस हौते कॉउचर वीक' में प्रदर्शित किया गया था। नेशनल गैलरी ऑफ विक्टोरिया जैसे संग्रहालयों में अब ÷ट्रांसफॉर्मिंग वर्ल्ड्स÷ जैसी प्रदर्शनियाँ गोंड और मधुबनी कला और उनके आधुनिक रूपों को उनकी संस्कृति या समाज के संदर्भों के बजाय समकालीन कला के तौर पर चित्रित कर रही हैं।

नेतृत्व और सरकारी हस्तक्षेप परिवर्तन को गति दे रहे हैं

इस परिवर्तन को राष्ट्रीय नेतृत्व और रणनीतिक सरकारी हस्तक्षेपों से महत्वपूर्ण समर्थन मिला है। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व ने इस आंदोलन को असाधारण गति दी है। उनका 'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल टू ग्लोबल' का बार-बार किया गया आह्वान कारीगरों के प्रति उनके गहरे लगाव को दर्शाता है। वह हमेशा नागरिकों से स्थानीय उत्पाद खरीदने का आग्रह करते हैं, जैसा कि उन्होंने स्वयं कहा है कि: ÷जब हम ऐसा करते हैं, तो हम केवल सामान नहीं खरीदते हैं; हम एक परिवार के लिए आशा लाते हैं, एक कारीगर की कड़ी मेहनत का सम्मान करते हैं, और एक युवा उद्यमी के सपनों को पंख देते हैं।÷ उन्होंने अपने नवीनतम ÷मन की बात÷ संबोधन में बताया कि वह विश्व के नेताओं के साथ मुलाकातों के दौरान जानबूझकर हाथ से बने भारतीय उत्पादों को ही उपहार के रूप में क्यों देते हैं। ऐसा करके वह यह सुनिश्चित करते हैं कि वह जहाँ भी जाएँ उनके साथ साथ भारत की समृद्ध शिल्प विरासत भी जाये। उन्होंने कहा की कि यह केवल प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि यह उनकी ओर से भारत की कलात्मक विरासत को प्रदर्शित करने का एक तरीका है ताकि हमारे कारीगरों की प्रतिभा को दुनिया भर के सामने लाया जा सके। विभिन्न सरकारी पहलें इस परिवर्तन को गति दे रही हैं। वस्त्र मंत्रालय, विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) के माध्यम से, राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम के तहत कारीगरों को कौशल विकास, क्लस्टर-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम, विपणन सहायता, अवसंरचना और प्रौद्योगिकी सहायता और ऋण उपलब्ध कराकर सीधे सहायता प्रदान कर रहा है। (लेखक कपड़ा और विदेश राज्य मंत्री हैं)

महेन्द्र तिवारी

जो डेटा करोड़ों नागरिकों के KYC फॉर्मों, बैंकों, टेलिकॉम कंपनियों या सरकारी पोर्टलों के माध्यम से निकला है, वह पहले ही कई हाथों में घूम चुका होता है। ऐसे में, ब्लॉकिंग का आदेश वास्तविक नुकसान को रोकने की बजाय एक प्रतीकात्मक उपाय बनकर रह जाता है। बात केवल तकनीकी जोखिमों या साइबर ठगी के बढ़ते मामलों तक सीमित नहीं है। सामाजिक-मानसिक तनाव, असुरक्षा की भावना, खासकर महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, पत्रकारों, कार्यकर्ता और राजनीतिक-सामाजिक रूप से सक्रिय व्यक्तियों के लिए कहीं अधिक खतरनाक हो सकती है। जब किसी की पहचान और लोकेशन तक पहुंच आसान हो जाए तो हिंसा, पीछा करने, समुदाय आधारित टारगेटिंग और उत्पीड़न की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। भारत में साइबरक्राइम पहले ही तेज़ी से बढ़ रहा है; ऐसे लीकउसके लिए उर्वर भूमि का काम करते हैं।

क्या आपका पर्सनल डेटा सुरक्षित है?

भारत में Pro&yEarth.org का मामला केवल एक और वेबसाइट के डेटा-लीक की खबर नहीं है; यह उस व्यापक संकट का आईना है जो डिजिटल पहचान, टेलिकॉम-आधारित चङ्क्षष्ट प्रणालियों और सरकारी डेटा सुरक्षा के दावों पर गहरा अविश्वास खड़ा करता है। इस घटना ने एक बार फिर दिखाया है कि आज भारतीय नागरिक का मोबाइल नंबर किस तरह उसकी पूरी डिजिटल पहचान का प्रवेश-द्वार बन चुका है। उस नंबर के आधार पर किसी व्यक्ति का नाम, पता, संबंध, पहचान-प्रपत्रों की जानकारी और यहां तक कि लोकेशन तक उपलब्ध होने का अर्थ है कि उसकी निजताव्यवहार मेंएक मृगतृष्णा मात्र बची है। यह स्थिति केवल अमूर्त ÷प्राइवेसीअधिकार÷काहननहीं, बल्कि वास्तविक और तात्कालिक जोखिमों का सूत्रपात भी है।

Pro&yEarth.org की कार्यप्रणाली किसी जटिल या अत्याधुनिक हैकिंग तकनीक पर आधारित नहीं थी। उपलब्ध साक्ष्यों से यह स्पष्ट होता है कि वेबसाइट ने कोई नया डेटा चुराया नहीं, बल्कि वर्षों से विभिन्न लीकटेलिकॉम कंपनियों के चङ्क्षष्ट रिकॉर्ड, आधार-आधारित e-KYC डेटा, फिनटेक और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों के डेटाबेस, और डार्कवेब पर बिक चुके संवेदनशील पहचान-प्रपत्र—सबको जोड़कर एक सर्चटूल में बदल दिया। इस प्लेटफॉर्म का संचालन करने वाले व्यक्ति ने स्वयं स्वीकार किया कि उसने केवल पहले से उपलब्ध डेटा को एक जगह इकट्ठा किया है। लेकिन यह दलील उतनी ही खतरनाक ह ैजितनी भ्रांतिपूर्ण, क्योंकि जानकारी की अव्यवस्थित, अंधेरी फाइलों से निकलकर एक आसान, कोई-भी-खोज-कर-ले

वेबसाइट बन जाना स्वयं में बहुत बड़ा जोखिम है। विखंडित लीक भले हजारों की संख्या में फैले हों, पर उन सबका एकीकृत, खोजनीयडेटाबेस बन जाना व्यावहारिक रूप से एक नए डेटा-लीक से किसी भी तरह कम नहीं।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस वेबसाइट ने केवल पहचान संबंधी स्थिर डेटा जैसे नाम, पिता का नाम, पताही नहीं, बल्कि टॉवर-ट्राइएंगुलेशन पर आधारित लोकेशन भी दिखाई। चाहे यह live location वास्तव में पल-पल सटीक न रही हो, पर इतनी भी निकटता पर्याप्त है कि कोई व्यक्ति किसी दूसरे की भौतिक उपस्थिति का अंदाज़ा लगा सके या उसे डराने, ट्रैक करने और पीछा करने के लिए उपयोग कर सके। हमें यह मान लेना चाहिए कि आज लोकेशन डेटा, निजी पते और पारिवारिक विवरण जैसे तत्व किसी व्यक्ति की सुरक्षा के केंद्र में हैं; ऐसे में इनका इतने सहज तरीके से उपलब्ध हो जाना सीधे-सीधे नागरिकों की सुरक्षा पर आघात है।

Pro&yEarthकी घटना का प्रभाव इसलिए भी गहरा है क्योंकि यह उस मॉडल को उजागर करती है जिस पर पूरे देश का डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर निर्भर हैएक ऐसा मॉडल जिसमें पहचान, सत्यापन और प्रमाणीकरण का आधार मोबाइल नंबर, आधार और KYC डेटा है, जिसे अब तक सुविधा और इनोवेशन के नामपरव्यापक रूप से अपनाया गया है। यह तर्क दिया जाता रहा है कि आधार-आधारित सेवाएं तेज़, सुरक्षित और भरोसेमंद हैं, परंतु हर कुछ महीनों में सामने आने वाले इस प्रकार के लीक बतलाते हैं कि जिस मजबूत सुरक्षा तंत्र की बात की जाती है, उसमें वास्तव में कई छेद मौजूद हैं। और सबसे दुखद यह है कि इन छेदों की जिम्मेदारी लेने के लिए कोई संस्थान निजी और न ही सरकारीस्पष्ट रूप से आगे आती है। लीक के बाद संस्थाएं डेटा हमारे सिस्टम से नहीं गया या हमारे पास कोई ब्रीच का प्रमाण नहीं कहने में ज़्यादातत्पर दिखाई देती हैं, जबकि नागरिक अपने ही डेटा से उत्पन्न जोखिमों का बोझ अकेले झेलते हैं। एक अन्य पक्ष यह भी है कि भारत में डेटा सुरक्षा को लेकर नियामकीय संरचना अक्सर प्रतिक्रियात्मक रही है, न कि सक्रिय। CERT-In के पास वेबसाइट ब्लॉक करने का अधिकार अवश्य है, और पिछले वर्षों में उसने कई साइटों पर कार्रवाई की भी है, पर यह कदम समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। वेबसाइट को ब्लॉक कर देना एक तात्कालिक उपाय है; असली प्रश्न यह है कि लीक हुए डेटा को वापस कैसे लिया जाए, या कम से कम यह सुनिश्चित कैसे किया जाए कि आगे ऐसा न हो।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जुबां हाथ भर की रही है हमेशा

जुबां हाथ भर की रही है हमेशा लड़ाई रही है सोच कर जरा बात कर तू सदा प्रीत दासी रही है हुआ युद्ध जो कौरवों में वहाँ जीत सच्ची रही है नियन्त्रण करे जीभ पर जो करूणा खुदा की रही है हुआ जब पराजित दशानन नजर जो गलत सी रही है जहाँ में छिड़ी जंग इसी की दिलों में रिहाई रही है सुई के बराबर नहीं भू यहीं तो मनाही रही है पटे बन्धुओं में न बिल्कुल न रिश्तों सिधाई रही है बिका प्रेम है आज फिर से न अब खानदानी रही है। **मधु त्रिवेदी**

अमृत बरसाता है चाँद व्रत को

अमृत बरसाता है चाँद व्रत को खुलवाता है चाँद सुन्दरता का बना प्रतीक मनमोहक लगता है चाँद. चाँद सा चेहरा, चाँद का टुकड़ा कभी खिलौना बना ये चाँद जिनके सिर पर बाल नहीं है कहे लोग चमके है चाँद. चाँद है शीतल, चाँद है सुन्दर चाँदी का गोला सा चाँद चाँद है पावन और मनभावन शिवशंकर के भाल पे चाँद। चाँद सी महबूबा सब चाहे रात चाँदनी सबको भाये शादी करते ही हर जोड़ा जल्दी से हनीमून पे जाये। **जे डी कुदाल**

अब नहीं कहना है कुछ भी

अब नहीं कहना है कुछ भी सिर्फ सुनना चाहती हूँ नींद में खोकर न कोई ख्वाब बुनना चाहती हूँ लौटकर वापस न आऊँ रास्ते वो मत दिखाओ मंज़िलों की राह अब मैं खुद ही चुनना चाहती हूँ! **नीरू श्रीवास्तव**

हर जिस्म में मैं, रूह तलाशता

हर जिस्म में मैं, रूह तलाशता रह गया, हर आँख में मैं आँखों से जिस्म की, खाक छानता रह गया, हर नज़र मेरे तन के लिबाश को, तार-तार करती गई, हर नज़र बेवज़ह ही जिस्म के, हिस्से-हिस्से में उतरती गई, देखते-देखते दर्द बढने लग गया, समय सरकने लग गया, देखते-देखते रूह मासूमियत खोने लगी, जज्बात भीतर-भीतर सिमटने लगे, रूह जलने लगी, तन सुलगने लगे। **नमन कुमार मिश्रा**

आज मौसम ही इतना सुहाना

आज मौसम ही इतना सुहाना है गुल बहारों का जादू चल जाएगा। रेशमी रेशमी सी छठा देख कर आशिकी के लिए मन मचल जाएगा। दूर तक है सितारों भरी यामिनी फूल के खेत पर सो गई चांदनी रस भरी गंध महकेगी जब बाग़ से गुनगुनाता भंवरा मचल जाएगा आज मौसम रात में नशीली सी लहर बह रहीं लग रहा जाम पीकर हवा चल रहीं जिन्दगी की महक सी फिज़ाओं में हैं रंज तो मोम जैसा पिघल जाएगा आज मौसम। **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

कभी चेहरे मत देखो कहानियाँ

कभी चेहरे मत देखो कहानियाँ सुनो। क्योंकि मुस्कानें उधार ली जा सकती हैं। पर दिल की थकान छुपती नहीं। हर इंसान एक कहानी लिए चलता है। जो वो बताना नहीं चाहता, और जो दुनिया सुनना नहीं चाहती। चेहरे पर मत जाओ, किसी की चुप्पी समझना सीखो वहीं उसकी असली कहानी रहती है। आपके हिसाब से कौन सी कहानी सबसे मुश्किल है? **रेणू सिंघल**

सुनो तुम्हारा बहरापन-नहीं सुन सकता

सुनो तुम्हारा बहरापन- नहीं सुन सकता कभी मेरा सुनो कहना भी मगर फिर भी मैं कहती हूँ सुनो और मेरे तसव्वुर में तुम मुझे सुन लेते हो कभी- कभी और मैं मन ही मन हो जाती हूँ फ़िदा तुम्हारी उस हूँ पर, कितनी ही बार लगातार। **शुचि भवि**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष: आज आपकी तार्किक शक्ति बढ़ी हुई रहेगी लेकिन इसका सही जगह प्रयोग नही करेंगे। प्रत्येक कार्य वह चाहे घरेलू हो अथवा व्यावसायिक उसमे कुछ ना कुछ नुक्स ही निकालेंगे।

वृष: आज के दिन आप स्वयं ही कलहकारी परिस्थितियों का निर्माण करेंगे। जबरदस्ती किसी के कार्यो में दखल देने अथवा बिना मांगे राय देने से बेज्जती हो सकती है इसका ध्यान रखें।

मिथुन: आज दिन के आरंभ में आर्थिक लाभ की संभावनाए बनेंगी इनके मध्यान के आस-पास पूर्ण होने की संभावना है। व्यवसायी वर्ग आज एक साथ कई कार्यो में भाग्य आजमाएंगे।

कर्क: आज का दिन भी आपके लिए विशेष नही रहेगा। आज आप संचित धन के ऊपर ही निर्भर रहेंगे आर्थिक लाभ होते होते टल ने पर निराश होंगे।

सिंह: आज का दिन शुभ फलदायी है आज आप दिन के आरंभ में अपने कार्यो के प्रति लापरवाही करेंगे परन्तु धीरे धीरे व्यस्तता बढ़ने के साथ ही कार्य शैली में निखार आएगा मानसिक रूप से चंचल भी रहेंगे।

कन्या: आज के दिन भी आप किसी ना किसी कारण से परेशान रहेंगे। सेहत आज भी प्रतिकूल रहेगी लेकिन कल की अपेक्षा में थोड़ा सुधार अवश्य आएगा।

तुला: आज का दिन आपको सभी जगह से मान-सम्मान दिलाएगा। आज आपकी जीवनशैली भी उच्चवर्गीय जैसी रहेगी। कैसी भी परिस्थितियां हो खर्च करने से पीछे नही रहेंगे आडम्बर भी आज कुछ अधिक रहेगा।

वृश्चिक: आज का दिन भी आपके अनुकूल बना हुआ है लेकिन आज किसी महत्त्वपूर्ण कार्यो को लेकर अन्य के भरोसे बैठना पड़ेगा जिसमे निराशा मिलने की संभावना अधिक है।

धनु: आज का दिन आपके लिये साधारण रहेगा। आज आप मानसिक रूप से शांत एवं संतुष्ट रहेंगे लेकिन महिलाओ के मन मे कुछ ना कुछ तिकड़म लगी रहेगी।

मकर: आज के दिन भी परिस्थितियां आपकी आशाओ के विपरीत रहने वाली है धन संबंधित अथवा अन्य महत्त्वपूर्ण कार्य आज निरस्त करने ही बेहतर रहेगा।

कुंभ: आज दिन के आरंभ में आप किसी कार्य को लेकर दुविधा में रहेंगे लेकिन बाद में उसी कार्य को करने पर धन लाभ के साथ ही सम्मान भी बढ़ेगा।

मीन: आज का दिन आपके लिये थोड़ा उलझनों वाला रहेगा। आज कोई भी कार्य भाग दौड़ किये बिना बनाना संभव नही रहेगा व्यवसायी वर्ग भी आज मंदी रहने के कारण लेदेकर काम बनाने के चक्कर मे रहेंगे।

QUIZ TIME

1) 1800 ई.पू.में सम्राट हम्मुराबी की राजधानी क्या थी?

2) सभी ज्ञात धूमकेतु किस 'गैलेक्टिक क्लाउड' से उत्पन्न माने जाते हैं?

3) सूचना के अधिकार का प्रयोग सर्वप्रथम किस राज्य में किया गया?

4) चंद्रयान-3 के किस उपकरण ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास तापमान को मापा है?

5) किसे वनजीवी या चेटटू रामैया के नाम से जाना जाता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बेबीलोन (2) द ऊर्ट क्लाउड (3) तमिलनाडु (1997) (4) चंद्रा का सतह थर्मो-फिजिकल प्रयोग (5) दारिपल्ली रामैया

शब्द सागर

शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर सीएम साय ने किया माल्यार्पण

बलिदान को याद कर दी श्रद्धांजलि

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के महान क्रांतिकारी और प्रदेश के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जयस्तंभ चौक पहुंचे, जहां वे आयोजित शहादत दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. उनके साथ कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम और केदार कश्यप भी मौजूद रहे. सीएम साय ने दी श्रद्धांजलि -मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आज शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस है.

सभी लोग यहां श्रद्धांजलि अर्पित करने आए हैं. शहीद वीर नारायण सिंह सोनाखान के जमींदार थे, उन्होंने अंग्रेजों के शोषण और अत्याचार के खिलाफलड़ाई लड़ी, अकाल पड़ने पर अंग्रेजी हुकूमत के गोदाम पर अनाज था, लोग भूखमारी से मर रहे थे, उनसे देखा नहीं गया और अनाज निकालकर सब में बांट दिया था ।

रायपुर जिले के नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रचलित गाइड लाइन का पुनरीक्षण नई दर तैयार

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले में गाइड लाईन दरों का विगत 2017-18 से पुनरीक्षण नही हुआ था। इस दौरान नगरीय निकाय विशेषकर रायपुर निगम के वार्डो का परिसीमन वर्ष 2019 एवं 2024 को दो बार हो चुका था। परन्तु उक्त दो बार हुए नगर निगम के वार्डो के परिसीमन के बावजूद अद्यतन परिसीमन अनुसार गाइड लाईन तैयार नहीं हुआ था। जिससे सम्पत्ति के वर्तमान वार्ड एवं गाइड लाइन का वार्ड भिन्न-भिन्न था. जिससे लोगों को सम्पत्ति के गाइड लाइन दर को जाने में अत्यधिक असुविधा एवं भ्रन्ति होती थी। जैसे नगर निगम रायपुर के वार्ड नं.

09 गाइड लाईन में वार्ड नं. 26 का क्षेत्र आता था। इसी प्रकार नगर निगम रायपुर के वार्ड नं. 07 गाइड लाईन में वार्ड नं. 26 एवं 27 का क्षेत्र आता था। ऐसे ही पूरे निगम क्षेत्र में वर्तमान परिसीमन का वार्ड क्रमांक एवं पूर्व प्रचलित गाइड लाईन के वार्ड क्रमांक/क्षेत्र में भिन्नताएं थी। वर्ष 2017-18 से अब तक रायपुर नगर निगम एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में अनेक प्रमुख मार्ग, कालोनी, व्यवसायिक क्षेत्र / काम्पलेक्स, औद्योगिक क्षेत्र, नवीन बसाहट आदि विकसित हो गये है. इन विकसित हुए प्रमुख मार्ग, कालोनी, व्यवसायिक क्षेत्र / काम्पलेक्स, औद्योगिक क्षेत्र, नवीन बसाहट का गाइड लाईन में समावेशन नहीं हो पाया था. इसके अलावा पूर्व के प्रचलित गाइड लाईन में अनेक विषंगतियां जैसे- समान परिस्थिति / स्थिति में एक ही मार्ग के दर भिन्न- भिन्न होना, एक क्षेत्र का अनेक दर होना, समान परिस्थिति के क्षेत्र का अनेक दर होना, एक ही क्षेत्र में स्थित स्वीकृत अभिविन्यास की कालोनियों का दर भिन्न-भिन्न होना जैसे अनेक विसंगतियां/विषमता थी. गाइड लाईन का पुनरीक्षण नही होने से उक्त विसंगतियों को दूर नही किया जा सका था. इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र के एक ही मार्ग में स्थित ग्राम तथा एक परिस्थिति के आस-पास के ग्राम के दरों में बहुत ही भिन्नता एवं विषमता थी. उपरोक्त समस्त कारणों को ध्यान में रखते हुए पूर्व प्रचलित गाइड लाईन दरों का समग्र एवं तार्किक पुनरीक्षण किया जाना नितांत आवश्यक हो गया था। जिससे गाइड लाईन दर आम जनता के समझने एवं जानने में सरल एवं सहज हो सके. जिस हेतु रायपुर जिले के नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रचलित गाइड लाईन का पुनरीक्षण कर नवीन गाइड लाईन दर तैयार किया गया है।

सरकार ने बढ़ाई किसान पंजीयन की तारीख

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के धान किसानों के लिए अच्छी खबर है। अलग-अलग कारणों की वजह से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए अपना पंजीयन नहीं करा पाने वाले किसान 15 दिसंबर तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। कृषि विकास एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समिति एग्रीस्टैक पोर्टल पर लॉगिन की सुविधा के लिए सभी कलेक्टरों और संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही कैरीफॉरवर्ड, डूबान-वन पट्टाधारी कृषकों के पंजीयन सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंजीयन की तारीख को 15 दिसंबर 2025 तक बढ़ा दिया गया है। 15 दिसंबर तक किसान करा सकते हैं पंजीयन -प्रदेश में धान खरीदी जारी है। इसके बाद भी कई जिलों में किसान पंजीयन को लेकर परेशान हैं। एकीकृत किसान पोर्टल के साथ ही एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन नहीं होने के कारण किसान धान भी नहीं बेच पा रहे। किसानों की इस परेशानी को देखते हुए राज्य सरकार ने किसान पंजीयन की तारीख बढ़ा दी है। अब किसान एग्रीस्टैक पोर्टल पर 15 दिसंबर तक पंजीयन करा सकते हैं।कृषि मंत्री ने जारी किए निर्देश-किसानों को पंजीयन को लेकर हो रही समस्या को देखते हुए कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करने निर्देश दिए थे। इस संबंध में मंत्रालय महानदी भवन से जारी पत्र में एग्रीस्टैक पोर्टल एवं एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन और तकनीकी समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए तहसीलदारों एवं समितियों अंतर्गत कृषि विभाग के नोडल अधिकारियों से अपेक्षा की गई है।

चिरायु योजना बच्चों के लिए बनी वरदान

- माता-पिता के जीवन में जगी नई उम्मीद
- परिजनों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति जताया आभार

रायपुर/ नवप्रदेश। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम व चिरायु योजना में शून्य से 18 वर्ष तक के बच्चों में जन्मजात हृदय रोग, मोतियाबिंद, कटेफ्टे होट, टेढेमेढे हाथ-पैर समेत 44 की गंभीर बीमारियों के इलाज का पूरा खर्च शासन द्वारा उठाया जाता है। इसमें स्वास्थ्य विभाग का चिरायु दल बच्चों की स्क्रीनिंग कर शासन को रिपोर्ट भेजता हैं, जिसके आधार पर बच्चों के इलाज के लिए फंड जारी होता है। ऐसे बच्चे जिनका इलाज निःशुल्क किया जाना है, स्वजन स्वास्थ्य विभाग से भी संपर्क कर सकते हैं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु योजना बच्चों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। इस योजना ने न केवल कई मासूम बच्चों को नई जिंदगी दी है, बल्कि गरीब परिवारों के चेहरों पर भी फिर से मुस्कान लौटा दी है। जिले में बीमारी की पुष्टि होने पर 3 बच्चों को रायपुर ले जाकर उनका सफल एवं निःशुल्क ऑपरेशन कराया गया। तीनों बच्चे स्वस्थ हैं और उनके मासूम चेहरों की मुस्कान माता-पिता के जीवन में नई उम्मीद और सुकून भर रही है।

तीनों बच्चों के चेहरे की लौटी मुस्कान

बीमारी की पुष्टि होने पर 3 बच्चों को रायपुर ले जाकर उनका सफल एवं निःशुल्क ऑपरेशन कराया गया। इनमें आंगनबाड़ी केंद्र गौटियापारा, कोतबा में जांच के दौरान 4 वर्षीय समीर खड़िया जन्मजात हृदयरोग से पीड़ित पाए गए। चिरायु टीम ने उन्हें रायपुर भेजकर निःशुल्क हृदय ऑपरेशन कराया। इसी प्रकार प्राथमिक शाला धनुपारा, मुड़ाबहला में 8 वर्षीय स्तुति तिर्की में जन्मजात हृदयरोग पाया गया, जिनका सफल उपचार कराया गया और आंगनबाड़ी केंद्र कार्राडांड, चिकनीपानी के 01 वर्षीय जॉन्सन टोप्पो के होंठ एवं तालू में विकृति पाए जाने पर उनका भी रायपुर में निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। आज तीनों बच्चे स्वस्थ हैं और उनके मासूम चेहरों की मुस्कान माता-पिता के जीवन में नई उम्मीद और सुकून भर रही है।

जन्मजात हृदयरोग, कटे-फटे होंठ एवं तालू से पीड़ित बच्चों की जॉच खोज

कलेक्टर जशपुर के निर्देश पर चिरायु टीम जिले के विभिन्न स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में सक्रिय रूप से जाकर बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर रही है। गंभीर बीमारी या जन्मजात विकृति पाए जाने पर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला नोडल अधिकारी चिरायु के मार्गदर्शन में विकासखंड पत्थलगांव की चिरायु टीम के द्वारा अलग-अलग स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर जन्मजात हृदयरोग, कटे-फटे होंठ एवं तालू तथा अन्य शल्य-चिकित्सा योग्य बीमारियों से पीड़ित बच्चों की पहचान की गई।

मॉडल सोलर विलेज के रूप में विकसित होंगे छत्तीसगढ़ के 10 गांव

- पांच हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामों का होगा चयन

रायपुर/ नवप्रदेश। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए अब ग्रामीण क्षेत्रों में जोर दिया जा रहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत जिले में चुनिंदा गांवों को मॉडल सोलर विलेज के रूप में विकसित किया जाएगा। इस दिशा में जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है।

मॉडल सोलर विलेज के लिए पांच हजार से अधिक आबादी वाले राजस्व ग्रामों का चयन किया जाना अनिवार्य है। इस हिसाब से जिले के जिल के लगभग 10 गांव मॉडल सोलर विलेज के रूप में विकसित किए जाएंगे। निर्धारित मानकों के मुताबिक, वह ग्राम प्राथमिकता पाएगा जिसमें गैर-सरकारी माध्यमों से सर्वाधिक सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित की जाएगी। इसी आधार पर अंतिम चयन किया जाएगा।सभी ग्रामों का मूल्यांकन किया जाएगा-अधिक आबादी वाले गांवों की सूची तैयार की जा रही है।

मूल्यांकन क्रेडा के अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक ग्राम का जरूरतों के अनुसार सामुदायिक सौर संयंत्रों के प्रस्ताव तैयार कर जिला स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा। छह माह की अवधि पूर्ण होने पर जिला स्तरीय समिति द्वारा सभी ग्रामों का मूल्यांकन किया जाएगा।यह मूल्यांकन ग्रामीणों द्वारा स्थापित सौर संयंत्रों की संख्या, योजनाओं के लिए किए गए आवेदनों, सामुदायिक सहभागिता, उपलब्ध ऊर्जा सुविधाओं और सौर संसाधनों के उपयोग की आधारशिला पर किया जाएगा।

लोक निर्माण विभाग द्वारा 124.88 करोड़ के 6 सड़कों व पुलों के लिए निविदा को मंजूरी

रायपुर/ नवप्रदेश। लोक निर्माण विभाग द्वारा राज्य में सड़क संपर्क के विस्तार और मजबूती के लिए प्रस्तावित कार्यों व निविदाओं को तेजी से स्वीकृति प्रदान की जा रही है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में सड़कों एवं पुलों के काम शीघ्र प्रारंभ करने के लिए 124 करोड़ 88 लाख रुपए के छह सड़कों और पुलों की निविदा को मंजूरी दी है। उन्होंने इन सड़कों और पुलों के काम जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों और निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय में सभी कार्यों को पूर्ण करने को कहा है।उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बीजापुर जिले में 18 करोड़ 18 लाख रुपए के पुल-पुलिया सहित 12.6 किमी लंबाई के कुटरू से फरसेगढ़ मार्ग, सरगुजा जिले में चैनपुर से खम्हरिया मार्ग पर रेहण्ड नदी पर 11 करोड़ 43 लाख रुपए के उच्च स्तरीय पुल, जशपुर जिले के सिसरिंगा में मछलंग होते हुए 6.5 किमी लंबाई के सहसपुर पहुंच मार्ग तथा 3.1 किमी लंबाई के गोढ़ी से पालीडीह पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए दस करोड़ 54 लाख रुपए की निविदा स्वीकृत की है। उन्होंने सक्ती जिले में 29 किमी लंबे मालखरौदा-छपोरा मार्ग के मजबूतीकरण एवं नवीनीकरण के लिए 53 करोड़ 15 लाख रुपए और बिलासपुर शहर में 10.7 किमी लंबाई के नेहरू चौक से दर्रीघाट मार्ग के लिए 31 करोड़ 58 लाख रुपए की निविदा को भी मंजूरी प्रदान की है। लोक निर्माण विभाग के अंबिकापुर, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता तथा नवा रायपुर स्थित प्रमुख अभियंता कार्यालय द्वारा इन कार्यों की सीधे मॉनिटरिंग की जाएगी।

रियायत बंद करने से भड़के बिजली कर्मी, आंदोलन की चेतावनी

रायपुर/ नवप्रदेश। पीएम सूर्यघर योजना के तहत रूफ्टॉप सोलर प्लांट लगाने के लिए पंजीयन नहीं कराने वाले बिजली अधिकारियों-कर्मचारियों को बिल में मिलने वाली रियायत इस माह से बंद किए जाने से कर्मचारी भड़क गए हैं। कंपनी प्रबंधन के फैसले को अवैधानिक बताते हुए छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ ने रियायत पुनः शुरू नहीं होने पर प्रदेशव्यापी आन्दोलन की चेतावनी दी है। कंपनी प्रबंधन ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत घर पर रूफ्टॉप लगाना अनिवार्य कर दिया है। पोर्टल पर पंजीयन कराने के लिए प्रबंधन ने अधिकारियों-कर्मचारियों को मोहलत भी दी थी। मोहलत खत्म हो गई है और आधे अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी पंजीयन नहीं कराए हैं। जिसके बाद पूर्व घोषणा के अनुसार पंजीयन नहीं कराने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बिल में मिलने वाली रियायत इस माह से बंद कर दी है। इस माह पंजीयन नहीं कराने वाले कर्मचारियों को पूरा बिजली बिल भेजा गया है। इससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों में काफी गुस्सा है। छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ ने पावर कंपनी के चेयरमैन को पत्र लिखकर कंपनी के फैसले को अवैधानिक बताया है। महासंघ के महामंत्री नवरतन बरेठ ने कहा कि कर्मचारी संगठन से बिना कोई चर्चा किए प्रबंधन द्वारा एकतरफा रियायत बंद करने का निर्णय न्यायोचित नहीं है। महासंघ ने कंपनी प्रबंधन को पत्र लिखकर आदेश के क्रियान्वयन के फलस्वरूप होने वाले आर्थिक नुकसान एवं व्यावहारिक दिक्कत से अवगत कराया था। साथ ही सोलर प्लांट लगाने का खर्च कंपनी प्रबंधन द्वारा वहन करने का आग्रह किया गया था। महासंघ ने अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से मिल रहे लाभ को बंद नहीं करने का आग्रह किया था। इसके बाद भी आग्रह को दरकिनार करते हुए कंपनी प्रबंधन ने एकतरफा निर्णय लेते हुए रियायत बंद कर दी।

रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में मरीजों के लिए न्यूरोसर्जन, यूरो सर्जन एवं नेफ्रोलॉजी डॉक्टर की सुविधा

- विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति से होगा लाभ, लोगों को मेडिकल कालेज में ही मिलेगी चिकित्सा

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य के तरक्की और सुशासन के सफर में स्वास्थ्य सुविधाओं का भी विस्तार लगातार हो रहा है। इसी दिशा में स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में दिवंगत अधिष्ठाता डॉ विनीत जैन के द्वारा किए गए प्रयासो के उपरांत शहर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ नितीश नायक ,यूरोसर्जन डॉ के.डी. खरे एवं नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. मीना पटेल सप्ताह में एक दिन चिकित्सा परामर्श देकर इलाज करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति को रायगढ़ मेडिकल कालेज में आने वाले मरीजों के लिए लाभदायक बताया है। उन्होंने कहा कि शासन का प्रयास है कि लोगों को उनके शहरों और गांवों के आसपास ही बेहतर और उच्च चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हों ताकि उन्हें इलाज के लिए लंबी दूरी न तय करनी पड़े और त्वरित तथा बेहतर इलाज से उन्हें स्वास्थ्य लाभ मिले।

अस्पताल अधीक्षक डॉ एम. के. मिंज ने बताया कि न्यूरोसर्जन डॉ. नितीश नायक (मस्तिष्क/रीढ़ की हड्डी के सर्जन),प्रत्येक मंगलवार प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक , यूरो सर्जन डॉ के.डी. खरे (मूत्ररोग विशेषज्ञ)शुक्रवार को चिकित्सालय के भूतल में सर्जरी विभाग की ओ.पी .डी .कक्ष क्रमांक 01 में और नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ मीना पटेल (किडनी / गुर्दा रोग विशेषज्ञ) चिकित्सालय के प्रथम तल में मेडिसिन विभाग के ओ. पी.डी. कक्ष क्रमांक 01 में सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार प्रातः (सुबह)10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक चिकित्सा परामर्श के लिए उपलब्ध रहेगे । इसका लाभ रायगढ़ अंचल सहित आसपास के क्षेत्रों के संबंधित मरीजों को मिलेगा। इससे इलाज के लिए बड़े शहरों पर निर्भरता कम होगी । डॉ. नितीश नायक न्यूरोसर्जन (मस्तिष्क/रीढ़ की हड्डी के सर्जन ÷मस्तिष्क की गांठ, ब्रेन ट्यूमर,स्पाइनल इंज्यूरी,साईटिका, मस्तिष्क की गंभीर चोट, दिमाग का इन्फेक्शन होना, रक्त का थक्का (स्ट्रोक), कमर दर्द, लकवा की बीमारी, रीढ़ की हड्डी का दर्द, मांसपेशी (नसों) के दर्द चलने में कठिनाई, मांसपेशी का कमजोर होना, सिरदर्द, हाथ पांव में दर्द, उठने-बैठने में परेशानी होना और मिर्गी चक्कर आना आदि गंभीर बीमारियों का परामर्श देकर इलाज करेंगे।

पीएम आवास योजना ने बदली हजारों परिवारों की तस्वीर

रायपुर/ नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) पूरे प्रदेश में जरूरतमंद और निम्नवर्गीय परिवारों के सपनों को वास्तविक रूप दे रही है। राज्य के विभिन्न जिलों की तरह बलरामपुर जिले से भी इस योजना के सफल क्रियान्वयन की प्रेरक कहानियाँ सामने आ रही हैंजनपद पंचायत बलरामपुर के ग्राम चंदौरा निवासी श्री शोभित बेक उन लाभार्थियों में शामिल हैं, जिनका जीवन इस योजना के चलते पूरी तरह बदल गया। पहले वे अपने परिवार के साथ मिट्टी के कच्चे घर में रहते थे और सीमित आय के कारण पक्का घर बनाना उनके लिए असंभव था। कृषि और मजदूरी के सहारे चलने वाली आजीविका के बीच सुरक्षित मकान का सपना अधूरा ही दिखता था।वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 1 लाख 20 हजार रुपये की स्वीकृत राशि मिलने से उनका सपना साकार हुआ।

वीडियो बनाकर डेढ़ लाख की मांग, आरोपी गिरफ्तार

रेलवे स्टेशन से युवक का अपहरण कर यौन शोषण

रायपुर/ नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जहां सूरत (गुजरात) मजदूरी करने जा रहा रामानुजगंज का एक युवक अपहरण, मारपीट और यौन शोषण का शिकार बन गया। पीड़ित युवक रेलवे स्टेशन पहुंचा था, तभी एक युवक ने उसे बस पकड़ाने का विश्वास दिलाकर अपने साथ चलने को कहा और उसी भरोसे में युवक उसकी बाइक पर बैठ गया। लेकिन आरोपी उसे रायपुर शहर से दूर एक सुनसान इलाके में स्थित घर ले गया, जहां उसने कमरे में बंद कर बंधक बना लिया।

कैसे हुआ अपहरण?

पीड़ित के मुताबिक, वह सूरत जाने वाली ट्रेन पकड़ने रायपुर आया था। इसी दौरान आरोपी गोविंद उर्फगोविंदा धृतलहरे उससे मिला। आरोपी ने खुद को मदद करने वाला बताते हुए कहा कि वह उसे जल्द बस या ट्रेन की कनेक्टिविटी दिलवा देगा। लेकिन

जैसे ही युवक बाइक पर बैठा, आरोपी उसे घुमाते हुए एक अज्ञात स्थान पर ले गया और घर में कैद कर दिया।

मारपीट के बाद किया अन नैचुरल सेक्स

पीड़ित ने बताया कि कमरे में ले जाकर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और विरोध करने पर धमकाया। इसके बाद आरोपी ने जबरदस्ती अप्राकृतिक कृत्य (अन नैचुरल सेक्स) किया। पीड़ित की चीखें सुनकर भी आरोपी नहीं रुका और पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया।

वीडियो परिजनों को भेजकर दी धमकी

पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने यह वीडियो उसके परिजनों को भी भेजा और कहा कि यदि इसे वायरल होने से बचाना है तो परिवार को डेढ़ लाख रुपये देने होंगे। रकम न मिलने पर वीडियो सोशल मीडिया में फैलाने की धमकी देकर आरोपी लगातार दबाव डालता रहा।

जान बचाकर भागा पीड़ित, दर्ज कराई रिपोर्ट

वारदात के दौरान मौके पाकर पीड़ित किसी तरह वहां से भाग निकला और सीधे अपने गृह क्षेत्र पहुंचा। वहां उसने पूरी घटना की जानकारी परिजनों और स्थानीय पुलिस को दी। मामला गंभीर होने पर रामानुजगंज पुलिस ने जीरो एफआइआर दर्ज कर केस रायपुर के विधानसभा थाना भेज दिया।

विधानसभा थाना ने दर्ज किए कई गंभीर मामले

रायपुर विधानसभा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण, बंधक बनाना, मारपीट, अप्राकृतिक कृत्य, धमकी देना, आइटी एक्ट में अश्लील वीडियो बनाना व भेजना जैसी गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

आरोपी गोविंदा धृतलहरे गिरफ्तार

पुलिस ने तकनीकी और मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी गोविंद उर्फ गोविंदा धृतलहरे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ में यह भी जांच की जा रही है कि क्या वह पहले भी इस तरह लोगों को निशाना बनाता था या उसके साथ कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है।

बकायेदारों पर निगम की सख्ती, 5 व्यवसायिक परिसर को किया सील

- 4 से वसूले गए 11.68 लाख रुपए



रायपुर/ नवप्रदेश। नगर निगम के जोन क्रमांक 10 में कई वर्षों से कर बकाया रखने वाले व्यावसायिक परिसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। निगम आयुक्त, उपायुक्त और जोन-10 के जोन आयुक्त विवेकानंद दुबे के निर्देशानुसार आज वॉर्ड क्रमांक 50, 52, 53 एवं 56 में बकाया न चुकाने वाले 9 व्यावसायिक परिसरों को सील कर दिया गया। इस दौरान ताला लगाते ही 4 बड़े बकायादारों ने मौके पर ही बकाया भुगतान कर दिया। वहीं 5 बड़े बकायादारों के संस्थानों को सीलबंद करने की कार्रवाई की। इन परिसरों पर कुल 27,88,649 रुपए की राशि देय थी। नोटिस, डिमांड बिल और अंतिम सूचना के बावजूद कर बकाया नहीं चुकाने पर टीम सीलबंदी के लिए पहुंची। कार्रवाई के दौरान मौके पर 11,68,473 रुपए नगद चैक और आरटीजीएस के माध्यम से जमा कराया गया।इस कार्रवाई में ज़ोन-10 के सहायक राजस्व अधिकारी श्री गौरी शंकर साहू, राजस्व निरीक्षक नरेंद्र सोनी और सभी सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे। नगर निगम ने यह स्पष्ट किया गया है कि कर बकाया रखने वाले बड़े बकायेदारों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

■ न्यूज गैलरी

नलजल योजना के निर्माण कार्य से 28 हज़ार के सामान की चोरी

कांकेर / नवप्रदेश। थाना कोयलीबेड़ा पुलिस ने शातिर चोर अर्जुन नेताम के कब्जे से ग्राम कोयलीबेड़ा के नल-जल योजना के अंतर्गत प्रदाय 04 नग वाल चैंबर को चोरी कर अपने मोटर सायकल में रखकर ले जाते हुए पकड़ा गया।शातिर चोर अर्जुन नेताम के द्वारा जिले के अन्य थाना क्षेत्रों अंतागढ़, भानुप्रतापपुर में भी कई चोरियों को अंजाम देना स्वीकार किया गया।शातिर चोर अर्जुन नेताम पिता मुन्नाराम उम्र 32 वर्ष जाति देवार निवासी संजयपारा भानुप्रतापपुर थाना भानुप्रतापपुर जिला उ.ब. कांकेर चोरी के सामान के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया है। आरोपी के खिलाफथाना कोयलीबेड़ा के अपराध क्रमांक 10/2025 धारा 305,331 (5) बीएनएस के तहत न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। कोयलीबेड़ा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलिसेला के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष बंछोर के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अंतागढ़ शुभम तिवारी के पर्यवेक्षण में 09 दिसंबर 2025 को पम्प हाउस कोयलीबेड़ा से नज-जल योजना के अंतर्गत पुराना 04 नग वाल चैम्बर किमती करीबन 28,000 हजार रूपये का चोरी के आरोपी अर्जुन नेताम पिता मुन्नाराम नेताम उम्र 32 वर्ष जाति देवार निवासी संजयपारा भानुप्रतापपुर थाना भानुप्रतापपुर जिला उ.ब. कांकेर से चोरी किये हुये उपरोक्त माल मशरूका को बरामद कर उनके द्वारा चोरी करना स्वीकार किये जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय जेएमएफसी न्यायालय भानुप्रतापपुर में पेश किया जाकर न्यायिक रिमाण्ड लिया गया ।

दिव्यांगजनों को मौके पर प्रदान किया सहायक उपकरण, खिले चेहरे

कांकेर / नवप्रदेश। कलेक्टर जनदर्शन के दौरान आज चार दिव्यांगजन द्वारा सहायक उपकरण एवं पेंशन हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, जिन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें जनपद नरहरपुर के ग्राम मानिकपुर निवासी श्रीमती थानोबाई को व्हीलचेयर, चारामा अंतर्गत ग्राम लीलेझर निवासी श्री ग्वालाराम को बैसाखी तथा जनपद पंचायत नरहरपुर के निवासी श्रीमती संतोषी को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया।

अच्छी पहल - ग्राम खमढोड़गी में प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्राः औषधीय पौधों की खोज, संरक्षण और संवर्धन पर दो दिवसीय कार्यशाला

■ **उत्कृष्ट कार्य के लिए क्षमा उईके को कांकेर कलेक्टर के द्वारा सम्मानित किया**

अंतागढ़/ नवप्रदेश। प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा एवं ग्राम खंमढोड़गी के संयुक्त तत्वावधान में कुरूमार्री पहाड़ पर दो दिवसीय 'औषधीय पौधों की खोज यात्रा एवं संरक्षणङ्कसंवर्धन कार्यशाला' का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि निलेश महादेव झिरसागर कांकेर कलेक्टर उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलेपरस विकास खण्ड अंतागढ़ की शिक्षक क्षमा उईके को सम्मानित किया गया।इस ट्रैकिंग और संवर्धन कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए विद्यार्थियों, शिक्षकों, वनस्पति विज्ञान विशेषज्ञों तथा स्थानीय वैधराजों ने पर्वतीय क्षेत्र में भ्रमण कर सैकड़ों औषधीय वनस्पतियों की पहचान की तथा इनके वैज्ञानिक संरक्षण, पारंपरिक उपयोग और औषधीय महत्व पर शोधपरक चर्चा की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर बस्तर कांकेर कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री अजय कुमार मंडावी (शिल्पकार), रायपुर आयुर्वेद विभाग से डॉ. पल्लवी क्षीरसागर, डॉ आशीष नायक धमतरी , डॉ अलका मरकाम एमबीबीएस कांकेर, सरपंच निशा दुगा, अनिता मंडावी ग्राम सभा अध्यक्ष, सोनेलाल जुर्री, प्यार सिंह मण्डावी भूतपूर्व सरपंच, एल आर सिन्हा जन विज्ञान केन्द्र कांकेर तथा प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा से अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला शामिल रहे।

समापन समारोह में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान और प्रकृति एक-दूसरे के पूरक हैं। जब विद्यार्थी प्रकृति को पुस्तकों से बाहर निकलकर वास्तविक रूप में समझते हैं, तब सीखने की प्रक्रिया गहन और सार्थक बन जाती है। कार्यशाला के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलेपरस की शिक्षक क्षमा उईके को विज्ञान के प्रति सक्रियता औषधि खोज यात्रा में उत्कृष्ट भागीदारी तथा गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए कलेक्टर द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र कर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. पल्लवी क्षीरसागर ने कहा कि औषधीय पौधों का अध्ययन तभी प्रभावी होता है, जब स्थानीय जनजातीय ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक शोध एक साथ जुड़े हों। गिलोय, सतावर, जंगली तुलसी, प्याज,नागफनी जैसे पौधे न केवल रोगों के उपचार में उपयोगी हैं, बल्कि हमारी जैविक विरासत के महत्वपूर्ण स्तंभ भी हैं।

समापन सत्र में कलेक्टर द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विज्ञान संचारकों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत कलेक्टर, विशिष्ट अतिथियों एवं विज्ञान संचारकों ने खंमढोडगी जलाशय परियोजना में बैम्बू राफ्टिंग जैसी साहसिक गतिविधियों का अनुभव लिया, जिससे टीमवर्क, पर्यावरणीय समझ और अन्वेषण क्षमता का विकास हुआ।

कार्यक्रम स्थल पर कुमार मंडावी ने विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, स्थानीय पारंपरिक औषधीय जड़ी-बूटी स्टॉल, तथा ÷जंगल और जनजातीय चिकित्सा पद्धति÷ पर आधारित इंटरएक्टिव डिस्प्ले लगाए गए, जिनकी अतिथियों ने अत्यधिक सराहना की। अतिथियों ने इसे ग्रामीण विज्ञान शिक्षा में नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

ट्रेकिंग यात्रा टीम में बृजलाल मंडावी समाजसेवक, मनीष अहिर, लखन साहू, कुमार मण्डावी, समीक्षा गायकवाड़, भारती तिवारी, भुनेश्वर मरकाम, हेमंत उइके , लीना ठाकुर, चंद्रिका सिंह, अर्चना शर्मा, साहू, स्वाति गंधर्व, संदीप सेन, पूरन लाल साहू, राजेन्द्र ठाकुर, बलदाऊ, राधिका साहू, संतोषी डड़सेना, चंद्रिका सिंह, हपका मुक्ता, ईश्वर दास गिलहरे, प्रमोद आदि।

4 इनामी महिला नक्सली ने किया सरेंडर

■ **मदनवाड़ा हमले में शामिल रही महिला नक्सली समेत 4 नक्सलियों ने किया सरेंडर**

■ **वर्ष 2009 में राजनांदगांव जिले के एसपी विनोद चौबे समेत 29 जवान शहीद हुए थे**

कांकेर /नवप्रदेश। नक्सली बैकफुट पर आ चुके है। आए दिन नक्सली जवानों की गोली के शिकार होने से पहले सरकार की पुनर्वास योजना का लाभ लेते हुए मुख्य धारा में लौटने का फैसला कर सरेंडर कर रहे हैं।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई के एलेक्सला ने बताया कि छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सल मोर्चे पर पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। मदनवाड़ा हमले में शामिल रही महिला नक्सली समेत 4 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है। वर्ष 2009 में हुए मदनवाड़ा हमले ने पूरे देश को हिला दिया था। जिसमें राजनांदगांव जिले के एसपी विनोद चौबे समेत 29 जवान शहीद हो गए थे।

बुधवार को आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों में इस बड़ी घटना में शामिल रही मंजुला उर्फलक्ष्मी पोटाई भी शामिल है। जिस पर 5 लाख का ईनाम घोषित था। इसके अलावा काजल उर्फरजिता कंपनी नंबर 10 की सदस्य जिस पर 8 लाख का ईनाम घोषित था। विलास उर्फ चैतु उसेंडी ईनामी 5 लाख और रामसाय उर्फलखन ईनामी 5 लाख ने भी आत्म समर्पण किया है। नक्सलियों के समर्पण के दौरान सुन्दरराज पी0पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज अमित तुकाराम कांबले उप पुलिस महानिरीक्षक कांकेर रेंज,के मार्गदर्शन आई.के.एलिसेला.उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपुल मोहन बाला उप महानिरीक्षक बीएसएफ भानुप्रतापपुर सेक्टर के निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत एवं छ0ग0 शासन की पुनर्वास आत्मसर्पण नीति साथ ही छ0ग0 शासन द्वारा चलाये जा रहे नियद नेल्लानार योजना से प्रभावित होकर आई.के.एलिसेला उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीमाल अति.पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर दिनेश कुमार सिन्हा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर मनोज कसाना 2द्रष्ट बीएसएफ 94 क्कह्.बांदे हरिप्रकाश 2द्रष्ट बीएसएफ 40 क्कह गिरिजाशंकर साव उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स कांकेर अविनाश ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी कांकेर,सुश्री विंकेश्वरी पिंदे उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कांकेर मौजूद थे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसपी ने दी सरेंडर नक्सलीयो की जानकारी.....

कांकेर एसपी आई कल्याण एलिसेला ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहे है। जिसमें कई जवानों की शहादत हुई थी। ये नक्सली कांकेर जिले के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी सक्रिय रहे है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की पुनर्वास नीति और फोर्स के बढ़ते दबाव के कारण लगातार नक्सली आत्म समर्पण कर रहे है। कांकेर जिले में अब बहुत सीमित संख्या में नक्सली शेष बचे हैं जो जल्द ही आत्म समर्पण कर सकते हैं। आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों को 50- 50 हजार की सहायता राशि भी पुलिस की तरफसे प्रदान की गई है।

एसपी ने माओवादियों से की अपील.. हिंसा छोड़ मुख्य धारा में लौट जाए

आई.के.एलिसेला उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर ने माओवादियों से अपील करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति माओवादियों को आकर्षित कर रही है।आत्मसमर्पण करने वालों के परिजन भी चाहते हैं कि वे सामान्य जीवन जियें और समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें।उन्होंने आगे कहा की माओवादी भ्रामक और हिंसक विचारधाराओं को त्यागकर निर्भय होकर समाज की मुख्यधारा में लौटें। शासन की 'पूना मारगेम' नीति उनके भविष्य को सुरक्षित, सम्मानजनक और स्वावलंबी बनाने के लिए हर संभव सुविधा प्रदान कर रही है।

चारगांव में जिला स्तरीय निवारण शिविर कल

कांकेर /नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 12 दिसम्बर शुक्रवार को कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चारगांव में जनसमस्या निवारण शिविर शिविर लगाई जाएगी, जिसमें ग्राम पंचायत चारगांव, छोटेबोदेली, पोरोण्डी, सिकसोड़, सुलंगी, तुरसानी और बदरंगी इत्यादि ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर में शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया जाएगा, साथ ही योजनाओं का लाभ उठाने में कोई कठिनाई आ रही हो तो उसका समाधान भी शिविर में किया जाएगा। कलेक्टर ने जनसमस्या निवारण शिविर में सभी जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

नवीन गाइडलाइन में विसंगतियां दूर वार्डों में समान दर का निर्धारण

■ **जला पंजीयक ने दी जानकारी**

कांकेर / नवप्रदेश। नवीन गाईडलाईन वर्ष 2025-26 के संदर्भ में कतिपय लोगों के द्वारा दरों में वृद्धि से संबंधित भ्रामक जानकारी प्रसारित की जा रही है।जिससे आम नागरिकों में अनावश्यक भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस संबंध में जिला पंजीयक कांकेर द्वारा नवीन गाइडलाइन के संबंध में तथ्यात्मक जानकारी दी गई है।

जिला पंजीयक से प्राप्त जानकारी अनुसार कांकेर जिले में पूर्व लागू गाइड लाइन वर्ष 2019-20 से अब तक परिवर्तन नहीं किया गया था। इस लंबे अंतराल में जिले की नगरीय एवं ग्रामीण संरचना में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व गाईडलाईन में कई प्रकार की विसंगतियों विद्यमान थीं। एक ही वार्ड, ग्राम में अनेक दरें लागू थीं। उदाहरण के तौर पर पूर्व में समान क्षेत्र वाले वार्ड की दर में असमानता और भ्रम की स्थिति निर्मित होती थीं, जिसका वर्तमान में बाजार बाहुल्य एवं राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित सभी वार्डों में एक समान दर का निर्धारण किया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में नगर पालिका कांकेर की गाइडलाइन में कंडिकाओं की संख्या अधिक होने के कारण नागरिकों और पंजीयन कार्य से जुड़े व्यक्तियों को भी चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। कई दरों के विकल्प उपलब्ध होने के कारण कम दर वाली कंडिका का चयन कर अपवंचन की संभावना भी बनी रहती थी, जो शासन की पारदर्शिता एवं राजस्व हित के अनुरूप नहीं था।

इस संबंध में बताया गया कि नवीन गाइडलाइन 2025-26 में इन सभी विसंगतियों को दूर करने का प्रयास किया गया है, जिसे तार्किक, न्यायसंगत और सरल बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। समान रूप से विकसित क्षेत्रों के लिए रोड के दोनों ओर एक समान दर निर्धारित की गई है। वहीं दरों के निर्धारण में वास्तविक विकास, स्थानीय आवश्यकताओं जैसे कारकों को प्राथमिकता दी गई है।

उल्लेखनीय है कि नवीन गाइडलाइन 2025-26 का उद्देश्य नागरिकों को अनेक प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होंगे। पुरानी गाइडलाइन दरों और वास्तविक बाजार मूल्य के बीच में अंतर कम होने से आम नागरिकों को अधिक ऋण की सुविधा प्राप्त होगी। भूमि अर्जन में किसानों को भी अधिक मुआवजा प्राप्त हो सकेगा। नई गाइड लाइन में बाजार मूल्य की गणना सरल और स्पष्ट होने से पंजीयन से संबंधित कार्यों में पारदर्शिता और समानता सुनिश्चित करना है, जिससे जिले के पंजीयन कराने वाले नागरिकों, किसानों, निवेशकों तथा व्यावसायिक सभी समुदाय के लोगों को बेहतर सुविधा प्राप्त हो सके।

विद्यार्थियों और नागरिकों में मानवाधिकारों के संरक्षण, सम्मान एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता करना जरूरी

■ **अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस - 10 दिसम्बर 2025**

■ **शासकीय लाल सिंह महाविद्यालय, अंतागढ़**

अंतागढ़ / नवप्रदेश। आज दिनांक 10 दिसम्बर 2025 को शासकीय लाल सिंह महाविद्यालय, अंतागढ़ में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों और नागरिकों में मानवाधिकारों के संरक्षण, सम्मान एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता विकसित करना है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य रमेश दरों द्वारा की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर रोशन कुमार कैमरों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की।

मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि मानवाधिकार प्रत्येक मनुष्य को जन्म से प्राप्त हैं, और इनकी रक्षा करना केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने समानता, सम्मान, न्याय और मानवीय गरिमा को समाज के विकास की मूल आधारशिला बताते हुए युवाओं से अधिक जागरूक और संवेदनशील बनने का आह्वान किया। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य रमेश दरों ने मानवाधिकार दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, भारत के संविधान में निहित मौलिक अधिकारों, तथा वर्तमान समय में मानवाधिकारों से संबंधित विभिन्न चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इन मूल्यों को व्यवहार में लाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के अंतर्गत–

मानवाधिकार विषय पर प्रेरक व्याख्यान जागरूकता संवाद का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशांत रंगारी, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, शासकीय लाल सिंह महाविद्यालय, अंतागढ़ द्वारा किया गया। अंत में, प्राचार्य श्री रमेश दरों ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, विद्यार्थियों एवं एनएसएस इकाई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में संवेदनशीलता और सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पेज 1 का शेष

साय कैबिनेटः सरेंडर नक्सलियों...

सरकारी वकील के जरिए केस वापस लेने की कार्रवाई के लिए जिला मजिस्ट्रेट को भेजा जाएगा।

शाह- कांग्रेस ने एसआईआर पर...

अफसर तय कर सकता है कि आवेदक भारत का नागरिक है या नहीं है। लाल बाबू हुसैन बनाम मतदाता रिजस्ट्रेशन ऑफिसर का मामला। राहुल गांधी ने परमाणु बम फोड़ा था। उन्होंने कहा- हरियाणा में एक ही घर में 501 वोट पड़े। ये घर एक एकड़ में है। सभी मकानों को एक ही नंबर दिया, क्योंकि वो पुस्तैनी मकान। ये न फर्जी घर है। न वोटर है।

मैं राहुल गांधी के सभी सवालों का जवाब दूंगा

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- मेरा दायित्व है कि सही जानकारी देना। जितने आरोप लगे उनके जवाब देना। मैं राहुल गांधी के सभी सवालों का जवाबों दे रहा हूं। आगे कहा कि जब कोई व्यक्ति एक जगह से दूसरी जगह गया है तो नाम हटाने का अधिकार अधिकारी से वापस ले लिया गया। इसलिए ये परेशानी खड़ी हुई है। ये सामान्य गलतियां हैं। वोट काटने का जिसका अधिकार है उसे रोका गया। एसआरआई से यही सुधरना है। विपक्ष इसे वोट चोरी कर रहा है। मैं बताता हूं वोट चोरी क्या है।

नेहरू पीएम बने, तब पहली वोट चोरी हुई थी

वोट चोरी पर अमित शाह बोले- इसके तीन आयाम हैं। मतदाता नहीं होना, गलत प्रकार से चुनाव जीतना, जनादेश न मिलने पर कोई पद प्राप्त करना। ये वोट चोरी होती है। आजादी के बाद देश का पीएम तय करना पहली वोट चोरी की घटना था। पटेल को 28 और नेहरू को 2 वोट मिले। पीएम नेहरू बने। प्रांत के प्रतिनिधियों ने ये वोट दिए थे।

विपक्ष हारने पर कहता है कि चुनाव आयोग निकम्मा है

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, विपक्ष का कहना है कि बिहार की मतदाता सूची सही नहीं थी। इसलिए तो एसआईआर करा रहे हैं। वोटर लिस्ट सही हो या गलत कांग्रेस का हारना तय है। उन्होंने कहा, भाजपा को एंटी इंकम्बेंसी कम झेलनी पड़ती है। हम कई चुनाव हारे हैं। बंगाल, तमिलनाडु में हम चुनाव हारे। तब ये जीतते हैं तो बढ़िया कपड़े पहनकर शपथ ले लेते है। हारते हैं तो कहते हैं चुनाव आयोग निकम्मी है। मतदाता सूची खराब है।

सरकार चुनाव आयुक्तों को इम्युनिटी दे रही, यह आरोप गलत

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- मैं इम्युनिटी का जबाव दूंगा। इंदिरा गांधी को जो इम्युनिटी मिली, इसका जवाब कौन देगा। उन्होंने खुद को ही इम्युनिटी दी थी। आरोप है कि सरकार ने चुनाव आयुक्तों को इम्युनिटी दी। यह आरोप सही नहीं है। इंदिरा गांधी ने तो खुद को इम्युनिटी दी थी। 2, 3, 4 नंबर के जस्टिस को छोड़, उससे नीचे के जस्टिस को चीफजस्टिस बनाया और केस जीता। ये वोट ही है।

राहुल ने शाह को भाषण के बीच...

किया है। यह निर्णय किस कारण से लिया गया इसकी वजह सरकार को बतानी चाहिए।

माइक्रोसॉफ्ट के साथ...को तेज करने और भारत की वर्कफोर्स को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे औपचारिक नौकरियों तक पहुंच बढ़ेगी, उभरते क्षेत्रों को प्रतिभा मिलेगी, और भारत घरेलू ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय मांग के लिए भी एक मजबूत, कुशल वर्कफोर्स तैयार कर सकेगा।

लिंग आधारित हिंसा समाप्ति पर जागरूकता कार्यक्रम

कांकेर / नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास अधिकारी द्वारा महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) एवं 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजनांतर्गत लिंग आधारित हिंसा समाप्ति पर 16 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत चारामा परियोजना के महिला कलस्टर संगठन ग्राम हल्बा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लिंग आधारित हिंसा कारण एवं दुष्प्रभाव तथा इसे समाप्त करने में हमारी भूमिका बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को उपलब्ध विशेष अधिकारों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत शपथ भी दिलाई गई एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्पलाइन 181, सखी वन स्टॉप सेन्टर, सखी निवास, शक्ति सदन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, घरेलू हिंसा, सी बॉक्स पोर्टल, पोक्सो एक्ट, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, बाल विवाह एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। जागरूकता रैली के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा लागाते हुए प्रचार-प्रसार किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती तेजेश्वरी सिन्हा, श्री महंत टांडिया, महिला सशक्तिरण केन्द्र (हब) से जिला मिशन समन्वयक, जेण्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता समन्वय विशेषज्ञ, चाइल्ड लाइन समन्वयक, चैतन्य संस्था से जेण्डर समन्वयक, पुलिस चौकी थाना प्रभारी व टीम हल्बा एवं बिहान समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

ठाकुरटोला में राष्ट्रीय सेवा योजना का 7 दिवसीय विशेष शिविर

डोंगरगढ़/ नवप्रदेश। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर के प्राचार्य डॉ .आर .के .ठाकुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 08.12.2025 से 14.12.2025 तक ग्राम ठाकुरटोला में किया जा रहा है ,जिसका थीम नशा मुक्त भारत है। सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि श्रीमती चूलेंद्री रामप्रसाद लोधी सरपंच ग्राम पंचायत ठाकुरटोला, कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डॉ.आर.के.ठाकुर सर जी,विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.ओ.पी.अग्रवाल सेवानिवृत्त प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय खुर्शीपार,सुश्री किरण नरेडी प्रधान पाठक, सतीश देवांगन प्रधान पाठक, संजय वर्मा, रामप्रसाद वर्मा, कौशलिया वर्मा, एवं समस्त पंचगण ग्रामपंचायत ठाकुरटोला उपस्थित रहे। प्रो बी आर चंद्रवंशी सहायक प्राध्यापक एवं नवदीप साहू शासकीय दानवीर तुला महाविद्यालय उतई उपस्थित थे।

परिचय सम्मेलन में पिथौरा समाज की सहभागिता पर बनी सहमति

पिथौरा/नवप्रदेश। अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए 10 और 11 जनवरी 2026 को निरंजन लाल रामस्वरूप भवन, रायपुर में प्रस्तावित अग्रवाल एजुकेटेड विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन को सफल बनाने हेतु आयोजकों की केंद्रीय टीम ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में, आयोजक टीम ने पिथौरा अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें पिथौरा समाज की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

रायपुर से आए केंद्रीय टीम का नेतृत्व कर रहे कन्हैया अग्रवाल ने पिथौरा के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि विवाह योग्य आयु वर्ग के प्रत्येक युवक और युवती

अग्रवाल परिचय सम्मेलन

इस प्रतिष्ठित परिचय सम्मेलन में अनिवार्य रूप से भाग लें। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि देश भर से बड़ी तादाद में अग्रवाल समाज के लोगों को एक मंच पर लाएगा।यह भव्य आयोजन वैवाहिक रिश्ते जोड़ने के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण और सशक्त मंच साबित हो सकता है। युवाओं को अपने जीवन साथी चुनने के लिए इससे बेहतर अवसर नहीं मिलेगा कन्हैया अग्रवाल ने बैठक में उपस्थित अग्रबंधुओं से कहा।

अध्यक्ष अनुप अग्रवाल ने केंद्रीय पदाधिकारियों को पूर्ण आश्वासन दिया कि पिथौरा क्षेत्र से इस महत्वपूर्ण आयोजन में पर्याप्त संख्या में लोग शामिल होंगे और वे सम्मेलन को सफल बनाने में हर संभव सहयोग करेंगे।

इस बैठक में पिथौरा अग्रवाल समाज के कई प्रमुख और सक्रिय पदाधिकारी उपस्थित थे, जिनमें मुख्य रूप से रमेश चंद्र अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, रैदास गोयल, नरेश सिंघल, कैलाश अग्रवाल, राजेश गोयल, संदीप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल (टुकटुक) सहित कई अन्य अग्रबंधु शामिल थे।

समाज ने दिया पूरा समर्थन

बैठक को संबोधित करते हुए, अग्रवाल समाज पिथौरा के अध्यक्ष अनुप अग्रवाल ने इस पहल की सराहना की और इसे 'अनुकरणीय पहल' बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे सामूहिक आयोजन समाज के विवाह योग्य युवा-युवतियों को उनके मनोनुकूल जीवन साथी चुनने में अच्छी मदद करेंगे और रिश्ते ढूंढने की प्रक्रिया को सरल बनाएंगे।

बाड़ी से 4 लीटर महुआ शराब जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। पुलिस ने ग्राम आमापाली में परीक्षित राणा के घर की बाड़ी से करीब 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया है । आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

मॉर्निंग वॉक पर निकले युवक को बाइक की ठोकर, घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। मॉर्निंग वॉक पर गया एक युवक बाइक की टक्कर से घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर बसना पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को ग्राम पड़कीपाली निवासी कृष्णचंद बरिहा ने बताया कि 07 दिसंबर की सुबह लगभग 5 बजे उसका बेटा मनोज कुमार बरिहा अपने दोस्तों कोमल निषाद, डोलामणि चौधरी के साथ में मॉर्निंग वॉक करते पड़कीपाली नाला की ओर जा रहा था, तभी पीछे से बाइक सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 06 जीजी 5805 के चालक ने ठोकर मार दिया, जिससे मनोज बरिहा के सिर व बांये पैर में चोटें आई है। मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), अन्य विधान व धाराएं 184 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने बैदपाली चौक के पास एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बैदपाली रोड ताजनगर सरायपाली निवासी गिरधारी वैष्णव से 20 लीटर देशी महुआ शराब (कीमत 4 हजार रुपए) बरामद की है। आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

जेजेएम योजना की टंकी बनी न पाइपलाइन बिछाई कैसे मिलेगा ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल

■ साफ पानी की मांग को लेकर ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर जनदर्शन में जनपद क्षेत्र क्रमांक 10 के ग्रामीण जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी टंकियों के अधूरे काम को पूरा करकर ग्रामवासियों को साफ पानी की मांग को लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे।

ग्रामीणों ने बताया कि जनपद क्षेत्र क्रमांक 10 के ग्राम कौदकेरा, बनसिवनी, नवाडीह, सोरिद, चोरभट्ठी, कांपा, परसवानी, गोपालपुर, मुस्की, खट्टीडीह में कुछ गांवों को छोड़कर, अब तक न पानी टंकी निर्माण का काम पूरा हुआ है और ना ही पाइपलाइन विस्तारीकरण का काम पूरा हो पाया है, कुछ गांव में पानी टंकियों की गुणवत्ता को लेकर भी गंभीर शिकायत है साथ ही कई जगहों में टंकी को भरने के लिए अब तक बोर खनन तक नहीं हुआ है। ऐसे में केन्द्र सरकार की महती योजना का लाभ दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचल के साथ क्षेत्र के ग्रामों को नहीं मिल पा रहा है, जिससे गंभीर पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो जाती है। ग्रामीणों ने ग्रीष्मकाल पूर्व गुणवत्तापूर्ण कार्य समय-सीमा में पूरा करा कर हर घर तक साफ पानी पहुंचाना सुनिश्चित कराने व लापरवाह ठेकेदारों पर कठोर कार्रवाई कर अन्य ठेकेदार के माध्यम से काम को पूरा कराने की मांग की है।

हाईस्कूल निर्माण जल्द शुरू कराने की मांग

ग्राम सोरिद के ग्रामीण गांव में हाईस्कूल निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग को लेकर जनदर्शन पहुंचे। ग्रामीण मनहरण यादव, कमलेश चंद्राकर, लछमन यादव,गणेशराम व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सोरिद आदिवासी कमार बाहुल्य ग्राम है एवं आस-पास के वन ग्रामों में से प्रमुख है। यहाँ पिछले 4 वर्षों से हाई स्कूल खोले जाने हेतु राशि की स्वीकृति होने के बाद भी आज तक स्कूल निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है जिससे पंचायत भवन में हाईस्कूल संचालित कराया जा रहा है। 4 बार टेंडर उपरांत कार्य प्रारंभ न होने से टेंडर निरस्त हो चुके और बजट बढ़ता जा रहा है। बहुत से कमार व आदिवासी बच्चे-बच्चियां स्कूल पढ़ाई छोड़ दी है। ग्रामीणों ने हाईस्कूल भवन निर्माण जल्द शुरू कराने की मांग की है।

कोडार से पानी देने की मांग

ग्राम कौंदकेरा, नवाडीह, सोरिद, चोरभट्ठी, कांपा परसवानी के ग्रामीणों ने आज कलेक्टर जनदर्शन में कोडार बांध से ग्रीष्मकाल में धान फसल की सिंचाई के लिए पानी मांग की। उन्होंने बताया कि कोडार जलाशय में वर्तमान में पर्याप्त पानी उपलब्ध है रोटेशन सिंचाई व्यवस्था के तहत इस वर्ष बायां तट के किसानों को पानी देने का प्रावधान है। चूंकि इस समय मुख्य नहर, सहायक नहर एवं कुछ वितरक नहरों में लाइनिंग कार्य होना बताया जा रहा है। लेकिन इस वर्ष किसानों को काफी क्षति हुई है और रोटेशन पद्धति के अनुसार बाएं तट के किसानों को पानी दिया जाना है।

सीएमओ और अध्यक्ष पर मनमानी का आरोप लगाया कांग्रेसी पार्षदों ने

कुरुद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मनमानी के विरोध में कुरुद को बचाने के लिए कुरुद की जनता के हित में विभिन्न मांगों को लेकर नगर पालिका कार्यालय के सामने कांग्रेस पार्षदों के द्वारा आज से बजरंगबली मंदिर में पूजा अर्चना और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के छाया चित्र में माल्यार्पण करके राष्ट्रगान गाकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया।

धरना प्रदर्शन में नपा उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने कहा धरना स्थल पर युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की उपस्थिति ने साबित कर दिया कि अब शहर की दिशा व भविष्य जनता तय करेगी। जब तक मांगें पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, धरना प्रदर्शन अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू ने कहाँ कि, कुरुद नगर ने अपने प्रतिनिधि के रूप मे अपने पसंद का जनप्रतिनिधि चुन कर परिषद मे भेजा है किन्तु नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधियों का अपमान किया जा रहा है ।पार्षद मनीष साहू ने कहा कि परिषद के सहमति के बिना कार्यकाल को केनाल रोड में स्थानांतरित करना जनहित के विपरीत है! पार्षद राखी चंद्राकर ने भी सभा को संबोधित किया! पहले दिन अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन में आशीष शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, वरिष्ठ कांग्रेस प्रहलाद चंद्राकर , पार्षद रजत चंद्राकर, मनीष साहू , मंजू साहू, उत्तम साहू, राखी चंद्राकर, उर्वशी चंद्राकर, अर्जुन ध्रुव, शारदा देवी साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, प्रमोद साहू पूर्व मंडी उपाध्यक्ष, जिला युकाध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, पूर्व पार्षद राम चुम्मन दीवान, रोशन जांगड़े, राघवेंद्र सोनी महिम शुक्ला, तुकेश साहू, त्रिलोचन, श्रवण नेताम, गणेश तेमन मदन लाल, धनुष सहित नगर के व्यापारियों ने अपना समर्थन दिया !

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पारस ने जीता स्वर्ण पदक

महासमुंद/नवप्रदेश। ई. राघवेंद्र राव शासकीय स्नात. विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर में 5 से 7 दिसंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र पारस तारक ने 100 मीटर दौड़ एवं 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पारस ने 100 मीटर दौड़ 10.80 सेकंड में पूरा कर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ। वहीं वेद प्रकाश पटेल ने भाला फेंक में 45.44 मीटर भाला फेंक कर रजत पदक प्राप्त किया।

ग्रामीणों का तुषार ने किया सम्मान

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम लाफिनखुर्द में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में भाजपा व किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने वरिष्ठ नागरिकों का गमछा व फल भेंटकर सम्मान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को सुसंस्कृत बनाने के लिए बुजुर्गों का योगदान हमेशा रहता है। आज भी बुजुर्गों के अनुभव और सीख को आत्मसात कर भावी पीढ़ी नई सोच के साथ विकास की ओर अग्रसर हो रही है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को हर दिन मान-सम्मान देकर उनकी सीख और अनुभवों का लाभ लेना चाहिए।

वर्ष 2012 में प्रभारी मंत्री पुन्नूलाल मोहिले की घोषणा पर आज तक अमल नहीं हुआ

छुरा/नवप्रदेश। गरियाबंद जिला के छुरा नगर में वर्ष 2012 में जिले के प्रभारी मंत्री पून्नूराम मोहिले, सासंद चन्दू लाल साहू ने नगर सुराज कार्यक्रम में नगर के उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री मोहिले ने छुरा नगर के वार्ड 13;14;15 के मकानों के छत के उपर से 11 के वी विद्युत लाइन को मोहल्ले वासियों के मांग पर हटाने के लिए दस लाख रुपये स्वीकृति की घोषणा किया मंत्री के घोषणा पर उपस्थित जन समूहों ने तालियों की गड़गड़ाहट से मंत्री जी की घोषणा का स्वागत किया ! लेकिन मंत्री के घोषणा पर अमल आज तक नहीं हुआ , मंत्री ने घोषणा तो कर दिया लेकिन विद्युत विभाग मोहल्ले वासी को डिमांड नोट बारह साल में चौबीस बार भेज चुका है मंत्री की घोषणा को पूरा करने के लिए छुरा नगर के मोहल्ले वासी पैसा विद्युत विभाग गरियाबंद को भुगतान करें तब मंत्री की घोषणा पूरा होगा,मोहल्ले वासी जब जब मंत्री मुख्यमंत्री कलेक्टर गरियाबंद को स्मरण पत्र भेजते है तब तब बिजली विभाग के अधिकारी डिमांड नोट भेजकर पैसा पटाने के लिए नोटिस थमा देते हैं। मंत्री की घोषणा पूरा करने के लिए जनता को जेब खाली होने के कारण समस्या का समाधान के लिये कलेक्टर आफिस से बिजली विभाग,नगर पंचायत छुरा के बीच बारह साल से कागजी कार्यवाही कछुआ गति से चल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं जिला के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल , सांसद, विधायक तत्कालीन कलेक्टर दीपक अग्रवाल को पुनः स्मरण कराया गया है क्या घोषणा पर अमल हो गा कि पांच साल तक कागजी घोषणा दौड़ेगा।

2 सप्ताह बीत गए किसान परेशान, प्रशासन खामोश

■ धमधा में टावर विवाद: बिना मुआवजा खेतों में घुसी कंपनी, खड़ी फसल रौंदीः किसानों का फूटा गुस्सा

धमधा/नवप्रदेश। धमधा ब्लॉक के गोबरा पेंड्री गांव में बिजली टावर निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि CSPTCL के प्रोजेक्ट पर काम कर रही यूनिक स्ट्रक्चर एंड टॉवर लिमिटेड के कर्मचारी बिना सूचना और बिना मुआवजा दिए सीधे खेतों में घुस गए और खड़ी फसल रौंदते हुए टावर लगाने का काम शुरू कर दिया। किसानों का कहना है कि न कोई नोटिस मिला, न सर्वे हुआ और न मुआवजे की रकम तय की गई, इसके बावजूद भारी मशीनें और वाहन खेतों में चलाए गए, जिससे उनकी मेहनत की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि टावर की नींव खोदने के दौरान लगभग 40-50 कट्ठा धान बर्बाद हो गया। इसके साथ ही खेतों में लगी टमाटर, सेमी, भिंडी और राहर जैसी मौसमी सब्जियों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। किसानों के अनुसार कंपनी के कर्मचारी विरोध करने पर उन्हें डरा-धमकाते हैं और कहते हैं कि यह सरकारी काम है और चाहे किसानों की सहमति हो या न हो, काम हर हाल में होगा। किसानों ने कई बार काम रुकवाने की कोशिश की, लेकिन ऊपर से आदेश का हवाला देकर कार्य जारी रखा गया। इस प्रोजेक्ट से क्षेत्र के 150 से अधिक किसान प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन अब तक किसी को एक रुपया भी मुआवजा नहीं मिला है। गोबरा पेंड्री के प्रभावित किसान–खिलावन सिन्हा, मोहित यादव, नंदकुमार साहू, चौवन चक्रधारी, इतवारी साहू, साधुराम साहू और उमेद लाल साहू–का कहना है कि मुआवज़ा देने का वादा तो किया गया था, लेकिन न कोई रेट तय हुआ और न ही कोई कागजी प्रक्रिया पूरी की गई। किसानों में यह डर बढ़ रहा है कि अगर बिना अनुमति किसी के खेत में ऐसे ही टावर लगाया जा सकता है, तो आगे और भी खेत खतरे में पड़ सकते हैं। किसानों ने तहसीलदार पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि फसल नुकसान का मूल्यांकन प्राकृतिक आपदाओं में तय की जाने वाली न्यूनतम सरकारी दरों पर किया जा रहा है, जबकि नुकसान आपदा से नहीं बल्कि कंपनी के निर्माण कार्य से हुआ है।

अटल बिहारी की स्मृति में अटल कप का आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के 101वीं जयंती को यादगार बनाने मिनी स्टेडियम में अटल कप रात्रिकालीन क्रिकेट का आयोजन पूर्व पार्षद पूर्व पार्षद महेंद्र जैन ,दिनेश रूपरेला, आकाश पांडे, रविंद्र जैन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा संजय श्रीवास्तव तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने की। मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव ने कहा कि यह प्रतियोगिता उस महान व्यक्ति के याद में किया जा रहा है जिनके द्वारा नवंबर 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की गई थी। आयोजक मंडल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया । पश्चात दो मैच खेले गए। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन लक्ष्मीकांत तिवारी व आभार प्रदर्शन दिनेश रूपरेला ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि चंद्रहास चंद्राकर, सरला कोसरिया, ऐतराम साहू, नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, इंदजीत सिंह खालसा, वरुण साहू के अलावा भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुधा साहू, प्रशांत श्रीवास्तव, संदीप घोष, किरण ढीढी, आनंद साहू, आशुतोष जोशी आदि मौजूद रहे।

नपाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस जिलाध्यक्ष यादव का हुआ आतिशी स्वागत

महासमुंद/नवप्रदेश। खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव के जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम महासमुंद आगमन पर स्थानीय ओवर ब्रिज के समीप नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के नेतृत्व में एनएसयूआई, युवा कांग्रेस व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। श्री साहू ने भव्य गजमाला पहनाकर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष श्री यादव का स्वागत, सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला संगठन श्री यादव के नेतृत्व में एकजुट होगा। तथा आगामी विस चुनाव में जिले के चारों विधान सभा कांग्रेस के झोली में आएगी। स्वागत के दौरान आतिशबाजी, ढोल ताशे, डीजे की धुन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गगन भेदी नारे लगाकर श्री यादव व कांग्रेस पार्टी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी, रवेश साहू पूर्व जिलाध्यक्ष एनएसयूआई, सौरभ लोधी युकां विधानसभा अध्यक्ष, युवा नेता आकाश ठाकुर, मैंडी साहू युकां नेता झलप, कान्हा प्रधान, बिट्टू साहू, मनीष यादव, हितेश शर्मा, मनोज यादव, दिपेश ध्रुव, सितेश साहू, आयुष भोसले, रमेश राव, फलेंद्र निषाद, आदेश राठौर, मनोज पटेल, पुष्कर साहू, अब्दुल सुभिहान, सम्मी खान, मनोज पटेल, अरूण हियाल आदि उपस्थित थे।

वनोपज सहकारी समितियों में प्रबंधक भर्ती हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी

महासमुंद/।नवप्रदेश। प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति सिंघरूपाली, चिरको, मुनगासेर, गढ़फूलझर, जेवरा एवं आमाकोनी में रिक्त प्रबंधक पदों की भर्ती के लिए 19 सितंबर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित ने बताया कि प्राप्त सभी आवेदनों की छंटनी के पश्चात पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची संबंधित समिति कार्यालयों एवं वनमण्डल महासमुंद के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। इसके साथ ही सूची संघ मुख्यालय की वेबसाइट तथा जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी गई है। जिन आवेदकों को जारी पात्र एवं अपात्र सूची पर किसी प्रकार की आपत्ति या दावा प्रस्तुत करना हो, वे 15 दिसंबर 2025 दोपहर 5:30 बजे तक जिला यूनियन महासमुन्द कार्यालय में अपने दावा-आपत्ति पत्र जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त किसी भी दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

भूमिपूजन | **निर्धारित मात्रा से अधिक तौल पाए जाने पर समिति प्रबंधक के खिलाफ होगी कार्रवाई**

कलेक्टर का अफसरों को दो टूक, किसानों का धान निर्धारित मात्रा में ही तौल करें

महासमुंद/नवप्रदेश। धान तौलाई 40 किलो 700 ग्राम निर्धारित मानक के अनुसार किया जाना है। निर्धारित मात्रा से अधिक तौल पाए जाने पर संबंधित समिति प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें समय सीमा की बैठक कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अफसरों से कही है। उन्होंने धान लोडिंग के दौरान वीडियो बनाने, धर्मकांटा तौल और वाहन लोडिंग करते हुए तस्वीरें लेने तथा पूरी प्रक्रिया का शॉर्ट वीडियो बनाने को भी कहा है। धान परिवहन के रीसाइक्लिंग रोकने पर विशेष जोर देते हुए कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों एवं समिति प्रबंधक को आवश्यक सतर्कता बरतने को कहा है।

कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक लेकर जिले में संचालित कार्यक्रमों, योजनाओं और व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, धान खरीदी की प्रगति, अवैध परिवहन नियंत्रण, ई-केवाईसी, स्वच्छता मिशन, मनरेगा एवं आवास योजनाओं सहित अन्य विषयों पर अधिकारियों से जानकारी ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभागीय जिलाधिकारी, जनपद

सीईओ, नगरीय निकायों के सीईओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि पूरी खरीदी प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ होनी चाहिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल हों और अपने-अपने उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को टोकन काटने एवं एग्रीस्टेक पंजीयन में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए नोडल अधिकारी और समिति प्रबंधन किसानों से सतत संवाद बनाए रखें, टोकन, नमी जांच, मिलान पर्ची, तौल व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों और ऑनलाइन एंट्री व्यवस्था को हर समय सक्रिय स्थिति में रखें। उन्होंने जिले के 16 चेकपोस्टों में धान की आवक और अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने, संदेहस्पद वाहनों की जांच करने और अवैध परिवहन करते पाए जाने पर तत्काल वाहन सीज कर प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। जप्त धान को अनिवार्य रूप से थाना में सुपुर्द करने और हर सप्ताह भौतिक सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। एग्रीस्टेक एप की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि पंजीकृत किसानों का धान खरीदा जाएगा और जिन किसानों की रकबा/वारिसान प्रविष्टियों में त्रुटियां हैं, उनका सत्यापन शीघ्र पूरा किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि गांवों में मुनादी कर छुटे हुए किसानों का पंजीयन कराया जाए। उन्होंने किसानों से पराली नहीं जलाने का अनुरोध करते हुए कहा कि ऐसा पाए जाने पर एनजीटी के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी और अर्थदंड भी लगाया जा सकता है। किसानों से पैरा दान करने या पशुधन को चारा उपलब्ध कराने की अपील की गई।मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा में कलेक्टर ने एआरओ और ईआरओ को निर्देश दिए कि गणना एवं घोषणा पत्रों के साथ शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करें। पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने के निर्देश दिए गए।

न्यूज गैलरी

एमसीबी जिले के विकास कार्यों के लिए19 करोड़ से अधिक की स्वीकृत

एमसीबी/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत एमसीबी जिले में अधोसंरचना विकास हेतु 19 करोड़ रुपए से अधिक की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत राशि का उपयोग जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में सड़क, नाली, पेयजल, रोशनी तथा अन्य आधारभूत निर्माण कार्यों के लिए किया जाएगा। **स्वीकृत बजट का वितरण:** नगर पालिक निगम चिरमिरी - 9 करोड़ 72 लाख रुपए, नगर पालिका मनेंद्रगढ़ - 6 करोड़ 48 लाख रुपए, नगर पंचायत झगराखंड - 3 करोड़ रुपए इन सभी नगरीय क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा मजबूत करने के लिए आवश्यक निर्माण एवं संवर्द्धन कार्य इसी बजट से संचालित होंगे। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने इस वित्तीय स्वीकृति पर संतोष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह राशि मनेंद्रगढ़ क्षेत्र की अधोसंरचना को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विधायक जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में भी विकास कार्यों की गति को और तेज किया जाएगा।

पॉलीटेक्निक कालेज में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

बलरामपुर/नवप्रदेश। टीबी मुक्त भारत अभियान एवं जन-जागरूकता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शासकीय पॉलिटेक्निक रामानुजगंज में एक व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग की विशेषज्ञ टीम ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की। शिविर के दौरान उपस्थित लोगों का ब्लड ग्रुप परीक्षण, रक्तचाप जांच, टीबी से संबंधित प्रारंभिक स्क्रीनिंग, तथा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य टीम ने टीबी की रोकथाम, इसके लक्षणों, उपचार प्रक्रिया तथा समय पर जांच कराने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों को रोगों से बचाव के उपाय, स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा बेहतर दिनचर्या अपनाने का सुझाव भी प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि टीबी जैसे रोगों से निपटने के लिए समाज का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। समय पर जांच, नियमित दवा सेवन और स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता ही इस रोग को जड़ से मिटाने की दिशा में सबसे बड़ा कदम है। संस्था के प्राचार्य डॉ. एसपी मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के शिविर न केवल विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संरक्षण में सहायक होते हैं।

अवैध धान परिवहन व अंतर्राज्यीय चेक पोस्टों पर रखें विशेष निगरानी-कलेक्टर

पीएम आवास योजना: आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा की। बैठक में धान खरीदी, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, स्वास्थ्य, नल-जल योजना, राजस्व प्रकरणों के निराकरण के प्रगति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को पारदर्शिता के साथ निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजनों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। कलेक्टर ने अब तक की गई धान खरीदी की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अंतर्राज्यीय चेक पोस्टों पर विशेष निगरानी रखने, सघन जांच करने तथा अवैध धान परिवहन पर हर स्तर पर कड़ी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी धान खरीदी से संबंधित केंद्र प्रभारी या कर्मचारी अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने धान खरीदी से सबंधित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को सक्रियता एवं मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न कार्यों की जानकारी ली।

कलेक्टर ने कहा कि मनरेगा ग्रामीणों के लिए रोजगार का सबसे बड़ा आधार है, इसलिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में चिन्हित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी गंभीरतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वाहन करें। उन्होने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत लक्ष्यात्मक आवास को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में आवासों की प्रगति धीमी है, वहाँ नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीएम जनमन अंतर्गत स्वीकृत आवासों को भी समयबद्ध तरीके से पूरा करने को कहा ताकि लाभार्थी सुरक्षित एवं बेहतर आवासीय सुविधा का लाभ शीघ्र प्राप्त कर सकें। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सामुदायिक, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास शहरी के लंबित आवासों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों के आवास अभी तक अपूर्ण हैं, उन्हें प्राथमिकता में रखते हुए पूरा कराए। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को आवास पूरी करने के लिए प्रेरित करें। स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने एएनसी पंजीयन के संबंध में गर्भवती महिलाओं की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, वयवंदन कार्ड के संबंध में जानकारी लेते हुए प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नल जल योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए प्राथमिकता से पूर्ण करने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी जल प्रदाय योजनाएँ निर्धारित समय पर संचालित हों ताकि लोगों को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल मिल सके। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग अंतर्गत पशुओं के टीकाकरण को जानकारी ली। उन्होंने निर्धारित रूट चार्ट अनुसार मोबाइल वेटनरी यूनिट को संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नामांतरण, सीमांकन, डायवर्सन सहित राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने को कहा। कलेक्टर ने कोषालयीन प्रकरणों की भी जानकारी ली।

बिना अनुमति निर्माण पर नगर पालिका सख्त, प्राचार्य को कोर्ट अवमानना की चेतावनी

जेएन कॉलेज-नगर पालिका विवाद गहराया 3 दिन में दस्तावेज नहीं दिए तो होगी कार्रवाई

सक्ती/नवप्रदेश। सक्ती के जेएन कॉलेज में नगर पालिका और महाविद्यालय प्रबंधन के बीच जमीन और निर्माण को लेकर चल रहा विवाद अब गंभीर होता दिख रहा है। नगर पालिका परिषद ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि कॉलेज प्रबंधन और प्राचार्य ने तीन दिनों के भीतर अपने निर्माण संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए, तो उनके खिलाफ उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना यानी Contempt of Court की कार्रवाई की जा सकती है।

क्या है पूरा मामला?

नगर पालिका ने बताया कि जेएन कॉलेज परिसर के पश्चिमी हिस्से में बिना अनुमति रोड और कवर निर्माण किया गया है। इसके अलावा, 17 नवंबर 2025 को नगर पालिका के अधीन आने वाले खेल परिसर में भी बिना अनुमति निर्माण कार्य जारी पाया गया। नगर पालिका का कहना है कि उन्होंने उसी दिन काम रोकने का निर्देश दिया था, लेकिन निर्माण फिर भी जारी रहा।

अदालत का पहले से आदेश: पुराने विवाद पर पहले महाविद्यालय प्रबंधन ने बिलासपुर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। 16 जून 2023 को हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को यथास्थिति बनाए रखने और एक-दूसरे का सहयोग करने का निर्देश दिया था। नगर पालिका का आरोप है कि कॉलेज ने इस आदेश का पालन नहीं किया और बिना अनुमति निर्माण जारी रखा, जिससे अदालत के आदेश की अवहेलना का मामला बन सकता है।

आगे क्या?

दस्तावेज समय पर न देने की स्थिति में प्राचार्य पर अदालत की अवहेलना का गंभीर आरोप लग सकता है। इससे विवाद और भी गहरा सकता है और कॉलेज प्रबंधन पर कानूनी दबाव बढ़ सकता है।

नपा की चेतावनी

नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि कॉलेज से लगी जमीन हमेशा से खेल गतिविधियों के लिए उपयोग होती रही है। लेकिन प्रबंधन द्वारा बिना अनुमति निर्माण करवाना न सिर्फ नियम विरुद्ध है, बल्कि कोर्ट आदेश का भी उल्लंघन है। नगर पालिका ने प्राचार्य को अंतिम नोटिस जारी करते हुए 3 दिनों में सभी वैधानिक दस्तावेज जमा करने को कहा है। यदि दस्तावेज नहीं दिए गए या जवाब संतोषजनक नहीं रहा, तो नगर पालिका [illegible] की कार्रवाइयों के तहत कठोर कदम उठाने की तैयारी में है।

स्वर्ण पदक विजेता निहारिका नाग को कलेक्टर ने दी बधाई

राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर पहला स्थान प्राप्त कर किया जिले के नाम रौशन

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले की प्रतिभाशाली छात्रा निहारिका नाग ने राष्ट्रीय मंच पर स्वर्ण पदक जीत कर बलरामपुर-रामानुजगंज जिले का नाम गौरवान्वित किया है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शंकरगढ़ की छात्रा ने मिट्टी कला में अपनी अनूठी दक्षता से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता और राष्ट्रीय सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कला उत्सव उद्भव-2025 में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने आज निहारिका नाग से सौजन्य भेंट कर सम्मानित किया और उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर ने निहारिका की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि जिले के बच्चों में अपार प्रतिभा है, जिन्हें उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर वे किसी भी मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

उन्होंने निहारिका के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों को भी बधाई दी। गौरतलब है कि निहारिका नाग ने अपनी सूक्ष्म कलात्मकता, रचनात्मकता और पारंपरिक मिट्टी कला में हमेशा से ही मेहनती, जिज्ञासु और कला के प्रति समर्पित रही हैं और राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक पाना उनके कठिन परिश्रम और प्रतिभा का परिणाम है।

खरीदी केंद्रों में मानक से अधिक तौलाई किसानों को हो रहा नुकसान

एमसीबी/चैनपुर/नवप्रदेश। जिले के चैनपुर धान खरीदी केंद्र में निर्धारित मानक से अधिक धान तौल कर लिया जा रहा हैं। किसानों ने बताया कि प्रति बोरी 40 किलो 500 ग्राम (बारदाना सहित) वजन तय है, लेकिन केंद्र में 700 से 800 ग्राम तक धान की तौलाई की जा रही है, जिससे किसानों को अनावश्यक नुकसान उठाना पड़ रहा है। धान भरने, सिलाई और तौल की पूरी प्रक्रिया किसानों द्वारा स्वयं कराई जा रही है। समीति के द्वारा काटे में तौल देखने आदमी लगाया गया है। किसान जगदीश बोरीडांड नें बताया 98 बोरी धान हमने दिया है प्रति बोरी 41 किलो ग्राम भर्ती है जो समिति वालो नें बताया है बोरा भरने, सिलने, तौलने का काम हम अपने 4 लेबर से करवा रहे है जिन्हे 300 रु मजदूरी देंगे।

किसान देवशरण नारायणपुर नें बताया 46 क्विंटल 40 किलो धान हमने दिया है प्रति बोरी 40 किलो 800 ग्राम भर्ती है बोरा भरने, सिलने, तौलने का काम हम अपने से कर रहे है जैसा समिती वालो नें बताया है वैसा कर रहे है। सीरिया खो के किसान रमेश सिँह नें बताया 155 बोरी 62 क्विंटल धान हमने दिया है प्रति बोरी 40 किलो 800 ग्राम धान भर्ती दिया है समिती वाले नें बताया है बोरा भरने, सिलने, तौलने का काम हम अपने से कर रहे है। आशीष नामदेव सहायक नोडल धान खरीदी नें बताया 40 किलो और बोरे का वजन लेना है ज्यादा ले रहे है तो देखता हूँ फर्स्ट टाइम था वहाँ पर अभी तो चला आया हूँ। बजरंग राम पैकरा सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाए नें बताया 40 किलो और बोरे का वजन लेना 40 किलो 600-700 झड़ती के नाम पर लेते है सुकती के नाम पर,, हमने कहा है 600-700 लेने के लिए।

जनदर्शन में कलेक्टर ने लोगों की सुनी समस्याएं

बलरामपुर/नवप्रदेश। संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक पश्चात् जनदर्शन का आयोजन किया गया। आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं आम नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने आमजनों से प्राप्त शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

दातुन कर रहे व्यक्ति पर भालू ने किया हमला, हालत गंभीर

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। मंगलवार सुबह करीब 6 बजे मनेन्द्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 17 भगत सिंह वार्ड में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब आंगन में दातुन कर रहे एक व्यक्ति पर भालू ने हमला कर दिया। घायल व्यक्ति की पहचान दिलवरण के रूप में हुई है, जो प्रतिदिन की तरह अपने घर के आंगन में दातुन कर रहे थे। इसी दौरान उनके घर के बगल से तीन भालू गुजरे, जिनमें से बड़े भालू ने अचानक वापस लौटकर उन पर हमला कर दिया। हमले में दिलवरण के दाहिने हाथ और बाएं पैर पर गहरे जख्म आए हैं। घटना के बाद उनके पुत्र ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया है। चिकित्सकों के अनुसार घायल की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। वहीं, सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मी अस्पताल पहुँचे और औपचारिकता के तौर पर मात्र एक हजार रुपये की सहायता प्रदान की। स्थानीय निवासियों ने क्षेत्र में लगातार बढ़ते भालुओं की आवाजाही पर चिंता जताई है और वन विभाग से ठोस कार्रवाई की मांग

खरीदी केंद्रों में सूखती के नाम पर 300 से 500 ग्राम अतिरिक्त धान की वसूली

एमसीबी/नवप्रदेश। कठोतिया और चैनपुर धान खरीदी केंद्रों में किसानों से तय मानक से अधिक धान लिए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। बुधवार को हुई पड़ताल में पाया गया कि शासन के निर्देशानुसार किसानों से प्रति बोरी 40 किलो धान और 500 ग्राम बोरे का वजन लिया जाना चाहिए, लेकिन यहां किसानों से 40 किलो 700-800 और 41 किलो ग्राम तक धान तौला जा रहा है। यानी प्रति बोरी 500-600 ग्राम तक अतिरिक्त धान सूखती के नाम पर लिया जा रहा है। स्थानीय किसानों का कहना है कि केंद्रों पर प्रतिदिन किसानों से कई क्विंटल धान अतिरिक्त लिया जा रहा है। समिति प्रबंधन ने भी कहीं स्पष्ट रूप से यह उल्लेख नहीं किया है कि किसान प्रति बोरी कितना धान तौलें। किसानों का आरोप है कि धान पलटने, तोलने और धुलाई जैसी किसी भी सुविधा का लाभ उन्हें नहीं दिया जा रहा, ऊपर से हर साल इसी तरह अतिरिक्त धान वसूला जाता है। कठोतिया केंद्र में किसान सम्पत राम, निवासी शंकरगढ़ ने बताया– 'मैं 149 बोरी धान लाया हूँ। प्रति बोरी 40 किलो 700-800 ग्राम तौल दिया गया। मानक 40 किलो 500 ग्राम होना चाहिए, लेकिन प्रति बोरी 300 ग्राम अधिक धान सूखती के नाम पर लिया गया। कुल मिलाकर 44.700 ग्राम अतिरिक्त धान लिया गया है।' चैनपुर केंद्र में किसान राजेश कुमार जायसवाल, निवासी भलोर ने बताया '75 क्विंटल धान लाया हूँ। यहां भी 40 किलो 700-800 ग्राम तौला जा रहा है। बोरी भरने और सिलाई के लिए 4 लेबर लगाने पड़े, जिनकी मजदूरी 500 रुपये प्रति लेबर देनी पड़ती है। गणेश सिंह खरीदी प्रभारी नें बताया 3350 क्विंटल अभी तक धान खरीदी हो चुकी है भरने सिलने के लिए कुछ हमारे लेबर है कुछ किसानो के लेबर से हेल्प ले लेते है।

अधिकारियों ने क्या कहा

राजस्व निरीक्षक प्रीतम बेक ने बताया जब हड़ताल चल रही थी तब हम लोग देख रहे थे अभी हटा दिए गए है अभी इसके लीए अधिकारी तहसीलदार विनीत सिंह से बात कर सकते हैं। विनीत सिंह तहसीलदार नें बताया मेरा कोई ड्यूटी नहीं है मैं किसी भी धान खरीदी केंद्र में जा सकता हूँ पहले हमने बाट लिया था उसके लिए हम अधिकारी नहीं है हम सिर्फ मॉनिटरिंग कर रहे है एज ऐ तहसीलदार,, किसानो को कोई समस्या है तो हम मारफिट को बोलेंगे कार्यवाही करो, ' मैं देखता हूँ बोलता हूँ।

खेल

महिला महाविद्यालय सेक्टर 9 भिलाई में ऑल इंडिया ओपन कराते चैंपियनशिप 2025 का आयोजन

कराते खिलाड़ियों ने नेशनल में 16 गोल्ड, 11 सिल्वर व 19 ब्रोंज मेडल जीते

बिलासपुर/नवप्रदेश। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अंतर्गत व छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त संस्था छत्तीसगढ़ फोनिक्स शीतों रियो कराते डू एसोसिएशन के द्वारा 6 व 7 दिसंबर को दो दिवसीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 9 भिलाई में ऑल इंडिया ओपन कराते चैंपियनशिप 2025 का भव्य एवं सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में मेजबान टीम छत्तीसगढ़ सहित उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश,आदि राज्यों के लगभग 650 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें सेको काई बिलासपुर कराते स्कूल के कराते खिलाड़ियों ने काता कुमिते (फाइट) दोनों ही इवेंट में सबसे अधिक कुल 46 मेडल जीतकर परचम लहराया, जिसमें काता इवेंट में कुल 24 एवं कुमिते (फाइट) इवेंट में कुल 22 मेडल जीते इस प्रकार लगभग सभी खिलाड़ियों ने अपने स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर 16 गोल्ड, 11 सिल्वर, 19 ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को सेको काई कराते इंटरनेशनल छत्तीसगढ़ के प्रमुख प्रशिक्षक व छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के कार्यकारिणी अध्यक्ष रेन्शी बी. ब्रह्मया नायडू ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी, तथा सेको काई कराते इंटरनेशनल बिलासपुर के मुख्य प्रशिक्षक व बिलासपुर कराते डू एसोसिएशन के सचिव हरिशंकर साहू ने भी खिलाड़ियों सहित बिलासपुर कराते स्कूल के कराते कोच राजेश सारथी को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। उक्त चैंपियनशिप में भाग लेकर सीनियर कराते खिलाड़ियों ने गोल्ड, सिल्वर ब्रोंज मेडल पर कब्जा किया रिया साहू, आरती साहू, विवेक नेताम, शिवम् साहू, व जय यादव वही सब जूनियर खिलाड़ियों ने भी आर्यव साव, निरंजना एस पिल्लई, दृष्टि कश्यप, साई श्याम तुलन्कर, आयांश झा, धीरज साहू, लक्ष्य पटेल, विहान सिंह, उद्धव शर्मा, समीक्षा सारथी, लक्षिता साहू, आन्या साहू, आरना साहू, ख्याती वर्मा, अयाज खान, दिशा कश्यप, आद्या साहू, सानवी पांडे, कृष्णा बघेल, आरुग किरन, रितु, तन्मय दुबे, मो. युसूफ हसन, जाफर अली, सौम्या साहू, आराध्या साहू, अनुमेहा राज, आराध्या श्रीवास्तव, अनुष्का दत्ता चौधरी, ज़ीनत खान, आदि पांडे सहित अन्य सभी खिलाड़ियों ने भाग लेकर कराते प्रतियोगिता में अपना बेहतर प्रदर्शन दिखाया।

जमा राशि को उनके वास्तविक हकदारों तक पहुंचाने डीईएएफ क्लेम सेटलमेंट कैंप आयोजित

एमसीबी/नवप्रदेश। वर्षों से निष्क्रिय पड़े बैंक खातों और अनक्लेम्ड जमा राशि को उनके वास्तविक हकदारों तक पहुंचाने के लिए वित्तीय सेवा विभाग भारत सरकार के निर्देश पर एलडीएम सेल द्वारा 12 दिसंबर को जनपद पंचायत सभाकक्ष में विशेष डीईएएफ क्लेम सेटलमेंट कैंप आयोजित किया जा रहा है। इस एक दिवसीय शिविर में निष्क्रिय खातों का पुनर्सक्रियण, भूली-बिसरी जमा राशि का निपटान, लंबित दावों का सत्यापन तथा मौके पर त्वरित समाधान उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार की प्राथमिकता डीईएएफ फंड में अटकी पूंजी को सीधे नागरिकों तक पहुंचाना है, और यह कैंप आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एलडीएम सेल ने बैंक ग्राहकों से अपील की है कि वे अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर अपनी जमा राशि पर अधिकार सुनिश्चित करें। कैंप सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। लाभार्थियों को पासबुक, पहचान पत्र और आवश्यक दस्तावेज साथ लाने की सलाह दी गई है।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आमजनों से रूबरू होकर उनकी मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनी और नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शिता के साथ समयबद्ध निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर ने दो हितग्राहियों को दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजनांतर्गत 01-01 लाख रूपए का चेक प्रदान कर लाभान्वित किया। जनदर्शन में ग्राम फुलवारी की दिव्यांग कौशिल्या यादव ने ट्राय सायकल दिलाने, ग्राम मोहतरा तेली के प्रफुल्ल गंधर्व ने नवीन ट्रांसफार्मर लगवाने, ग्राम भटगाव के रामकुमार ने धान के रकबा में सुधार कराने, ग्राम धरमपुरा के छेदीराम साहू ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाने, विनोबा भावे वार्ड मुंगेली के निवासियों ने आगर नदी के किनारे दीवार निर्माण कराने, ग्राम पालचुवा के ग्रामीणों ने हैण्डपम्प की मरम्मत कराने, ग्राम संगवाकापा के भरत साहू ने पीएम आवास, पेंशन और शौचालय योजना का लाभ दिलाने, ग्राम कबराटोला की राधिका गायकवाड़ ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण कराने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जी.एल.यादव, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, डिप्टी कलेक्टर मायानंद सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने बच्चों को आत्मविश्वास और अनुशासन का दिया संदेश

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा प्रधानमंत्री केयर एवं प्रवर्तकता कार्यक्रम से लाभान्वित बालकों का वार्षिक गतिविधि कार्यक्रम अंतर्गत जिला कलेक्टोरेट कार्यालय का भ्रमण कराया । इस अवसर पर कलेक्टर अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जी.एल.यादव सहित अधिकारियों से बच्चों को मुलाकात कराया गया। कलेक्टर ने बच्चों से उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण एवं देखरेख आदि की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को स्नेहिल शुभाशीष देते हुए भविष्य निर्माण एवं अपनी क्षमताओं को सकारात्मक दिशा में उपयोग करने प्रेरित किया। कलेक्टर ने बच्चों को बताया कि कठिन परिस्थितियों को जीतने के लिए आत्मविश्वास, अनुशासन और परिश्रम सबसे महत्वपूर्ण हैं।

गुरू घासीदास जयंती समारोह की तैयारी तेज, क्षेत्रवासियों को विकास संबंधी सौगातों की उम्मीद

सेतगंगा में 18 दिसंबर को सीएम साय का आगमन, तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एक बार फिर 18 दिसम्बर को जिले के विभिन्न इलाको में पहुँचने वाले है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री साय मुंगेली विधानसभा के ग्रामीण अंचल धर्मनगरी सेतगंगा में 18 दिसम्बर को संतशिरोणी बाबा गुरूघासीदास जयंती पर शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय के सेतगंगा आगामी तिथि को कार्यक्रम को मद्देनजर रखते हुये तैयारियो को लेकर कलेक्टर कुंदन कुमार पूरे अमले के साथ कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपेड का निरीक्षण किया। उन्होने निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल की व्यवस्थाओ का विस्तृत जायजा लेते हुये संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने निर्धारित कार्यक्रम स्थल पर मुख्य मंच निर्माण एवं साज सज्जा, सुरक्षा व्यवस्था, आगंतुको का स्वागत, यातायात पार्किंग व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता तथा सुरक्षा के लिए समुचित प्रबंध सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए विस्तृत दिशा निर्देश देकर समस सीमा में कार्यवाही पूर्ण करने के लिए निर्देश दिये।

पूर्व मंत्री एवं विधायक पून्नुलाल मोहले ने भी कार्यक्रम का जायजा लेने 9 दिसम्बर को पहूँचे। श्री मोहले ने इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियो के लेकर आवश्यक निर्देश दिये। सर्वसमाज के पदधिकारियो को इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए लोगो से अपील की। क्षेत्र की जनता में

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर अधिक उत्साहित दिखाई दे रहे है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर लोगो में कयास लगाई जा रही है कि बहुप्रतिक्षित मांग सेतगंगा को तहसील की दर्जा, शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उन्नयन कर सामुदायिक स्वास्थ्य की दर्जा देने एवं नहर की मांग सहित क्षेत्र के सर्वागीण विकास के लिए अनेक सौगात देंगे। इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते, सतनाम मानव कल्याण समिति अध्यक्ष मानिकलाल सोनवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, जनपद पंचायत सदस्य रामकमल सिंह परिहार, गिरीश शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, डॉ. सुरेश केशरवानी, शिवकुमार बंजारे, कुलेश्वर बारमते, सोम वैष्णव, सुखचंद साहू, मनोहर मोहले, जैतराम खांडे, नेमसिंह बोगी बारमते, मनोहर यादव, जय देवांगन, कन्हैया सिंह बैस, दाताराम गबेल, सुरेन्द्र बंजारे, नमक लाल भास्कर, जितेन्द्र धृतलहरे, नारायण शर्मा, अभिषेक जायसवाल, अंचना बंजारा, उमेंद बंजारा, अक्षय देवांगन, अखिल टोंडर, रज्जू श्रीवास, त्रिवेन्द्र जोगवंशी, नरेन्द्र सिंह ठाकुर, राधे टोंडर, अरूण टंडन, लालाराम साहू, शत्रुहन टोंडर, रघुनंदन टोंडर, उमेश गबेल, मनोहर गबेल, राजकुमार यादव, सत्यम साहू, नरेन्द्र जायसवाल, राजेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

सीएम ग्रामीण बस योजना की सेवा शुरू होने से परिवहन का खर्च कम होगा

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का वर्चुअल शुभारंभ महापौर व जिपं अध्यक्ष ने बसों को दिखाई हरी झंडी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को जिले के दुर्गम एवं बस-विहीन मार्गों में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत शुरू हुई बस सेवाओं से हजारों ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार तक पहुंच में सुविधा मिलेगी।

अंबिकापुर बस स्टैंड में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह एवं निगम महापौर मंजूषा भगत ने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तीन रूटों पर बस सेवा का शुभारंभ किया गया है। महापौर मंजूषा भगत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का सीधा लाभ ग्रामीण जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा कि जहां कभी आवागमन का कोई साधन उपलब्ध नहीं था, वहां अब

बस की नियमित पहुंच से लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। महापौर ने मुख्यमंत्री बस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया और कहा कि ग्रामीण परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में यह ऐतिहासिक पहल है। कार्यक्रम के दौरान महापौर मंजूषा भगत के आग्रह पर बस संचालकों ने दिव्यांग जन एवं गर्भवती महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान करने का ऐलान किया है। सरगुजा कलेक्टर विलास भोस्कर ने इसके लिए मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है।

ये रहे उपस्थित

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना की सेवा शुरू होने से परिवहन का खर्च कम होगा। छात्रों की स्कूल,कॉलेज पहुंच आसान होगी और अस्वस्थ व्यक्तियों को समय पर उपचार मिल सकेगा। साथ ही दिव्यांग और गर्भवती महिलाओं को निशुल्क यात्रा सुविधा का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में कलेक्टर विलास भोसकर, एसपी राजेश अग्रवाल, आरटीओ विनय सोनी, पार्षद प्रियंका गुप्ता, श्वेता गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

मुंगेली में ठंड से जनजीवन प्रभावित, अलाव व्यवस्था नदारद

मुंगेली/नवप्रदेश। पिछले कुछ दिनों से बढ़ी ठंड ने कपकपी बढ़ा दी है। सुबह सूर्य निकलने के साथ ही लोग दैनिक कामकाज शुरू कर रहें हैं। दिन व रात में ठंडी हवाएं चल रही है। इन दिनों धूप सुहानें लगने लगी है। शाम होते ही ठंड से बचने लोग गर्म कपड़ो में लिपटे नजर आते हैं। नगर पालिका द्वारा अभी तक ठंड से बचाव के लिए अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। आमतौर पर दिसंबर महीने के तीसरे सप्ताह से ही ठंड जोर पकड़ती है जबकि इस बार पहले सप्ताह में ही इसमें अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया था। आलम यह है कि रात 8 बजे के बाद सड़क वीरान हो जाती है। रात 9:30 बजे के बाद नगर की सड़को पर सन्नाटा पसर रहा है। इक्का-दुक्का लोग ही सड़कों पर नजर आतें हैं, लोग ठंड से बचने का जतन करने लगे हैं, गर्म कपड़ो में लिपटें सुरक्षित होकर लोग बाहर निकल रहें हैं। ठंड से बचने के लिए ऊनी कपड़ों कें साथ ही अलाव का भी सहारा लिया जा रहा है। कई स्थानों पर अलाव का नजारा इन दिनों आम हो गया हैं। ठंड के कारण सड़कों पर मार्निंग वाक करने वालों की कमी नजर आ रही है। पड़ाव चौक, बालानी चौक, गोलबाजार, पुराना बस स्टैण्ड, दाउपारा, नया बस स्टैण्ड में लोग अलाव जलाकर आग सेकने में लगे रहते है। ठंड के चलते इंसान के साथ ही साथ जानवर भी आग को देखकर आग सेकने के लिए अलाव के पास खड़े हो जाते है। गौरतलब है कि हर वर्ष 14 जनवरी के बाद ठण्ड कम हो जाती है किंतु इस बार ठंड फरवरी माह प्रारंभ होने के बाद भी ठंड कम नहीं हो रही है।

बोर्ड परीक्षाओं की समय-सारिणी घोषित, अधूरे कोर्स से छात्र परेशान

मुंगेली/नवप्रदेश। हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी की परीक्षाएं की समय-सारिणी घोषित हो गई। स्कूलों में नही हो पाया कोर्स पूर्ण। बच्चों के पास अब बोर्ड परीक्षाओं के लिए अब लगभग 2 माह का समय बचा हुआ है, जहां बच्चों को कोर्स पूरा करने के साथ ही रिविजन और मॉडल परीक्षाओं की तैयारी भी करनी है। शिक्षक पढ़ाई के अलावा अन्य कार्यो में भी है व्यस्त। इस वर्ष तय समय से एक हफ्ते पहले दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षाएं शुरू कर रहा है। बताया जाता है कि इस साल बारहवीं बोर्ड की परीक्षाएं 20 फरवरी और दसवीं बोर्ड की परीक्षाएं 21 फरवरी से शुरू हो रही हैं। 70 दिनों यानि महज करीब 2 महीने का समय बाकी रहने के चलते अब बच्चों पर कोर्स पूरा करने का दबाव बढ़ गया है। इसके साथ ही बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग अब तक कोई कार्ययोजना नहीं बना पाया है। इन हालातों में इस साल फिर प्रदेश की मेरिट सूची में शामिल होने की जिले की उम्मीद पूरी होती नहीं दिख रही है। स्कूलों में अब भी करीब 40 फीसदी कोर्स अधूरा पड़ा हुआ है। दो महीनों में कोर्स पूरा करने के साथ ही बच्चों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए तैयार करवाने को लेकर शिक्षक जुटे हुए हैं, लेकिन इतने कम समय में कोर्स पूरा किया जा पाना भी संभव होता नहीं दिख रहा है। गौरतलब है कि हर साल शिक्षा विभाग बोर्ड परीक्षा के नतीजों में सुधार लाने के साथ ही राज्य की मेरिट सूची में बच्चों को शामिल करवाने की योजना तैयार करता है, लेकिन इस साल ऐसा कुछ भी होता नहीं दिख रहा है। बताया जाता है कि नई शिक्षा नीति के तहत इस साल दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं के पैटर्न में बदलाव करते हुए नया ब्लूप्रिंट लागू किया गया है। नए ब्लूप्रिंट के मुताबिक हर विषय में 5 बहु-विकल्पीय प्रश्न, 5 अति लघु उत्तरीय प्रश्न शामिल किए जाएंगे। वहीं 11वीं-12वीं में प्रोजेक्ट वर्क को अनिवार्य किया गया है। परीक्षा का पैटर्न 80 व 20 अंकों पर आधारित होगा। इसमें प्रोजेक्ट व प्रैक्टिकल के लिए 20 और सैद्धांतिक परीक्षा के लिए 80 अंक के सवाल पूछे जाएंगे। 1 जनवरी से प्रैक्टिकल व प्रोजेक्ट परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। बोर्ड परीक्षाओं के लिए 70 दिनों का समय बचा हुआ है। शिक्षा विभाग बच्चों की पढ़ाई को लेकर मिशन 90 प्लस के तहत कार्ययोजना पर कार्य कर रही है। कुछ स्कूलों के शिक्षकों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि उनकी ड्यूटी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के बजाय दीगर कार्यों में लगा दी गई है। इसके चलते बच्चों की पढ़ाई खासी प्रभावित हो रही है। न तो बच्चों के कोर्स पूरे हो पा रहे हैं और न ही भविष्य में उनकी तैयारियां ही होती दिख रही है।

पनिका समाज ने की आदिवासी का दर्जा देने की मांग

अंबिकापुर/नवप्रदेश। पनिका समाज को एक बार फिर आदिवासी दर्जा दिलाने की मांग को लेकर युवा पनिका समाज चिरमिरी ने 8 दिसंबर को काला दिवस पर पदयात्रा व ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम आयोजित किया। समाज के युवा संगठन के नेतृत्व में निकाली गई यह पदयात्रा न केवल अधिकारों की मांग का प्रतीक बनी, बल्कि समाज को एकजुट करने और भविष्य की लड़ाई के लिए मजबूत आधार तैयार करने का संदेश भी बनी। युवा पनिका समाज चिरमिरी के अध्यक्ष शंकर प्रसाद राउर के नेतृत्व में हल्दीबाड़ी कालीबाड़ी से शुरू हुई पदयात्रा बड़ा बाजार होते हुए एसडीएम कार्यालय चिरमिरी तक पहुंची, जहां एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

मूकबधिर बच्चों से मिलीं सीएचएमओ, स्वास्थ्य जांच व्यवस्थाओं की ली जानकारी

सक्ती/नवप्रदेश। जिले की लोकप्रिय व सरल-सहज व्यवहार के लिए पहचानी जाने वाली मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचएमओ) डॉ. पूजा अग्रवाल तथा डीपीएम कीर्ति बड़ा ने आज नवजीवन मुखबधिर विद्यालय का भ्रमण किया। इस अवसर पर पत्रकार राहुल अग्रवाल भी उपस्थित रहे। विद्यालय पहुंचकर डॉ. पूजा अग्रवाल ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और बच्चों की मेडिकल व स्वास्थ्य संबंधी स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय की शिक्षिकाओं से बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर चर्चा की। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिका ने जानकारी दी कि

आयुष्मान विभाग के सहयोग से महीने में दो बार डॉक्टरों की टीम विद्यालय पहुंचकर बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करती है, जिसमें डॉ. पूजा अग्रवाल का विशेष मार्गदर्शन और सहयोग रहता है। डॉ. पूजा अग्रवाल ने इस व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि, 'विशेष बच्चों का निरंतर स्वास्थ्य परीक्षण होना बेहद जरूरी है और इसके लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।' उन्होंने बच्चों को फल वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर ओनिला, संचालिका सिस्टर लिली पी.सी., विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। विद्यालय के बच्चों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डॉ. पूजा अग्रवाल का सम्मानपूर्वक स्वागत किया।

सरस्वती शिशु मंदिर ने किया सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। विद्या भारती, अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के निर्देशानुसार सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेण्डाराकॉपा के तत्वावधान में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन पण्डरभट्ठा ग्राम में किया गया जिसकी अध्यक्षता पूर्णिमा शुक्ला, मुख्य अतिथि प्रिया शुक्ला, विशिष्ट अतिथि पूजा साहू द्वारा की गयी। उपरोक्त कार्यक्रम में 74 माताओं की उपस्थिति रही। अतिथियों के

द्वारा कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, भारत के विकास में महिलाओं का योगदान, स्व का बोध, नागरिक कर्तव्य विषयों पर व्याख्यान दिया गया। नैतिक सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक विषयों पर प्रकाश डाला गया। आज भैया/बहिनों को मोबाईल से अत्यधिक हानि हो रही है।

ऑपरेटिव बैंक खातों को सक्रिय करने सक्ती में शिविर 12 को

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार जिले में इनऑपरेटिव एवं डीफ सरकारी बैंक खातों को पुनः सक्रिय करने हेतु 12 दिसंबर 2025 को सुबह 10:30 बजे से स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सक्ती में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

कलेक्टर द्वारा शिविर में ऐसे खाताधारक और शासकीय विभाग, कार्यालय व अधीनस्थ संस्थाओ से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है, जिनके बैंक खाते लंबे समय से निष्क्रिय हैं।

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

सूचना

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इंण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर
निविदा आमंत्रण तिथि - 05.12.2025
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग- स.क्र. 1,2 पत्थलगांव, स.क्र. 3 अम्बिकापुर, स.क्र. 4 जशपुर एवं स.क्र. 5 रामानुजगंज संभाग
03. स.क्र. 1 से 5 - 'द' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि 29.12.2025

सरल क्र.	एन.आई.टी. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3	4
1	216	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 1 पत्थलगांव अंतर्गत बजट मद में स्वीकृत विभिन्न राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्ग एवं ग्रामीण मार्गों में रोड फर्नीचर का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	68.34
2	217	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 2 पत्थलगांव अंतर्गत बजट मद में स्वीकृत विभिन्न ग्रामीण मार्गों में रोड फर्नीचर का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	60.86
3	218	जिला सरगुजा के प्रतापगढ़ गेरसा केरजू मार्ग लंबाई 39.40 कि.मी. (वास्तविक लंबाई 32.00 कि.मी.) पुल पुलिया सहित में आर एस का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	71.39
4	219	सी.आर.एफ. के अंतर्गत बतौली से बगीचा मार्ग कि.मी. 5 से 6. चराईडांड से बगीचा मार्ग कि.मी. 22 से 29/4, कि.मी. 30 से 31/6, 41 से 43, कि.मी. 45, कि.मी. 52 से 53 एवं कुनकुरी-तपकरा-लवाकेरा मार्ग कि.मी. 22 से 24/6 एवं कि.मी. 43 से 44/4 = 21.00 कि.मी. में रोड फर्नीचर एवं रोड मार्किंग का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	97.58
5	220	लोक निर्माण विभाग संभाग रामानुजगंज अंतर्गत निम्नलिखित मार्गों में आर एफ का कार्य। (1) रामानुजगंज रिंगरोड लंबाई 6.60 कि.मी. (2) कामेश्वरनगर रामचंद्रपुर लुरगी मार्ग लंबाई 34 से 43 = 10.00 कि.मी. (3) लरंगसाय चौक से रिंग रोड पावर हाउस से जयस्तंभ चौक, भारतमाता चौक से रेस्ट हाउस एवं जयस्तंभ चौक लंबाई 5.825 कि.मी. (4) महाराजगंज से पचावल रोड जिला बलरामपुर रामानुजगंज (प्रथम आमंत्रण)	81.57

जी-252605330/5

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग अम्बिकापुर मण्डल, अम्बिकापुर

लोकार्पण

करोड़ों के विकास कार्यों का केबिनेट मंत्री अग्रवाल ने किया भूमिपूजन व लोकार्पण

क्षेत्र के विकास में नहीं होगी धन की कमी: राजेश अग्रवाल

लखनपुर/नवप्रदेश। कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन राजेश अग्रवाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र लखनपुर एवं उदयपुर में करोड़ों रुपए लागत से तैयार होने वाले महत्वपूर्ण विकास कार्य परियोजनाओ का भूमि पूजन और लोकार्पण किए। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि 'क्षेत्र के विकास में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। विकास कार्यों में तेजी लाई जा रही है और हर जरूरी परियोजनाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा कराने प्रदेश सरकार संकल्पित है। इस कड़ी में केबिनेट

मंत्री ने ब्लाक लखनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिनकरा में सरस्वती शिशु मंदिर भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। मंत्री अग्रवाल ने अपने निधि से 20 लाख रुपए की राशि भवन निर्माण हेतु प्रदान किए। सबसे अहम बात रही कि गांव के भाजपा कार्यकर्ता पसिंदर राजवाड़े उनके परिवार वालों ने स्कूल भवन निर्माण के लिए तकरीबन 50 डिसमिल भूमि का दान किया जिसकी सभी ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और स्वयं केबिनेटमंत्री ने दिल के गहराई से तारीफ़ किया। ग्रामीणों ने इसे गांव एवं बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए ऐतिहासिक योगदान बताया। ग्राम पंचायत गुमगरा खुर्द में बनकर तैयार हो चुके प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का फिता काटकर लोकार्पण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के पूरे स्टाफ को ताकिद करते हुए कहा- क्षेत्र के जरूरत मंद ग्रामीणो को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी न हो, खासतौर पर रात्रिकालीन सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
क्र.सं. (1) ई-निविदा संख्या:- सीपीएम-इंजी-जीएसयू-बीएसपी-10-25-26, दिनांक: 05.12.2025
कार्य: "दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर डिवीजन के अधीन, उप मुख्य अभियंता/जीएसयू/बीएसपी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत गैर-एलसी स्थान मरही माता मंदिर में किमी 796/7-11 पर एलएचएस (आकार 6 मीटर x 3 मीटर और बैरल लंबाई 30 मीटर) का निर्माण।"
निविदा मूल्य (रू.): 13,98,09,725.55/-, अमानत राशि (रू.): 8,49,100.00/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 18 माह।
निविदा जमा करने की आरंभ तिथि: दिनांक 12.12.2025 से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: दिनांक 26.12.2025 के 15:30 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।
सहायक मंडल अभियंता (गतिशक्ति)
सीपीआरओ/10/525 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

प्री-इक्लेम्पसिया, इक्लेम्पसिया और माइक्रोबायोटा की अंतरराष्ट्रीय मंच पर चर्चा

सिम्स के विशेषज्ञों का विश्व पुनर्जीवन सम्मेलन-2025 में शोध, डीन डॉक्टर रमणेश मूर्ति व डॉक्टर मधुमिता मूर्ति ने शोध किए प्रस्तुत

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शोध क्षमता का परचम लहराया है। मिनाक्षी मिशन मेडिकल कॉलेज, मदुरई (तमिलनाडु) में 4 से 7 दिसंबर तक आयोजित वर्ल्ड रिज्यूस्किटेशन कांग्रेस - 2025 में सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति, प्रदेश के वरिष्ठ माइक्रोबायोलॉजिस्ट तथा एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति ने महत्वपूर्ण शोध प्रस्तुत किए। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन 40 देशों के 4000 शोधकर्ताओं एवं वरिष्ठ चिकित्सकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

प्रि-इक्लेम्पसिया व इ क्लेम्पसिया पर सिम्स का शोध चर्चा का केंद्र रहा। गर्भवती महिलाओं में होने वाली जानलेवा स्थिति प्रि-एक्लेम्पसिया विश्वभर में मातृ मृत्यु का प्रमुख कारण है। इसमें उच्च रक्तचाप, प्रोटीन यूरिया और भ्रूण के विकास में बाधा देखी जाती है। यह स्थिति प्रत्येक 10 गर्भवती महिलाओं में से लगभग 1 में पाई जाती है। यदि झटके (सीजर्स) आने लगें, तो यह इक्लेम्पसिया कहलाती है। वर्ष 2025 में नवंबर तक सिम्स के एनेस्थीसिया आईसीयू में 66 गंभीर प्रि-इक्लेम्पसिया व इक्लेम्पसिया मरीज भर्ती हुए। कई को वेंटिलेटर सपोर्ट की आवश्यकता पड़ी। इसके बावजूद 95% महिलाएँ पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौटीं। डॉ. मधुमिता मूर्ति ने बताया कि समय पर निफेडिपीने, लाबेटालोल, नियंत्रित मॉनिटरिंग और आवश्यकतानुसार मैग्नीशियम सल्फेट देने से मरीजों में जटिलताओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया गया। विभागाध्यक्ष एनेस्थीसिया, सिम्स डॉ. मधुमिता मूर्ति ने कहा कि प्रि-इक्लेम्पसिया व इ क्लेम्पसिया ऐसी स्थितियां हैं जिनमें समय पर उपचार जीवन बचा सकता है। सिम्स की टीम ने आधुनिक मॉनिटरिंग और प्रोटोकॉल आधारित उपचार से उत्कृष्ट सफलता दर प्राप्त की है।

सिम्स के शोध को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिली सराहना

अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति और वरिष्ठ माइक्रोबायोलॉजिस्ट द्वारा प्रस्तुत शोध ओ माइक्रोब्योटा एण्ड रेशुसिएशन आउटमेन एन ओवरव्यू ओ सम्मेलन का मुख्य आकर्षण रहा, जिसे 40 देशों के विशेषज्ञों ने सराहा। सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव बढ़ना जिससे ऊतकों को नुकसान हो सकता है। इम्यून सिस्टम की तीव्र प्रतिक्रिया शरीर में अत्यधिक सूजन पैदा करती है। मेटाबोलिक परिवर्तन, ग्लाइकोलाइसिस और फैटी एसिड मेटाबोलिज्म प्रभावित होता है। रक्तचाप व रक्त वाहिकाओं के कार्य पर असर, हृदय संबंधी प्रतिक्रिया कमजोर हो सकती है। शोध के अनुसार, माइक्रोबायोटा को बेहतर संतुलन में रखकर पुनर्जीवन परिणामों में सुधार की संभावना है, हालांकि इस दिशा में और बड़े शोध की जरूरत है। अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि सिम्स गंभीर मरीजों की देखभाल और शोध के क्षेत्र में लगातार नई ऊँचाइयों को छू रहा है। प्रि-एक्लेम्पसिया, इ क्लेम्पसिया और माइक्रोबायोटा जैसे विषय वैश्विक स्वास्थ्य से जुड़े हैं। हमारे शोध को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिलना सिम्स के लिए गौरव का क्षण है।

न्यूज गैलरी

प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी का किया गया भूमिपूजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अवसर दर्ज करते हुए प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जम्बूरी के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन 8 दिसंबर 2025 को दुधली, जिला बालोद में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गजेन्द्र यादव, शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन उपस्थित रहे। भूमि पूजन विधिवत मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। कार्यक्रम में अमर बी. छेत्री, कार्यकारी निदेशक, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली, इन्द्रजीत सिंह खालसा, राज्य मुख्य आयुक्त तथा राज्य सचिव जितेन्द्र कुमार साहू सहित संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, कर्मचारी तथा स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अतिथियों ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के युवा विकास, अनुशासन, सेवा व राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बिलासपुर जिले से स्काउटर देवब्रत मिश्रा, संतोष कुमार त्रिपाठी, भूपेन्द्र शर्मा तथा महेन्द्र बाबू टंडन तथा गाइडर बीना यादव, डॉ. भारती दुबे, लता यादव, कल्पना सिंह, लक्ष्मी बृजवासी एवं निधि कश्यप की विशेष उपस्थिति रही। भूमि पूजन के साथ ही राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जम्बूरी की तैयारियों का औपचारिक शुभारंभ हो गया है।

बिलासपुर संसदीय क्षेत्र में सीसी रोड, सामुदायिक भवन व शेड निर्माण स्वीकृत

तोखन की पहल से ग्रामीण अवसंरचना को मिलेगा नया आयाम, मंडी निधि से 2.27 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत

बिलासपुर/नवप्रदेश। *केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तथा बिलासपुर लोकसभा सांसद तोखन साहू की निरंतर पहल और प्रयासों से बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के जयरामनगर, लोरमी, तखतपुर एवं कोटा मंडी क्षेत्र के विकास हेतु छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा 2.27 करोड़ की लागत से विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। इन निर्माण कार्यों में मुख्य रूप से सीसी रोड, सामुदायिक भवन, पुलिया एवं शेड निर्माण शामिल हैं, जिनका संचालन मंडी निधि / स्थायी निधि के तहत किया जाएगा।*

जयरामनगर मंडी क्षेत्र में मंडी निधि से स्वीकृत निर्माण कार्य- वेदपरसदा- मस्तूरी,जयरामनगर में शेड निर्माण कार्य 14.99 लाख , पंचपेड़ी-मस्तुरी,जयरामनगर में सी.सी. रोड निर्माण कार्य 5.19 लाख , दर्दीघाट -मस्तुरी,जयरामनगर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 15.90 लाख, मस्तुरी,जयरामनगर में सी.सी. रोड निर्माण कार्य 10.38, बनियडीह-मरतुरी,जयरामनगर में सी.सी. रोड निर्माण कार्य 05.19 लाख। अनुमानित लागत : 51.65 लाख से अधिक। **तखतपुर मंडी क्षेत्र में मंडी निधि से स्वीकृत निर्माण कार्य,** पढ़रिया,तखतपुर में सी.सी. रोड निर्माण 10.38 लाख, लिम्ही, तखतपुरमें सी.सी. रोड निर्माण कार्य 5.19 लाख, सिंघनपुरी,तखतपुर में सी.सी. रोड निर्माण 20.76 लाख। अनुमानित लागत : 20.76 लाख **कोटा मंडी क्षेत्र में स्थायी/मंडी निधि से स्वीकृत निर्माण कार्य** तेंदुआ, कोटा में पुलिया निर्माण 10 लाख, रमदेई, कोटा में सामुदायिक भवन,15.90 लाख, नवागांव 3.46 लाख, रिगरिंगा, कोटा में सीसी रोड 100 मी0 5.19 लाख, केन्द्रा, कोटा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 15.90, बिल्लीबंद, कोटा 200 मी0 सीसी में रोड निर्माण कार्य लाख 4.15, रतखण्डी, कोटा में 200 मी0 सीसी रोड निर्माण कार्य 6.92 लाख स्वीकृत किया गया है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण

इस महत्वपूर्ण स्वीकृति पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के गाँवों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण के लिए मंडी निधि से किए जा रहे ये निर्माण कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए बेहतर सड़क एवं सामुदायिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। हमारा संकल्प – विकसित बिलासपुर, विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड सहित सभी संबंधित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

टेंगनमाडा अंडरब्रिज को बंद न करने की विधायक ने की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए टेंगनमाडा अंडरब्रिज को बंद न करने की मांग उठाई है। क्षेत्र भ्रमण पर पहुंचे विधायक को ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे प्रशासन 10 दिसंबर से आगामी 45 दिनों तक अंडरब्रिज को बंद करने जा रहा है, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि टेंगनमाडा अंडरब्रिज कुरुवार, टेंगनमाडा, मिट्ठूनवागांव, सोनपुरी, ढोलमौहा, नागोई, लमरी डबरी, कसईबहरा, नगपुरा, बिटकुली और रिगरीगा सहित करीब 20 गांवों का मुख्य आवागमन मार्ग है। इन गांवों के किसान इसी रास्ते धान खरीदी केंद्र तक पहुंचते हैं। विधायक अटल श्रीवास्तव ने डीआरएम को पत्र लिखकर स्पष्ट किया कि अंडरब्रिज बंद होने से किसानों को 15 से 20 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी। इससे न केवल समय और श्रम की बर्बादी होगी, बल्कि आर्थिक क्षति भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 15 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी जारी है, ऐसे में किसानों के लिए यह मार्ग चालू रहना अत्यंत आवश्यक है। अटल श्रीवास्तव ने आग्रह किया है कि किसानों की जरूरत और धान खरीदी की संवेदनशीलता को देखते हुए टेंगनमाडा अंडरब्रिज को धान खरीदी अवधि तक बंद न किया जाए और आवागमन सामान्य रखा जाए।

4सी एयरपोर्ट, महानगरों तक सीधी उड़ान और सेना के जमीन की वापसी की मांग

■ हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली रवाना

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का प्रतिनिधि मंडल आज उसलापुर रेलवे स्टेशन से हमसफर एक्सप्रेस और दुर्ग जम्मू सुपर फास्ट एक्सप्रेस से रवाना हुआ। प्रतिनिधिमंडल में समिति के अलावा आंध्र समाज निषाद समाज विलास कला मंच बोदरी नगर पंचायत आदि के प्रतिनिधि भी शामिल है। लगातार 6 साल से चल रहे जन आंदोलन से बिलासपुर में एयरपोर्ट तो चालू हो गया है परंतु यह एक छोटा एयरपोर्ट है और पर्याप्त हवाई सुविधा बिलासपुर को उपलब्ध नहीं है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि छत्तीसगढ़ के 14 जिलों और मध्य प्रदेश के तीन जिलों के लिए सर्वाधिक नजदीक एयरपोर्ट बिलासपुर होने के बाद भी इसका विकास नहीं हो पा रहा है। वर्तमान मुहिम में समिति के द्वारा उठाई जा रही तीन प्रमुख भागों में सेना के कब्जे वाली जमीन की अविलंब वापसी और 4सी एयरपोर्ट बनाने के लिए केंद्र सरकार से 300 करोड रुपए का अनुदान प्रमुख है। इसके अलावा बिलासपुर से हैदराबाद कोलकाता मुंबई दिल्ली बैंगलोर महानगरों तक सीधी उड़ान के लिए जो हवाई मार्ग रूट है उन्हें उड़ान योजना में अधिसूचित करके टेंडर करवाने की मांग भी समिति कर रही है।

रनवे 2200 या 1800 मीटर बढ़ाया जाए

गौरतलब है कि उड़ान योजना के माध्यम से हवाई मार्ग अधिसूचित होने पर विभिन्न एयरलाइंस टेंडर के माध्यम से इन मार्गों पर हवाई सेवा देने के लिए आगे आ सकती है। चूंकि बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट बिलासपुर का रनवे वर्तमान में केवल 1500 मीटर लंबा है अतः यहां वही विमान संचालित हो सकते हैं जो 80 सीटर या आसपास हो। वर्तमान में यहां बोइंग और बस जैसे बड़े विमान नहीं उतर सकते। समिति यह भी मांग कर रही है कि 1500 मी का रनवे कम से कम 2200 मी या 1800 मीटर तक बढ़ाया जाए जिससे कि बिलासपुर से उड़ान संचालित करने वाली कंपनियों में इजाफा हो सके। अभी पूरी की पूरी हवाई सुविधा सरकारी कंपनी एलाइंस एयर के भरोसे है जिसके पास पर्याप्त संख्या में विमान नहीं है इसलिए यात्रियों की संख्या अधिक होने के बाद भी उड़ानों में कमी की जा रही है।

परामर्शदात्री समिति की बैठक 12 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 12 दिसम्बर को शाम 5 बजे जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठन एवं जिला स्तर पर विभाग प्रमुख उपस्थित होंगे। साथ ही 11 दिसम्बर तक बैठक में प्रस्तावित एजेण्डा जिला कार्यालय के वित्त शाखा में प्रस्तुत करने हेतु कर्मचारी संगठन को निर्देश दिए गए है।

स्व. उषा देवी भंडारी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट 28 से

■ 11-11 लाख की इनामी राशि देशभर की टीमें होंगी शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में हर वर्ष आयोजित होने वाला प्रतिष्ठित स्वर्गीय उषा देवी भंडारी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट इस वर्ष भी धूमधाम से 28 दिसंबर से 11 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता ईशान 'निक्कू' भंडारी और अमित तिवारी ने बताया कि यह प्रतियोगिता लगातार 13वें वर्ष आयोजित की जा रही है, जिसमें छत्तीसगढ़ के साथ-साथ अन्य राज्यों की टीमें भी भाग लेंगी। आयोजकों ने बताया कि माताजी की स्मृति में इससे पूर्व कबड्डी प्रतियोगिता भी कराई जा चुकी है। शहरवासियों के प्रेम और समर्थन से यह रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट हर वर्ष और भव्य स्वरूप लेता जा रहा है। खिलाड़ियों और दर्शकों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने की दिशा में समिति विशेष ध्यान देती है। दूर-दराज से आने वाली टीमों के ठहरने सहित अन्य व्यवस्थाएं भी समिति द्वारा ही की जाएंगी।इस वर्ष प्रतियोगिता की इनामी राशि 11 लाख 11 हजार 111 रुपए एवं चमचमाती ट्रॉफी रखी गई है, जो लाइट वेट टेनिस बॉल क्रिकेट में देश की सबसे बड़ी इनामी राशि मानी जा रही है। पूरा टूर्नामेंट लाइव प्रसारण के माध्यम से दर्शकों तक पहुँचाया जाएगा। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट फील्डर सहित कई विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे। कार्यक्रम में भव्य आतिशबाजी और शानदार दुधिया रोशनी इसका मुख्य आकर्षण रहेंगी। फाइनल मुकाबले में विशेष आतिशबाजी शो आयोजित होगा। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों के लिए 40 हजार रुपए एंट्री फीस निर्धारित की गई है।

शादी से पहले बीमारी छिपाना क्रूरता, हाईकोर्ट ने की पत्नी की अपील खारिज

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट में एकअजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहाँ कोर्ट ने पति को तलाक की मंजूरी दे दी है। पति ने आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी ने शादी से पहले पिछले 10 साल से माहवारी नहीं आने की बीमारी (पीरियड्स रुकने की समस्या) छिपाई थी। हाईकोर्ट ने इसे मानसिक क्रूरता माना और फैमिली कोर्ट के तलाक के फैसले को सही ठहराया। जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की डिवीजन बेंच ने पत्नी द्वारा दायर की गई अपील को खारिज कर दिया। कबीरधाम निवासी इस दंपती की शादी 5 जून 2015 को हुई थी। पति का कहना था कि शादी के बाद जब पत्नी ने पहली बार माहवारी रुकने की बात बताई, तो डॉक्टर ने जांच के बाद कहा कि यह समस्या बहुत पुरानी है और इससे गर्भधारण में भी गंभीर दिक्कत आ सकती है। पति ने कोर्ट में दावा किया कि यह बात उससे जानबूझकर छिपाई गई। पूछने पर पत्नी ने कथित तौर पर कहा था, 'अगर पहले बता देती तो आप शादी से मना कर देते। कोर्ट ने पाया कि पति-पत्नी साल 2016 से ही अलग रह रहे हैं और उनके रिश्ते में अब सामान्य होने की कोई उम्मीद नहीं बची है। पत्नी अपने स्वास्थ्य की स्थिति को लेकर यह भी साबित नहीं कर पाई कि अब वह पूरी तरह ठीक हो चुकी हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट ने वैवाहिक धोखे के आरोप को सही मानते हुए तलाक के फैसले को बरकरार रखा।

तलाक के बाद पत्नी को मिलेंगे 5 लाख भरण पोषण

कोर्ट ने तलाक को सही ठहराते हुए भी पत्नी की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखा। हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि पति को पत्नी को स्थायी भरण-पोषण के तौर पर पाँच लाख रुपये देने होंगे। पति को यह राशि अगले चार महीने के भीतर जमा करनी होगी।

बस्तर ओलंपिक का संभाग स्तरीय आयोजन आज से

बिलासपुर/नवप्रदेश। बस्तर ओलम्पिक-2025 के संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन 11 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक जगदलपुर में किया जा रहा है। संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक का उदघाटन समारोह 11 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे प्रियदर्शिनी स्टेडियम में होगा। इसमें विशिष्ट अतिथियों के साथ ही स्थानीय सांसद, विधायक तथा आमंत्रित विशिष्ट खिलाड़ी शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे। संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक के आयोजन के लिए जगदलपुर में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा प्रियदर्शिनी स्टेडियम, सिटी ग्राउंड, क्रीड़ा परिसर धरमपुरा एवं खेलो इंडिया परिसर पंडरीपानी में सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। बस्तर संभाग के सभी जिलों के खिलाड़ियों एवं खेल प्रशिक्षकों के ठहरने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में 11 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक आयोजित बस्तर ओलम्पिक स्थानीय युवाओं एवं खेल प्रतिभाओं के लिए एक अच्छा अवसर है।

सुविधा

शीतकालीन में रेल यात्रियों की मांग को ध्यान रखते हुए रेल प्रशासन ने लिया निर्णय

सीएसएमटी-हावड़ा के मध्य 1-1 फेरे के लिए होगा विशेष ट्रेनों का संचालन

बिलासपुर/नवप्रदेश। शीतकालीन में रेल यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा हावड़ा-सीएसएमटी-हावड़ा के मध्य एक-एक फेरे के लिए विशेष ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 02870 हावड़ा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन हावड़ा से दिनांक 11 दिसम्बर गुरुवार को तथा गाड़ी संख्या 02869 सीएसएमटी-हावड़ा स्पेशल ट्रेन सीएसएमटी से दिनांक 13 दिसम्बर 2025 शनिवार को चलेगी । इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग एवं गोंदिया स्टेशनों में दिया गया है। गाड़ी संख्या 02870 हावड़ा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन 11 दिसम्बर गुरुवार को हावड़ा से 13.55 बजे रवाना होगी तथा खड़गपुर आगमन 15.30 बजे, प्रस्थान 15.35 बजे, टाटानगर आगमन 17.23 बजे, प्रस्थान 17.28 बजे,

राऊरकेला आगमन 19.52 बजे, प्रस्थान 20 बजे, झारसुगुड़ा आगमन 22.03 बजे, प्रस्थान 22.05 बजे तथा दूसरे दिन शुक्रवार को बिलासपुर आगमन 01.15 बजे, प्रस्थान 01.25 बजे, रायपुर आगमन 03.15 बजे, प्रस्थान 03.20 बजे, दुर्ग आगमन 04.15 बजे, प्रस्थान 04.20 बजे, गोंदिया आगमन 06.05 बजे, प्रस्थान 06.10 बजे, नागपुर आगमन 08.10 बजे, प्रस्थान 08.20 बजे, बडनेरा आगमन 11.10 बजे, प्रस्थान 11.15 बजे, अकोला आगमन 12.10 बजे, प्रस्थान 12.15 बजे, भुसावल आगमन 14.50 बजे, प्रस्थान 14.55 बजे, नासिक रोड आगमन 18.30 बजे, प्रस्थान 18.35 बजे, कल्याण आगमन 22.05 बजे, प्रस्थान 22.10 बजे होते हुये 23.45 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 02869 सीएसएमटी-हावड़ा स्पेशल ट्रेन सीएसएमटी से 13 दिसम्बर शनिवार को सीएसएमटी से 11.05 बजे रवाना होगी तथा कल्याण आगमन 12.10 बजे, प्रस्थान 12.15 बजे, नासिक रोड आगमन 15.15 बजे, प्रस्थान 15.20 बजे, भुसावल आगमन 18.50 बजे, प्रस्थान 18.55 बजे, अकोला आगमन 21.00 बजे, प्रस्थान 21.05 बजे, बडनेरा आगमन 22.55 बजे, प्रस्थान 23.00 बजे दूसरे दिन रविवार को नागपुर आगमन 01.25 बजे, प्रस्थान 01.30 बजे, गोंदिया आगमन 03.25 बजे, प्रस्थान 03.30 बजे, दुर्ग आगमन 05.05 बजे, प्रस्थान 05.10 बजे, रायपुर आगमन 05.43 बजे, प्रस्थान 05.48 बजे, बिलासपुर आगमन 07.40 बजे, प्रस्थान 07.45 बजे, झारसुगुड़ा आगमन 11.20, प्रस्थान 11.25 बजे, राऊरकेला आगमन 12.50 बजे, प्रस्थान 13.00 बजे, टाटानगर आगमन 15.50 बजे, प्रस्थान 15.55 बजे, खड़गपुर आगमन 18.10 बजे, प्रस्थान 18.15 बजे होते हुये 20.55 बजे हावड़ा पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 01 एसएलआरडी, 04 सामान्य, 06 स्लीपर, 02 एसी-थ्री टियर इकोनामी, 05 एसी-थ्री टियर , 02 एसी-टू टियर तथा 01 जनरेटर कार की सुविधा उपलब्ध रहेगी ।

न्यूज गैलरी

16 साल से कम उम्र के लिए सोशल मीडिया बैन, पीएम ने कहा-बच्चों को मिलेगा 'बचपन'

कैनबरा। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया का 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर दुनिया का पहला बैन यह सुनिश्चित करेगा कि बच्चों को उनका बचपन मिले। अल्बनीज ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के राज्यों और स्थानीय नेताओं को सोशल मीडिया बैन पर उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया, जो बुधवार से लागू होगा। उन्होंने यह भी माना कि इस सुधार के लिए शॉर्ट टर्म में कुछ एडजस्टमेंट की जरूरत होगी।उन्होंने कहा, यह वह सांस्कृतिक बदलाव है जिसकी ऑस्ट्रेलिया को माता-पिता को ज्यादा मानसिक शांति देने और यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरत है कि ऑस्ट्रेलियाई बच्चों का बचपन सुरक्षित रहे। नवंबर 2024 में फेडरल पार्लियामेंट में पास हुए कानूनों के तहत, कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को 16 साल से कम उम्र के बच्चों को अकाउंट बनाने से रोकने के लिए 'उचित कदम' उठाने होंगे।सरकार का कहना है कि इससे सोशल मीडिया के नेगेटिव असर को कम किया जा सकेगा। यह युवाओं को स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने के लिए बढ़ावा देते हैं। साथ ही ऐसा कंटेंट भी दिखाते हैं जो उनकी हेल्थ और विकास को नुकसान पहुंचा सकता है। 2025 की शुरुआत में सरकार द्वारा करवाए गए एक अध्ययन में पाया गया कि 10-15 साल के 96 प्रतिशत बच्चे सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते थे, और उनमें से 10 में से सात हानिकारक कंटेंट के संपर्क में आए थे। इसमें महिलाओं के प्रति नफरत और हिंसक सामग्री के साथ-साथ खाने की बीमारियों और आत्महत्या को बढ़ावा देने वाला कंटेंट भी शामिल था।

अब तक 10 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को बैन लागू करने का निर्देश दिया गया है, जिसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, थ्रेड्स, टिकटॉक, ट्विच, एक्स, यूट्यूब, किक और रेडिट शामिल हैं। जरूरत पड़ने पर अधिकारी इस लिस्ट को अपडेट कर सकते हैं।

वॉशिंगटन गोलीकांड के बाद ट्रंप प्रशासन सख्त, इस साल अमेरिका ने रद्द किए 85 हजार वीजा

वॉशिंगटन । वॉशिंगटन में गोलीकांड के बाद अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने इस साल कई कैटेगरी में 85,000 वीज़ा रद्द कर दिए हैं। एक सीनियर स्टेट डिपार्टमेंट अधिकारी ने बताया कि को अमेरिकी समुदायों की सुरक्षा और जन सुरक्षा मानकों को लागू करने के लिए यह कदम उठाया गया है। विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा, हमने सभी कैटेगरी के 85,000 वीजा रद्द कर दिए हैं, जिनमें 8,000 से ज्यादा छात्र शामिल हैं, जो पिछले साल की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा है। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, अमेरिकी लोगों पर हमले, चोरी और अन्य कई अपराधों में बाहरी लोगों की संलिप्तता सामने आने की वजह से वीजा रद्द किए गए हैं।

जापान में 7.5 तीव्रता का भूकंप : सुनामी की चेतावनी; पीएम ने बनाई इमरजेंसी टास्क फोर्स

टोक्यो। जापान में आए 7.5 तीव्रता वाले भूकंप की वजह से 30 लोगों के घायल होने की खबर है। इसकी जानकारी स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को दी। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक भूकंप सोमवार को स्थानीय समय के मुताबिक रात 11ः15 पर आओमोरी प्रीफेक्चर के पूर्वी तट पर आया। भूकंप का केंद्र 54 किलोमीटर नीचे था। सरकार ने इमरजेंसी टास्क फोर्स का गठन कर दिया है। क्योडो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, एजेंसी ने चेतावनी दी कि इस झटके के बाद आने वाले दिनों में उसी इलाके में इसी तरह या उससे भी ज्यादा तीव्रता वाला भूकंप आ सकता है। जापान के प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने प्रभावित इलाकों के लोगों से अगले एक-दो सप्ताह तक स्थानीय अधिकारियों और मौसम एजेंसी से अपडेट के लिए अलर्ट रहने और आने वाले भूकंप के लिए तैयार रहने को कहा है। स्थानीय लोगों को पर्याप्त मात्रा में घर के जरूरी सामान को रखने को कहा गया है।एजेंसी के मुताबिक, भूकंप होक्काइडो और उत्तर-पूर्वी जापान के तटों से लगी एक खाई के पास आया। यह एक ऐसा जोन है जहां पैसिफिक प्लेट के होंशू मुख्य द्वीप के नीचे खिसकने से बड़े भूकंप आ सकते हैं। मौसम विज्ञान एजेंसी ने बाद में भूकंप की तीव्रता को पहले के 7.6 के अनुमान से बदल दिया और झटके के बाद 3 मीटर तक ऊंची सुनामी लहरों की चेतावनी जारी की। इवाते प्रीफेक्चर में सबसे ऊंची सुनामी लहरें 70 सेंटीमीटर तक पहुंच गईं। भूकंप के लगभग साढ़े तीन घंटे बाद, सुनामी की चेतावनी जारी की गई जिसे मंगलवार सुबह 6ः20 में हटा लिया गया। आओमोरी के कुछ हिस्सों में भूकंप की तीव्रता जापान के भूकंपीय तीव्रता स्केल 7 पर 6 से ज्यादा दर्ज की गई।

ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में किसानों और कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मुलाकात की

अमेरिका अब भारत पर लगाने जा रहा है नया टैरिफ अब चावल पर टैरिफ लगा सकते हैं डोनाल्ड ट्रंप

वॉशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से अमेरिका आने वाले चावल पर सख्ती करने के संकेत दिए हैं। ट्रंप ने एक बयान में कहा कि भारत को अपना चावल अमेरिकी बाजार में नहीं खपाना चाहिए। ट्रंप ने कहा कि ऐसा न हो, हम इसका ध्यान रखेंगे। ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में किसानों और कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

इस मुलाकात में अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और कृषि मंत्री ब्रूक रोलिंस भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने किसानों के लिए 12 अरब डॉलर की संघीय मदद देने का भी एलान किया। बैठक में केनेडी राइस मिल के मालिकाना हक वाले परिवार की सदस्य मेरिल केनेडी भी मौजूद रहीं। मेरिल ने कहा कि अमेरिका में विभिन्न देश अपना सस्ता चावल खपा रहे हैं, जिसके चलते देश के किसानों को बहुत संघर्ष करना पड़ रहा है। इस पर ट्रंप ने मेरिल से पूछ कि

कौन से देश अपना चावल अमेरिका में खपा रहे हैं? तो इस पर मेरिल ने कहा 'भारत, थाईलैंड और चीन प्यूर्टो रिको में अपना चावल खपा रहा है। पहले प्यूर्टो रिको, अमेरिकी चावल का सबसे बड़ा बाजार था, लेकिन अब कई वर्षों से हमने अपना चावल प्यूर्टो रिको नहीं भेजा है।' मेरिल ने कहा कि ये पहले कई वर्षों से हो रहा है, लेकिन मौजूदा प्रशासन में ये बड़े पैमाने पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफ काम कर रहे हैं, लेकिन इन्हें बढ़ाकर दोगुना करने की जरूरत है। इसके बाद ट्रंप ने वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से पूछा, मुझे भारत के बारे में बताइए, भारत को अपना चावल अमेरिका में खपाने की इजाजत क्यों मिल रही है? उन्हें टैरिफ देना चाहिए या उन्हें चावलों पर कोई छूट मिली हुई है? इस पर वित्त मंत्री ने कहा 'भारत को कोई छूट नहीं मिली है, लेकिन हमारी अभी भी भारत के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है।'

भारत 2030 तक दुनिया का सबसे बड़ा डेवलपर समुदाय बनने की राह पर अग्रसर : सत्य नडेला

दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला ने बुधवार को कहा कि भारत 2030 तक दुनिया की सबसे बड़ी डेवलपर कम्युनिटी बनने की राह पर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने भारत के बढ़ते टैलेंट और नेक्स्ट-जेनरेशन एआई इनोवेशन में देश की उभरती लीडरशिप पर प्रकाश डाला।माइक्रोसॉफ्ट लीडरशिप कनेक्शन इवेंट में नडेला ने बताया कि नए टूल्स और प्लेटफॉर्म्स किस प्रकार लोगों के सॉफ्टवेयर बनाने, एप्लीकेशन तैयार करने और मल्टी-एजेंट एआई सिस्टम डिजाइन करने के तरीके को बदल रहे हैं।नडेला ने कहा, भारत के पास 2030 तक 57.5 मिलियन डेवलपर्स होने का अनुमान है, जो कि देश को वैश्विक स्तर पर एक सबसे बड़ा डेवलपर बेस बनाएगा।उन्होंने इसे भारत के लिए एआई का इस्तेमाल कर सामाजिक-स्तरीय सॉल्यूशन के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया।उन्होंने कहा कि भारत में मौजूद डेवलपर्स पहले से ही गिटहब, एज्योर और माइक्रोसॉफ्ट के नए एआई प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल ऐसे एडवांस्ड प्रोजेक्ट्स के लिए कर रहे हैं, जो कि पहले लार्ज स्केल रिसर्च लैब्स तक ही सीमित थे।

उन्होंने एआई एप्लीकेशन बनाने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के नए टूल चेन के बारे में जानकारी दी, जिसमें ऐपबिल्डर, कोपायलट स्टूडियो और फाउंड्राई शामिल है। नडेला ने सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के फ्यूचर पर जानकारी देते हुए कहा कि अब फोकस केवल सिंगल एआई मॉडल पर नहीं रह गया है बल्कि एक ऐसे ब्रॉड इकोसिस्टम को तैयार करने पर है, जहां डेवलपर्स अपने लिए एक सही मॉडल को चुन सकें, इसका मूल्यांकन कर सकें और इसे विश्वास के साथ डिप्लॉय कर सकें।नडेला ने कहा, माइक्रोसॉफ्ट इस इकोसिस्टम में एक बड़े स्तर पर निवेश कर रहा है, ताकि डेवलपर्स खासकर भारत में मौजूद डेवलपर्स नेक्स्ट-जेनरेशन एप्लीकेशन को तैयार कर सकें। ऐसे एप्लीकेशन जो व्यवसायों द्वारा पहले से इस्तेमाल किए जा रहे डेटा और सिस्टम के साथ आसानी से जुड़ सकें। इस बीच, वैश्विक टेक दिग्गज ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी अगले चार वर्षों में भारत में 17.5 अरब डॉलर का निवेश करेगी। यह घोषणा नडेला की पीएम मोदी के साथ बैठक के बाद की गई।

खेल, व्यापार, मनोरंजन

एक कैलेंडर वर्ष में 60+ की औसत से सर्वाधिक बार 500+ वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम इस साल का अपना आखिरी वनडे मैच खेल चुकी है। दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली इस साल भारत की ओर से वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 13 मैचों में 65.10 की औसत और 96.15 की स्ट्राइक रेट से 651 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 3 शतक भी अपने नाम किए। इस बीच एक कैलेंडर वर्ष में 60+ की औसत से सर्वाधिक बार 500+ वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

कोहली ने 2025 से पहले 5 सालों में भी ऐसा कारनामा किया था। उन्होंने 2012 में 68.40 की औसत के साथ 1,026 रन बनाए थे। 2016 में कोहली ने 92.37 की औसत के साथ 739 रन बनाए थे। 2017 में उन्होंने 76.84 की औसत से 1,460 रन अपने नाम किए थे। 2018 में उनके बल्ले से 133.55 की औसत से 1,202 रन निकले थे। इसी तरह 2023 में उन्होंने 72.47 की औसत से 1,377 रन बनाए थे।पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 5 सालों में 60+ की औसत से 500+ वनडे रन बनाए थे। पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2009 में 24 पारियों में 70.47 की औसत के साथ 1,198 रन बनाए थे। 2012 में उन्होंने 65.50 की औसत के साथ 524 रन बनाए थे। इसी तरह धोनी ने 2013 में 62.75 की औसत से 753 रन, 2017 में 60.61 की औसत से 788 रन और 2019 में 60.00 की औसत से 600 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी एबी डिविलियर्स भी इस सूची का हिस्सा हैं। उन्होंने 2010 में 16 पारियों में 80.33 की औसत से 964 रन बनाए थे, जिसमें 5 शतक शामिल थे। 2012 में इस पूर्व दिग्गज ने 107.50 की औसत से 12 पारियों में 645 रन बनाए थे। 2014 में इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 73.25 की औसत से 879 रन बनाए थे। 2015 में डिविलियर्स ने 79.53 की औसत से 1,193 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी माइकल बेवन मैच फिनिशर के रूप में सफल साबित हुए थे।

वह भी इस सूची का हिस्सा हैं। 1998 में उन्होंने 68.50 की औसत से 22 पारियों में 959 रन बनाए थे। उन्होंने 1999 में 28 पारियों में 67.78 की औसत से 949 रन बनाए थे, जिसमें 8 अर्धशतक शामिल थे। इसी तरह बेवन ने 2001 में 64.55 की औसत से 581 रन, 2003 में 65.33 की औसत से 784 रन बनाए थे।

अभिनेत्री हेमा पोथाना: रंगों और सपनों की दुनिया में मजबूती से उभरती हुई

सिनेमा की जीवंत दुनिया में एक सितारा उभर कर आया है–निडर, दृढ़निश्चयी और स्व-निर्मित। युवा अभिनेत्री हेमा पोथाना अटूट आत्मविश्वास के साथ, अपने रास्ते की हर बाधा को पार करते हुए, फ़िल्मों में अपना सफ़र जारी रखे हुए हैं। अपनी सुंदरता, प्रतिभा और भावनात्मक गहराई के साथ, वह तेलुगु फ़िल्म उद्योग में एक उज्ज्वल भविष्य गढ़ रही हैं। कम उम्र में ही अपने माता-पिता को खो देने के बावजूद, उन्होंने दुःख को शक्ति में बदल दिया और अपने जीवन को अपने हाथों से आकार दिया। विजयवाड़ा की रहने वाली हेमा अपने व्यक्तित्व के दो विशिष्ट मूल्यों–जिज्ञासा और साहस–को मजबूती से थामे हुए बड़ी हुईं। माता-पिता के निधन से पैदा हुए खालीपन के बावजूद, उन्होंने दुःख के आगे घुटने नहीं टेके। इस दृढ़ निश्चय के साथ–"मैं अपना जीवन खुद बनाऊँगी, वह हैदराबाद आ गईं। इसी साहस ने उन्हें एक महत्वपूर्ण मुकाम दिलायाः 2013 में, उन्हें मिस हैदराबाद का ताज पहनाया गया, जो एक ऐसा मोड़ था जिसने नई शुरुआत के द्वार खोल दिए।सिनेमा के प्रति अपने प्रेम से प्रेरित होकर, हेमा ने टॉलीवुड में कदम रखा और 100% लव, चालाकी, कॉफ़ी बार, राज जैसी फ़िल्मों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लेकिन ज़िंदगी में एक अप्रत्याशित मोड़ आया। एक भयानक सड़क दुर्घटना ने उनकी दुनिया हिलाकर रख दी, जिससे उनकी हालत इतनी गंभीर हो गई कि डॉक्टरों को भी शक था कि वह ठीक हो पाएंगी। लेकिन हेमा ने हार नहीं मानी। वह फिर से उठ खड़ी हुईं, पहले से कहीं ज्यादा मज़बूत। इस दुर्घटना ने उन्हें तोड़ा नहीं; इसने उन्हें और भी ज्यादा दृढ़ निश्चयी बना दिया।अब, हेमा आगामी ग्रामीण विषय पर आधारित फिल्म मैडम में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। भावनात्मक रूप से समृद्ध कहानी और अभिनय की भरपूर संभावनाओं के साथ, वह इस परियोजना के माध्यम से अपने अभिनय कौशल को निखारने और नई ऊँचाइयों तक पहुँचने का लक्ष्य रखती हैं।

विजय दिवस पर बैंकिंग सिस्टम को मिलेगी नई ताकत, आरबीआई ने तैयार किया 45 हजार करोड़ का प्लान

नई दिल्ली। देश के बैंकिंग सिस्टम में जान फूंकने और रुपये को मजबूती देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बड़ी योजना तैयार की है। केंद्रीय बैंक ने बाजार में नकदी का प्रवाह बढ़ाने के लिए 45 हजार करोड़ रुपये (लगभग 5 अरब अमेरिकी डॉलर) के निवेश का खाका खींचा है। इस मेगा प्लान को अंजाम देने के लिए आरबीआई ने 16 दिसंबर की तारीख चुनी है। यह तारीख भारत के लिए ऐतिहासिक महत्व रखती है क्योंकि इसी दिन 1971 में भारत ने पाकिस्तान पर जीत हासिल की थी, जिसे पूरा देश 'विजय दिवस' के रूप में मनाता है। अब इसी दिन आरबीआई वित्तीय मोर्चे पर एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। भारतीय

रिजर्व बैंक द्वारा सोमवार को दी गई जानकारी के अनुसार, 16 दिसंबर को 5 अरब अमेरिकी डॉलर का 'अमेरिकी डॉलर-भारतीय रुपया खरीद/बिक्री अदला-बदली' के लिए नीलामी आयोजित की जाएगी। इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य फाइनेंशियल सिस्टम में अतिरिक्त लिक्विडिटी यानी नकदी डालना है। इस नीलामी के तहत बैंक आरबीआई को डॉलर बेचेंगे और बदले में आरबीआई बैंकों को भारतीय रुपये देगा। इससे बाजार में रुपये की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे बैंकिंग सिस्टम को मजबूती मिलेगी और रुपये को भी सहारा मिलने की उम्मीद है। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया है कि यह एक साधारण विदेशी मुद्रा अदला-बदली प्रक्रिया होगी। इसके तहत आरबीआई 16 दिसंबर को 36 महीने की अवधि के लिए नीलामी करेगा। इस सौदे की शर्त यह होगी कि अदला-बदली की अवधि खत्म होने पर बैंकों को उतनी ही मात्रा में अमेरिकी डॉलर वापस खरीदने होंगे। नीलामी में शामिल होने के लिए न्यूनतम बोली का आकार एक करोड़ अमेरिकी डॉलर रखा गया है, जिसके बाद इसे 10 लाख डॉलर के गुणक में बढ़ाया जा सकता है।

सस्ती पेट्रोल-डीजल गाड़ियों ने बिगाड़ा इलेक्ट्रिक वाहनों का खेल

टाटा-ओला का शेयर गिरा, इस कंपनी ने मारी बाजी

नई दिल्ली। भारत में हाल ही में लागू की गई नई कर व्यवस्था 'जीएसटी 2.0' का ऑटोमोबाइल सेक्टर पर मिला-जुला असर देखने को मिल रहा है। जहां एक तरफ करों में कटौती से पेट्रोल और डीजल गाड़ियों की कीमतों में कमी आई है और वाहन उद्योग को फायदा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ इसका सीधा नुकसान इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार को उठाना पड़ा है। इक्रिस्स सिक्योरिटीज की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर 2025 में भारत के इलेक्ट्रिक वाहन बाजार की रफ्तार धीमी पड़ गई है। जीएसटी कम होने के बाद पेट्रोल-डीजल वाहनों के दाम घटने से ग्राहकों का रुझान वापस पारंपरिक ईंधन वाली गाड़ियों की तरफ बढ़ा है, जिससे ईवी की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट दर्ज की गई है। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि कार सेगमेंट में इलेक्ट्रिक वाहनों को सबसे ज्यादा चुनौती मिली है। हालांकि नवंबर में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 63% बढ़कर 14,700 यूनिट तक पहुंची, लेकिन कुल वाहन बाजार में इसकी हिस्सेदारी 5% से घटकर अब मात्र 3.7% रह गई है। इसका मुख्य कारण यह है कि जीएसटी 2.0 के बाद सस्ती हुई पेट्रोल-डीजल कारों की तरफ खरीदार ज्यादा आकर्षित हुए हैं। ब्रांड्स की बात करें तो टाटा मोटर्स अभी भी 41% हिस्सेदारी के साथ पहले नंबर पर है।

फरहाना भट्ट ने बिग-बॉस-19 को बताया सबसे बड़ा जैकपॉट, कहा- लोग मुझे प्यार और सपोर्ट कर रहे हैं

कलर्स रियलिटी शो बिग-बॉस-19 ग्रैंड फिनाले की ट्रॉफी अभिनेता गौरव खन्ना ने अपने नाम कर ली है और जम्मू कश्मीर के श्रीनगर की रहने वाली फरहाना भट्ट दूसरे नंबर पर रही हैं। शो के दौरान फराहाना को कई मुद्दों पर अपनी राय रखते हुए देखा गया। वहीं, घर के दूसरे कंटेस्टेंट से लड़ाई और अपशब्द कहने पर सलमान से डांट भी पड़ी थी, लेकिन इतनी सारी लड़ाई और एक बार बिग बॉस से निकलने के बावजूद फराहाना दूसरे पायदान पर पहुंचीं। हालांकि, ट्रॉफी उनके नाम नहीं आई। फरहाना ने शो को अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा जैकपॉट बताया।उन्होंने कहा, बिग-बॉस मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा जैकपॉट है। इसने मेरी जिंदगी बदल दी। पहले कश्मीर में मैं एक आम सी लड़की थी, और मुझे कोई भी नहीं जानता था। आज

लाखों लोग मुझे प्यार और सपोर्ट करते हैं। ये आसमान-जमीन का फर्क है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसा होगा।फरहाना ने शो को लेकर भी कुछ बातें कीं। उन्होंने कहा, शो की शुरुआत में लोग मुझे विलेन बना रहे थे और एक वक्त ऐसा आया, जब मुझे खुद लगने लगा कि शायद मैं सच में बुरी हूं, लेकिन जब पता चला कि बाहर लोग मुझे बहुत प्यार और सपोर्ट कर रहे हैं, तो समझ में आया कि हमारी जनता सब देखती है। वो सही-गलत की पहचान करती है।जब ने उनसे पूछा कि वे बाहर निकलने के बाद सबसे पहले क्या करेंगी, इस सवाल का जवाब देते हुए फरहाना ने कहा, सबसे पहले तो मैं अपनी मां के साथ समय बिताऊंगी क्योंकि मैं उन्हें बहुत मिस कर रही हूं। श्रीनगर की रहने वाली फरहाना को भले ही आज कई लोग जानते हैं, लेकिन यहां तक आने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया है। अभिनेत्री ने इम्तियाज अली की फिल्म लैला मजनू में एक छोटा सा रोल किया था।

न्यूज गैलरी

पुलिस ने दौड़ाकर चोर को दबोचा, मिला सोना-चांदी

बिलासपुर /नवप्रदेश। बीती रात 3 बजे रात्रि गश्त पर निकले पुलिस को देखकर एक युवक दौड़कर भागने लगा। पुलिस ने 1 किलो मीटर दूर दौड़ाकर चोर को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर जैकेट के अंदर सोना चांदी के जेवर व नकद रकम मिली। युवक से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने मकान मालिक को उनके घर में चोरी होने की जानकारी दी। पुलिस ने जेवर जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार की रात सिविल लाइन टीआई एसआर साहू, आरक्षक आशीष साहू, सोनू पाल, आशीष वर्मा रात्रि गश्त पर निकले थे। रात 3 बजे वे रिंग रोड टू शांतिनगर में चाकूबाज व वारंटियों की पतासाजी कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक पैदल चलते हुए आया और अचानक पुलिस को देखकर ठेठा डबरी की ओर गलियों से भागने लगा। पुलिस उसके पीछे भागने लगी। 1 किलो मीटर दूर भागने के बाद रास्ते में दीवार आने पर युवक फंस गया। दीवार कूदकर भागने के पहले पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसकी जैकेट के अंदर सवा लाख रुपए के सोना चांदी के जेवर नकद रकम मिले। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम संजय ध्रुव सकरी अटल आवास निवासी होना बताया और नेहरू नगर बिजली आफिस के पीछे देवेन्द्रनगर के एक सूने मकान में चोरी करना बताया।

जिम में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

दुर्ग /नवप्रदेश । दुर्ग के मोहन नगर थाना क्षेत्र में आज सुबह एक जिम में आग लग गई। जिसमें संचालक को लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। मनीष देवांगन के स्टेशन रोड पर सिंधी कॉलोनी फिटनेस सेंटर जिम पर आग लगने से तत्काल सूचना अग्निशमन कार्यालय को सूचना दिया गया, सूचना मिलते ही अग्निशमन के 2 दमकल टीम को मौके पर पहुँचकर तीसरे मंजिल में चढ़कर आग लगे को पानी से नियंत्रण किया। वहीं, आग तीसरे मंजिल में होने के कारण अग्निशमन कर्मियों को आग बुझाने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और आग को अन्य स्थानों पर बढ़ने से रोक लिया गया। जिसमें जिम में रखे लाखों का सामान जलकर राख हो गया है।

ऑनलाइन सट्टा: फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भिलाई /नवप्रदेश । ऑनलाइन सट्टा के अवैध कारोबार में शामिल फरार एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी शंकर नगर दुर्ग निवासी पवन तम्बूले को घेराबंदी कर पकड़ा गया है। इसके पूर्व इसके साथी टीकम बंजारे को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। टीकम का मोबाइल चेक करने पर ही पवन के बारे में पुलिस को सुराग मिला था। उसके बाद से ही पवन फरार चल रहा था। टीकम व पवन दोनों मिलकर क्रिकेट सट्टे का काम करते थे। पवन ने ही आईडी पासवर्ड बनाकर पैसा कमाने की जानकारी टिकम को दी थी। टीकम को इंडिया वर्सेस साउथ अफ्रीका के मैच में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा में आईडी पासवर्ड बनाकर पैसे का दांव लगाते समय पुलिस ने पकड़ा था। उसके बाद से ही पवन फरार चल रहा था।

किसानों को ट्रैक्टर ने मारी ठोकर, एक की मौत

बिलासपुर /नवप्रदेश। रतनपुर ओछिनापारा क्षेत्र में सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। जबकि उनका साथी गंभीर रूप से घायल है। थाना रतनपुर में प्रार्थी रामनरेश राज, निवासी सांधीपारा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पिता शिवकुमार रिश्ते के दादा लोचन सिंह गोंड़ के साथ खेत में फसल कटाई के लिए टीव्हीएस एक्सल सीजी 10 एवी 7834 से ओछिनापारा की ओर जा रहे थे। सुबह करीब 10 बजे जब वे ओव्हरब्रिज के नीचे पहुंचे, तभी नीचे की ओर से आ रहे एक अज्ञात ट्रेक्टर चालक ने लापरवाही, तेज रफ्तार एवं खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में शिवकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए और पीछे बैठे लोचन सिंह गोंड़ को गम्भीर चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तथा घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर ले जाया गया।

रेलवे ने फाटक बंद करने का निर्णय लिया वापस

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे ने जिस रेल फाटक को बंद करने का आदेश जारी किया था, उस फाटक के बंद होने के बाद किसानों को काफी परेशानी हो रही थी। किसानों ने फाटक न बंद करने का अनुरोध रेल अफसरों से किया, जिसके बाद रेलवे ने पुराने आदेश को वापस लेते हुए फाटक बंद करने का निर्णय स्थगित कर दिया है। सभी ग्रामीण क्षेत्रों में धान की कटाई के साथ धान खरीदी का कार्य भी शुरु कर दिया गया है, जो काफी जोर शोर से चल रहा है। बिलासपुर रेल मंडल के क्षेत्र में कई गांव ऐसे हैं जो रेल लाइन के किनारे बसे हुए हैं। इन सभी किसानों का आना-जाना अंडरब्रिज या फिर ओवरब्रिज से ही होता है। ब्रिज के बंद होने के कारण किसान काफी परेशान हो जाते हैं। इसी तरह का आदेश रेल प्रशासन ने कुछ दिन पहले दिया था।

रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय पर सरकार के प्रति क्रेडा ने जताया आभार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ क्रेडाई के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शिष्टाचार मुलाकात कर रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े एक महत्वपूर्ण निर्णय के लिए राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

हाल ही में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण का निर्णय लिया गया है, जिसके चलते राज्य के रियल एस्टेट सेक्टर को बड़ी राहत मिली है। इस फैसले से न केवल संपत्ति खरीद-फरोख्त पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, बल्कि निर्माण एवं निवेश गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। छत्तीसगढ़ क्रेडाई के पदाधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से रियल एस्टेट क्षेत्र गाइडलाइन दरों में आवश्यक सुधार की प्रतीक्षा कर रहा था। बाजार परिस्थितियों के अनुरूप दरें तय न होने से डेवलपर्स और खरीदारों, दोनों पर आर्थिक भार बढ़ रहा था। ऐसे में गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण का यह निर्णय पूरी उद्योग जगत के लिए राहत लेकर आया है। इस प्रतिनिधिमंडल में क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पंकज लाहोटी, चेयरमैन मृणाल गोलेच्छा, सचिव एवं प्रेसीडेंट इलेक्ट अभिषेक बच्छावत सहित विजय नथानी,

रवि फतनानी, संजय बघेल, जी. एस. राजपाल जी, निखिल धगट, सुशील पाटेरिया, अमित अग्रवाल, ऋत्विक नथानी, अक्षय पांडे, संजय रहेजा, सुनील चंद्राकर, शशांक खेतन, अमरदीप गांधी, मनदीप गांधी शामिल थे। सभी ने राज्य सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि इससे रियल एस्टेट कारोबार में पारदर्शिता और सुगमता दोनों आएंगी। इसके साथ ही क्रेडाई ने राज्य के राजस्व एवं वाणिज्यिक कर मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी को विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। संगठन ने कहा कि श्री चौधरी समय-समय पर रियल एस्टेट सेक्टर से संवाद करते रहे और समस्याओं को गहराई से समझते हुए व्यावहारिक निर्णय लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी पहल और तत्परता के कारण ही यह निर्णय प्रभावी रूप से लागू हो सका है।

क्रेडाई ने वाणिज्यिक कर विभाग, महासंचालनालय पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, तथा केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड के सभी सदस्यों का भी आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग और समन्वय से गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण की प्रक्रिया सफल हो पाई। संगठन ने कहा कि विभागों के समन्वित प्रयासों से यह निर्णय संभव हो सका है, जो आने वाले समय में राज्य की अर्थव्यवस्था और रियल एस्टेट उद्योग के लिए सकारात्मक संकेत देगा। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि सरकार इसी तरह उद्योग और जनहित में सहयोगात्मक निर्णय लेती रहेगी जिससे छत्तीसगढ़ का रियल एस्टेट सेक्टर और अधिक मजबूत और विकसित हो सकेगा।

क्रेडाई छत्तीसगढ़ विशेष रूप से निम्न महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया है।

1. नगरीय सीमा में 1400 वर्ग मीटर तक ईकाई सहित भूमि पर आधारित गणना राज्य के शहरों में रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स की व्यावहारिक लागत को देखते हुए 50प्रतिशत तक राहत और नगर पालिकाओं में 37.5प्रतिशत तथा नगर पंचायतों में 25त्न तक नए प्रावधान बड़ी राहत है।

प्रदेशभर में कलम बंद हड़ताल को लेकर फेडरेशन की रणनीति तैयार

मोदी की गारंटी के तहत वादों को पूरा करने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की तरफसे 11 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। प्रथम चरण में 16 जुलाई 2025 को जिला कलेक्टरों के माध्यम से मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया था। 22 अगस्त 2025 को फेडरेशन के नेतृत्व में कलम बंद-काम बंद आंदोलन के तहत सामूहिक अवकाश लेकर जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन किया गया। साथ ही ज्ञापन भी सौंपा गया था।

सरकार की अनदेखी से कर्मचारियों में नाराजगी: प्रदेश संयोजक कमल वर्मा,प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी एवं जी आर चंद्रा ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि फेडरेशन की तरफ से मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को पूरा करने की मांग की जा रही है। इसके लिए आंदोलन के माध्यम से लगातार शासन-प्रशासन से पत्राचार किया जा रहा है। इसके बावजूद अब तक निराकरण के लिए त्वरित कार्यवाही नहीं होने के कारण प्रदेश के कर्मचारी-अधिकारी काफी आक्रोशित हैं।

मंत्रालय में सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ फेडरेशन की बैठक: उन्होंने आगे बताया कि मुख्य सचिव के निर्देश पर मंत्रालय में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव एवं वित्त विभाग के सचिव के साथ फेडरेशन के प्रतिनिधियों के साथ विगत दिनों बैठक हुई थी।जिसमें 11 सूत्रीय मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई है।

जिला एवं ब्लॉक स्तर पर बैठकों का दौर: फेडरेशन की प्रांतीय कोर कमेटी की 19 नवंबर 2025 को हुई बैठक में 29 से 31 दिसंबर तक (तीन दिवसीय) निश्चितकालीन आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है।

संभाग स्तरीय बैठक में बनेगी अंतिम रणनीति: फेडरेशन से 29 से 31 दिसंब तक घोषित हड़ताल को सफल बनाने के लिए संभाग स्तरीय बैठकों का कार्यक्रम जारी कर दिया है। दुर्ग संभाग - 13 दिसंबर,स्थान-दुर्ग,बिलासपुर संभाग -18 दिसंबर,स्थान - बिलासपुर,सरगुजा संभाग -19 दिसंबर स्थान- सूरजपुर, रायपुर संभाग -20 दिसंबर स्थान - रायपुर,बस्तर संभाग 21 दिसंबर स्थान -दंतेवाड़ा । इन बैठकों में फेडरेशन से संबद्ध सभी प्रांत अध्यक्ष/महामंत्री,संभाग के समस्त पदाधिकारीगण, जिला संयोजक/महासचिव शामिल होंगे।

फेडरेशन की प्रमुख मांगों में शामिल हैं

1 केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता) लागू किया जाए।

2 डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए।

3 सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए।

4 लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाए।

5 प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए संपूर्ण सेवा लाभ दिया जाए। पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाए।

फर्जी दस्तावेजों से जारी किया सिम आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अभनपुर। साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों के बीच अभनपुर में फर्जी तरीके से सिम कार्ड जारी करने के बड़े मामले का खुलासा हुआ है। सायबर पुलिस मुख्यालय नया रायपुर से प्राप्त पत्र एवं सूची के आधार पर अभनपुर थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बिना अनुमति के फर्जी दस्तावेज लगाकर सिम जारी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार लगभग 48 फर्जी मोबाइल नंबर जारी किए जाने की पुष्टि की गई है, जिनमें संबंधित व्यक्तियों के दस्तावेजों का बिना अनुमति उपयोग किया गया था। जांच के दौरान जिन मोबाइल नंबरों की जांच की गई, उनमें से 9017067870, 9977486167, 9977801335 सहित अन्य नंबर शामिल थे। दस्तावेज के आधार पर इन नंबरों से जुड़े उपभोक्ताओं पुष्पेन्द्र कुमार साहू पिता गंगदेव साहू ग्राम मोहदी, संदीप कुमार साहू पिता शत्रुहन लाल साहू केन्द्री और संदीप कुमार पिता रोमन लाल साहू भाठापारा बेलर ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उन्होंने कभी भी इन मोबाइल नंबरों का उपयोग नहीं किया, न ही वे इन सिम कार्डों के बारे में जानकारी रखते हैं। पुलिस जांच में पाया गया कि पीओएस आई डी 31581997 SHUBUPTA-7773021727 के नाम से संचालित गुप्ता टेलीकॉम शनि मंदिर के पास, बस स्टैंड अभनपुर द्वारा छलपूर्वक और गलत तरीके से उपभोक्ताओं की पहचान, दस्तावेज और तस्वीरों का उपयोग कर सिम चालू किए गए थे।

मामले में पीओएस संचालक शुभम गुप्ता पिता सुनील गुप्ता उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 07 अभनपुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। उसके विरुद्ध धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। अभनपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने दस्तावेज किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को न दें और किसी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना नजदीकी थाना या साइबर सेल को दें।

किशोरी का शारीरिक शोषण, आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

दुर्ग/नवप्रदेश। किशोरी को बाला फुसलाकर अपने माथ भगाकर ले जाने के बाद उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को कोर्ट ने मजा सुबई है। अपर सह न्यायाधीश चतुर्व एफटीसी अनिष दुबे की कोर्ट ने आरोपी समीर अंसारी उर्फ अरगान को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा के 20 वर्ष सश्रम कारावास 1000 रुपए अर्थदंड और अर्थदंड न दे पाने पर 1 साल के अतिरिक्त सश्रम कारावास, भाग 366 तहत 3 वर्ष सत्रम कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रूप वर्षा किल्लूर ने पैरवी की थी। थाना पुरानी भिलाई निवासी प्राथों ने 10 मई 2024 को थाना में शिकायत दर्ज कराई थी।

शादी का दबाव बनाने पर रची हत्या की साजिश, प्रेमी निकला हत्यारा

दुर्ग/नवप्रदेश । दुर्ग पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ब्लाइंड मर्डर केस को सुलझा लिया। प्रेमिका उर्मिला द्वारा शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने 15 दिनों में हत्या की साजिश रची गई। इसके बाद आरोपी ने उर्मिला को सुनसान जगह पर ले जाकर उसकी हत्या की और शव को जलाने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सेक्टर-6 स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने पत्रवार्ता में बताया कि सोमवार सुबह पुलिस को ग्राम पुरई में नहर के पास खेल मैदान में एक अज्ञात महिला का पैरा से अधजला शव मिला। सूचना पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पाटन उप पुलिस अधीक्षक (क्राइम), एफएसएल टीम डाग स्क्वाड़ एसीसीयू की टीम व थाना प्रभारी दल बल के साथ मौक पर पहुंचे। पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर को चुनौती के रूप में लिया। मामले की जांच के लिए 6 टीमों गठित की गई। पतासाजी के दौरान जानकारी हुई कि सुपेला थाना में 8 दिसंबर को गौतम नगर निवासी उर्मिला निषाद की गुमशदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गुमशुदगी की सूचना देने वाले विजय बांधे से पूछताछ करने पर वह अपना बयान बार-बार बदल रहा था। इस पर उसकी गतिविधियां संदिग्ध नजर आई। आरोपी से कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि वह केटरिंग का काम करता है। गुमशुदा उर्मिला भी उसके साथ पिछले 2-3 वर्ष से केटरिंग का काम कर रही थी। काम के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई। इसके बाद वह शादी के लिए दबाब बनाने लगी, जबकि वह खुद शादीशुदा था।

आईएलएस अस्पताल में डेढ़ वर्ष के बच्चे का जटिल लीवर सर्जरी

रायपुर/नवप्रदेश । आईएलएस अस्पताल ने 1.5 वर्ष के एक बच्चे पर अत्यंत जटिल लीवर सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न करने की घोषणा की है।

प्रारंभिक जांच में बच्चे में एम्ब्रायोनल मेसेन्काइमल हैमार्टोमा, एक अत्यंत दुर्लभ लीवर ट्यूमर, की पुष्टि हुई। मामले को मुख्य सर्जन एवं लीवर ट्यूमर विशेषज्ञ डॉ. अजीत मिश्रा के नेतृत्व में बहु-विशेषज्ञ टीम–डॉ. राकेश (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. अभिनव (एनेस्थेटिस्ट) तथा डॉ. धीरज (सर्जन)–द्वारा संभाला गया। उन्नत लिवर रीसैक्शन तकनीक की मदद से लगभग 1.2 किलोग्राम का ट्यूमर सुरक्षित रूप से निकाला गया और ऑपरेशन के दौरान खून का न्यूनतम नुकसान हुआ।

स्मार्ट मीटर जनता की जेब पर डकैती का सिस्टम है: कांग्रेस

■ गड़बड़ी छुपाने किया गया है मीटर चेक में शुल्क प्रावधान

रायपुर/ नवप्रदेश। भाजपा सरकार पर छत्तीसगढ़ के बिजली उपभोक्ताओं को लूटने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि पिछले 2 साल में यह सरकार चार-चार बार बिजली के दाम बढ़ाए, 400 यूनिट तक छूट को आधी करके 200 यूनिट किया, उसमें भी यह शर्त लगा दिया गया कि खपत 400 यूनिट से अधिक होते ही सारी छूट, राहत, रियायत पूरी तरह खत्म। ऊपर से सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाकर अधिक वसूली कर रहे है।

अधिक मुनाफाखोरी के लालच में यह सरकार अनाप-शनाप बिजली बिल वसूलने के लिए नए नए पैंतरे अपना रही है। हर जगह बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी खपत वास्तविक खपत से अधिक बताई जा रही है, स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर की तुलना में बहुत तेजी से चल रहा है। बिजली उपभोक्ताओं का यह अधिकार है कि अपनी वास्तविक खपत को जान सके। चेक मीटर का प्रावधान पहले से ही था, लेकिन यह सरकार अपनी लूट पर परदेदारी करने के लिए चेक मीटर लगाने और मीटर चेक करवाने उपभोक्ताओं से 1000 और 1500 रुपए शुल्क लेने का प्रावधान कर दिया गया है, यदि मीटर में गड़बड़ी का आरोप उपभोक्ता लगा रहे हैं, तो उसे मुफ्त में चेक किया जाए, किसी भी तरह से अतिरिक्त शुल्क अनुचित है। यह प्रावधान सरकार ने गड़बड़ी छुपाने के लिये किया है। मीटर चेक शुल्क का प्रावधान तत्काल वापस ले सरकार।

स्वदेशी जागरण मंच औ कैट के संयुक्त तत्वावधान में निकली स्वदेशी संकल्प यात्रा

स्वदेशी उत्साह और वोकल फॉर लोकल की भावना से सराबोर हुआ रायपुर

रायपुर /नवप्रदेश । स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में निकली स्वदेशी संकल्प यात्रा ने राजधानी रायपुर को स्वदेशी उत्साह और वोकल फॉर लोकल की भावना से सराबोर हुआ। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मरीन ड्राइव, तेलीबांधा से झंडी दिखाकर यात्रा का भव्य शुभारंभ किया और बाइक रैली के माध्यम से लोगों को स्वदेशी अभियान से जुड़ने की अपील मार्ग भर हुआ अभूतपूर्व स्वागत - पुष्पवर्षा से महक उठा रायपुर यात्रा जैसे-जैसे रायपुर के प्रमुख मार्गों से आगे बढ़ी, जगह-जगह व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों ने अद्भुत उत्साह के साथ फूल बरसाकर स्वागत किया। पूरा शहर वोकल फॉर लोकल और सशक्त स्वदेशी के संदेश से आलोकित हो उठा। हर चौक, व्यापारिक क्षेत्र और बाजार में लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

विशिष्ट अतिथियों की गौरवपूर्ण उपस्थिति - शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ के कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं संस्थागत पदाधिकारियों ने उपस्थिति देकर स्वदेशी आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान की। इनमें प्रमुख रूप से शामिल रहे अरुण साव उपमुख्यमंत्री, मोतीलाल साहू विधायक, रायपुर ग्रामीण, नंद कुमार साहू अध्यक्ष, रायपुर विकास प्राधिकरण,

राजीव अग्रवाल अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन,

केदार गुप्ता अध्यक्ष, अपेक्स बैंक, दीपक महस्के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन,अमरजीत सिंह छाबड़ा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग, सूर्यकांत राठौर सभापति, रायपुर नगर निगम,अमित चिमनानी प्रदेश प्रवक्ता भाजपा छत्तीसगढ़। अन्य जनप्रतिनिधिगण, व्यापारिक संगठन, महिला उद्यमी, युवा व्यापारी एवं बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग। व्यापारियों और नागरिकों ने एकजुट होकर स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का संकल्प लिया और यात्रा के उद्देश्य को जोरदार समर्थन दिया।

रायपुर का यह ऐतिहासिक स्वागत न केवल यात्रा की भव्यता का प्रतीक है, बल्कि यह दर्शाता है कि राजधानी का व्यापारी समाज और जनता स्वदेशी अभियान को पूरे हृदय से अपनाने के लिए तैयार है।

IPLUS Security System
CCTV CAMERA
SALES & SERVICE
मार्केट से प्राइस लेकर आओं और भारी डिस्काउंट पाओं
हमारे यहाँ सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर, एलईडी टीवी, एलईडी मॉनिटर, वीडियों डोर फोन, लैपटॉप, टेलीफोन, बॉयोमेट्रिक और नेटवर्किंग कार्य किये जाते है।
हमारे यहाँ सभी प्रकार सेक्यूरिटी सिस्टम होलसेल और रिटेल पर उपलब्ध है, और यहाँ सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, टीवी, मॉनिटर रिपेयर किये जाते है।
ऑफर- 10,000 में 4 कैमरे और 15,000 में 8 कैमरे का सेटअप। पेपर कटिंग लाने पर ही मान्य होगा।
MR. KAILASH CHANDRAVANSHI (DEV)
Address - शॉप नं. 2 तिवारी कॉम्पलेक्स, टिकरापारा रायपुर, छ.ग.
Email- iplusindia11@gmail.com
MO.- +91 79743-87329

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com